ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित



आशीष विद्यार्थी ने बताई दोबारा शादी... पेज 12 पर

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 08 • विक्रम संवत 2080 • शनिवार, 27 मई 2023 • वर्ष-24 • अंक-113 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

## NEWS इन ब्रीफ

### आचार संहिता उल्लंघन मामले में पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस बरी

**जमशेदपुर।** चाईबासा स्थित एमपी-एमएलए विशेष कोर्ट के जज ऋषि कुमार ने शुक्रवार को पूर्व मंत्री सह आजसू पार्टी के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस को साक्ष्याभाव में बरी कर दिया। 2019 विधान सभा चुनाव के दौरान पूर्व मंत्री पर बिष्टुपुर थाना में आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया था। बरी होने के बाद चाईबासा न्यायालय परिसर के बाहर पश्चिम सिंहभूम जिला आजसू नेताओं ने पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस का स्वागत किया। सहिस ने कहा कि अदालत का सम्मान सभी को करना चाहिए और मैं भी करता हूं।

### डोभा में डूबने से दो सगे भाइयों की मौत

**लोहरदगा।** भंडरा थाना क्षेत्र के मसमानो पंचायत अंतर्गत टोटो गांव में मछली मारने गये दो सगे भाइयों की शुक्रवार सुबह डोभा में डूबने से मौत हो गई। मृतक टोटो गांव निवासी कार्तिक उरांव के दस वर्षीय श्रीनाथ उरांव और आठ वर्षीय श्रीकांत उरांव उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय टोटो का छात्र था। बताया जाता है सुबह 11 बजे खाना खाने के बाद दोनों बच्चे घर से कुछ दूर खेत पर स्थित डोभा पर गांव के अन्य लोगों के साथ सामूहिक रूप से मछली मरने गए थे। मछली मरने के क्रम में वे दोनों कपड़ा खोलकर डोभा के एक छोर में स्नान करने लगे। इस क्रम में डूबने से दोनों की पानी में डूबने से मौत हो गई। मछली मारते हुए कुछ देर बाद लोगों को अहसास हुआ की दोनो बच्चे नहीं दिख रहे हैं। गांव के लोगों ने उनकी तलाश शुरू की। इसी बीच लोगों ने देखा की दोनों पानी में डूबे हुए हैं। पानी से बाहर निकाल कर ग्रामीणो ने दोनो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पंहुचाया गया। डाक्टरों ने दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिजन काफी दुखी हैं।

### रिम्स और सीआईपी के बीच हुआ एमओयू

**रांची।** राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स), रांची और सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ साइकेट्रिक (सीआईपी), रांची के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर शुक्रवार को हस्ताक्षर हुआ। इस एमओयू का उद्देश्य दोनों संस्थानों के चिकित्सकों और कर्मियों के साथ नैदानिक सेवाओं, जनशक्ति प्रशिक्षण और उच्च अनुसंधान के उन्नयन के लिए आपसी सहयोग सुनिश्चित करना है। रिम्स के निदेशक डॉ. कामेश्वर प्रसाद और सीआईपी के निदेशक डॉ. बासुदेब दास ने संबंधित संस्थानों के नोडल अधिकारियों डॉ. अजय बाखला और डॉ. संजय कुमार मुंडा की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन को निष्पादित किया। इस मौके पर डॉ अनिल कुमार, डॉ प्रदीप भट्टाचार्य, डॉ अविनाश शर्मा और डॉ निशांत गोयल उपस्थिति रहीं।

# खूंटी में 3 नक्सली धराए

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**


तोरपा थाना क्षेत्र की कोटेंगसेरा छाता नदी के तट पर बालू डंपिंग यार्ड के पास अवधेश यादव की जेसीबी मशीन में आग लगाने की घटना का एक सप्ताह के अंदर उद्भेदन करते हुए तोरपा पुलिस ने घटना में शामिल पीएलएफआई के तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

गिरफ्तार आरोपितों में कामडारा थाना क्षेत्र के कुली गांव के विनोद कुमार (30), तोरपा थाना क्षेत्र के ईचा ग्वार टोली के उमेश गोप (23) तथा एक नाबालिग (17) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। तीनों उग्रवादियों के पास से पुलिस ने सात जिंदा गोली, दो मोबाइल, एक मोटरसाइकिल, पीएलएफआई का पर्चा तथा दो पीएलएफआई का चंदा रसीद बरामद किया गया। यह जानकारी शुक्रवार को एसडीपीओ ओम प्रकाश तिवारी ने अपने कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने बताया कि गत 19 मई की रात दो बजे के लगभग पांच से छह अपराधी आये थे, जिसमें दो लोगो के हाथ में पिस्टल तथा बाकी के पास लाठी डंडे थे। उग्रवादियों ने अवधेश यादव के जेसीबी चालक को मारपीट कर भगा दिया था और जेसीबी में पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी थी।

इसके बाद खूंटी पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर तोरपा एसडीपीओ ओम प्रकाश तिवारी के नेतृत्व में एक टीम गठन कर कांड में शामिल उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। छापेमारी टीम में इंस्पेक्टर दिग्विजय सिंह थाना प्रभारी मनीष कुमार, एसआई प्रीतम राज, एएसआई संजय कुमार सहित शस्त्र बल के जवान शामिल थे।



## नक्सलियों का उत्पात : चार ट्रैक्टर व एक पोकलेन में लगाई आग



**लातेहार।** लातेहार जिले के महुआडांड़ में नक्सलियों ने थाना क्षेत्र के चटकपुर रोड के बूढ़ा नदी पर हो रहे पुल निर्माण कार्य स्थल पर चार ट्रैक्टर और एक पोकलेन में आग लगा दी और मजदूरों के साथ पिटाई भी की।घटना को अंजाम देने के बाद नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के कोयल शंख जोन कमिटी ने पर्चा छोड़कर घटना की जिम्मेदारी भी ली है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार के पीएमजीएसवाई के तहत लगभग 3.5 करोड़ की लागत से मेसर्स अशोक कुमार मल्होत्रा के द्वारा चटकपुर रोड के बूढ़ा नदी पर पुल निर्माण कार्य कराया जा रहा है। कार्य स्थल पर कैंप बनाया गया है।गुरुवार की रात्रि करीब 12 बजे कैंप में 10 से 12 की संख्या में हथियारबंद नक्सलियों का दस्ता पहुंचा है और कैंप में रहने वाले सभी मजदूरों को कब्जे में लेकर मोबाइल जब्त कर लिया और इसके बाद ट्रैक्टर से तेल निकाल गाड़ियों में आग लगाना शुरू कर दिया। संगठन से बिना वार्ता के कार्य करने का आरोप लगाते हुए पहले तो कैंप में रहने वाले मजदूरों के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### कोल्हान बना झारखंड पुलिस के लिए चुनौती

## नक्सलियों के विरोध में बाधक साबित हो रहा आईईडी

**नवीन मेल संवाददाता। चाईबासा**

झारखंड के कोल्हान प्रमंडल में पुलिस और नक्सलियों के बीच निर्णायक लड़ाई लड़ी जा रही है। पुलिस कोल्हान की जंग कब के जीत गई होती लेकिन नक्सलियों द्वारा जंगली इलाकों में अपने बचाव के लिए लगाए गए आईईडी इस जंग को जीतने में बाधक बन गए हैं। इसका नतीजा ये हो रहा है कि कोल्हान के जंगल हर दूसरे तीसरे दिन आईईडी विस्फोट से थर्रा रहा है। बारूदी सुरंग विस्फोट में कभी सुरक्षा बल घायल हो रहे हैं तो कभी किसी ग्रामीण की जान जा रही है। चाईबासा में लैंडमाइंस विस्फोट की बानगी ऐसी कि कोल्हान का गोइलकेरा थाना क्षेत्र हो या टोंटो थाना क्षेत्र, यहां के सुदूर और जंगली इलाकों में लगातार धमाकों की आवाज सुनाई दे रही है। नक्सलियों ने कोल्हान के इलाके में खुद को बचाने के लिए ऐसा चक्रव्यू बनाया है जिसे भेद पाने में झारखंड पुलिस अब तक कामयाब नहीं हो पाई है। इस वजह से कोल्हान में लगातार आईईडी की चपेट में आने से ग्रामीणों की जान जा रही है, उनके पशु भी इसमें मारे जा रहे हैं। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# मौसम ने बदला मिजाज वज्रपात-आंधी ने ली जान

### राज्य में 7 लोगों की मौत, अभी 27 तक नहीं बदलेगा मौसम का तेवर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के कई हिस्सों में गुरुवार की देर शाम हुई बारिश और वज्रपात ने तबाही मचाई है। मौसम भले ही थोड़ा ठंडा हुआ लेकिन वज्रपात और आंधी ने झारखंड के कई इलाकों में लोगों की जान ले ली। हजारीबाग, पलामू, सिमडेगा, गढ़वा, चतरा और खूंटी में वज्रपात से 7 की लोगों की मौत होने की खबर है। कई इलाकों में तेज आंधी - पानी की वजह से पेड़ गिरे, कहीं बिजली गायब है, तो कई इलाकों में रास्ते बंद हैं। आंधी- पानी और वज्रपात ने प्रदेश में 7 लोगों की जान ले ली। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### बरवाअड्डा में ठनका की चपेट में आने से मां-बेटी की मौत

**धनबाद।** धनबाद में शुक्रवार की दोपहर बाद हुई बारिश के दौरान ठनका गिरने से मां-बेटी की मौत हो गई। घटना बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के तिलैया पंचायत स्थित बिहोचिया गांव की है। बताया जाता है कि मां-बेटी सब्जी बागान से काम कर घर लौट रही थी, तभी तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए मा-बेटी एक झोपड़ीनुमा मकान में रुक में रुक गई। इसी दौरान वहां वज्रपात हुआ। इसके चपेट में आने से मां-बेटी की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया है। घटना के बाद बरवाअड्डा पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर शवो को कब्जे में लेकर धनबाद स्थित शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एसएनएनएमसीएच) पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही घटना में मारे गए दोनो की पहचान बिहेचिया गांव निवासी शांति देवी (45) और उसी की बेटी रिंकी कुमारी (19) के रूप में कई गई है।

# राष्ट्रपति अपने 3 दिवसीय दौरे का समापन, दिल्ली रवाना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने तीन दिवसीय दौरे का शुक्रवार को समापन कर रांची से नई दिल्ली के लिए रवाना हुईं। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित कई गणमान्य लोगों ने उन्हें विदा किया। इस क्रम में राष्ट्रपति ने हाथ हिलाकर जोहार बोलते हुए सभी का अभिवादन स्वीकार किया और दिल्ली रवाना हो गईं। इससे पहले शुक्रवार सुबह राजभवन में राष्ट्रपति कई गणमान्य लोगों से मिलीं। उन्होंने 25 मई को देवघर में पूजा-अर्चना कर अपने तीन दिवसीय दौरे की शुरूआत की थी। इस दौरान रांची में नवनिर्मित झारखंड हाई कोर्ट भवन का उद्घाटन किया था। दूसरे दिन उन्होंने बिरसा मुंडा कॉलेज में आयोजित महिला स्वयं सहायता सम्मेलन में 25 हजार महिलाओं से संवाद किया। जबकि शाम चार बजे नामकुम में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी) के दूसरे दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। फिर देर शाम राजभवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित राज्य के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। आज अपनी यात्रा का समापन कर वे दिल्ली लौट गईं।

## रांची सदर अस्पताल में 20 बेड के क्रिटिकल केयर यूनिट की शुरूआत




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची स्थित सदर अस्पताल में पहली बार क्रिटिकल केयर यूनिट की शुरूआत की गयी है। मौके पर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ अनिल कुमार खेतान, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शशि भूषण खलखो, डॉ विमलेश कुमार, डॉ अखिलेश झा, अस्पताल के चिकित्सा व कर्मचारी उपस्थित थे। नए भवन के छठे तल्ले पर इस यूनिट के शुरू हो जाने से सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए मरीजों का बेहतर उपचार किया जा सकेगा। वहीं हृदय से संबंधित मरीजों को भी इलाज की सुविधा इसी क्रिटिकल केयर यूनिट में मिलेगी। यहां हर बेड पर ऑक्सीजन की सुविधा है। 20 बेड वाले क्रिटिकल केयर यूनिट में हर बेड पर मॉनिटर, बाई पैप और वेंटिलेटर की सुविधा होगी। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इन मशीनों से मरीजों की जान बचने की उम्मीद भी बढ़ जाएगी। वहीं सदर अस्पताल के पुराने बिल्डिंग (बिरला वार्ड) में पूर्व से संचालित डायलिसिस यूनिट को भी छठे तल्ले पर शिफ्ट किया गया है। इस यूनिट के यहां शिफ्ट हो जाने से किडनी से संबंधित मरीजों को इलाज में राहत मिलेगी। सेंट्रलाइज वातानुकूलित, लिफ्ट और पेयजल की व्यवस्था के साथ मरीजों को यहां बेहतर उपचार हो सकेगा।

# नए संसद भवन हर भारतीय को गौरवान्वित करेगा : पीएम



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवनिर्मित संसद भवन परिसर का एक वीडियो साझा करते हुए शुक्रवार को कहा कि नया संसद भवन हर भारतीय को गौरवान्वित करेगा। मोदी ने ट्विटर पर वीडियो पोस्ट करते हुए, लोगों से 'माई पार्लियामेंट माई प्राइड' हैशटैग का उपयोग करते हुए अपने वॉयसओवर के साथ वीडियो को साझा करने का भी आग्रह किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट में कहा, नया संसद भवन हर भारतीय को गौरवान्वित करेगा। यह वीडियो इस प्रतिष्ठित इमारत की एक झलक पेश करता है। मेरा एक विशेष अनुरोध है- इस वीडियो को अपने वॉयस-ओवर के साथ साझा करें, जो आपके विचारों को व्यक्त करता है। मैं ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह में पढ़ा जाएगा राष्ट्रपति-उपराष्ट्रपति का संदेश

**प्रधानमंत्री** रविवार को संसद के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन करेंगे। विपक्षी दलों ने राष्ट्रपति से नए संसद भवन का उद्घाटन नहीं कराए जाने को लेकर समारोह का बहिष्कार करने का ऐलान कर रखा है। सरकार और विपक्ष के बीच नए संसद भवन के उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर जारी विवाद के बीच यह बताया जा रहा है कि उद्घाटन समारोह में राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति का बधाई संदेश भी पढ़ा जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति एवं राज्य सभा सभापति जगदीप धनखड़ का बधाई संदेश पढ़ सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, संसद के नए भवन के उद्घाटन का समारोह रविवार को सुबह 7:30 बजे के लगभग शुरू होने की संभावना है। वैदिक रीति से विशेष पूजा के साथ कार्यक्रम की शुरूआत होगी। यह विशेष पूजा लगभग डेढ़ घंटे तक चलने की संभावना है। बताया



जा रहा है कि इस विशेष पूजा के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी के अलावा लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश के भी मौजूद रहने की संभावना है। पूजा और मंत्रोच्चार के दौरान तमिलनाडु के विभिन्न मठों से आए 20 स्वामी और विशेष पुजारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पवित्र सेंगोल सौंपेंगे जिसे 9 बजे के लगभग लोक सभा अध्यक्ष के आसन के समीप स्थापित किया जाएगा। इसके बाद लगभग आधे घंटे तक प्रार्थना सभा होगी जिसमें शंकराचार्य, साधु-संत और कई विद्वान पंडित मौजूद रहेंगे। इसके बाद उद्घाटन के मुख्य समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किए गए विशिष्ट अतिथि और सांसद नए संसद भवन के अंदर बने लोक सभा के कक्ष में पहुंचेंगे। यह समारोह दोपहर 12 बजे के बाद ही शुरू होने की संभावना है। नए संसद भवन के उद्घाटन के इस मुख्य समारोह के लिए पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्य सभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे और लोक सभा के पूर्व अध्यक्षों के साथ-साथ अन्य कई नेताओं को भी विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया है। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## यूपीएससी की पीटी परीक्षा 28 मई को




**रांची।** यूपीएससी की पीटी परीक्षा 28 मई को होनी है। कमिश्नर कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, इसके लिए रांची में 56 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा के लिए लगभग 1000 शिक्षक और 150 पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। डीएवी नंदराज में दृष्टि बाधित परीक्षा केंद्र बनाया गया है। रांची के विभिन्न सेंटरों पर लगभग 23000 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। दृष्टि बाधित अभ्यर्थियों की संख्या 81 है। यूपीएससी द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन किया जाएगा। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में रांची जिला प्रशासन के अधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें एडीएम, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, बीडीओ, सीओ समेत जिनकी ड्यूटी परीक्षा में दी गई है, वे पदाधिकारी शामिल रहे। बैठक में कदाचार मुक्त परीक्षा कराने समेत कई मुद्दों पर चर्चा हुई।

### फैसला : दो हजार के नोट के मुद्दे पर आरबीआई ने हाईकोर्ट से कहा

# यह नोटबंदी नहीं, करेंसी प्रबंधन की कवायद

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया कि 2,000 रुपये के नोटों को चलन से वापस लेने का उसका फैसला केवल मुद्रा प्रबंधन अभ्यास है, न कि विमुद्रीकरण। आरबीआई के फैसले को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ता वकील रजनीश भास्कर गुप्ता द्वारा दायर जनहित याचिका पर केंद्रीय बैंक ने अपने फैसले का बचाव किया। जनहित याचिका में तर्क दिया गया कि आरबीआई अधिनियम के अनुसार इस तरह का निर्णय लेने के लिए



स्वतंत्र प्राधिकरण की कमी है। बैंक की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता पराग पी. त्रिपाठी ने अदालत के समक्ष आग्रह किया कि इस मामले की सुनवाई बाद की तारीख में की जाए क्योंकि पीठ ने याचिकाकर्ता वकील अश्विनी उपाध्याय द्वारा इसी तरह की जनहित याचिका में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

त्रिपाठी ने कहा, यह एक मुद्रा प्रबंधन अभ्यास है और विमुद्रीकरण नहीं है। पीठ ने पहले एक मामले में फैसला सुरक्षित रखा है। मैं सुझाव दे रहा हूं कि उस आदेश को आने दें और उसके बाद हम इसे प्राप्त कर सकते हैं।

याचिकाकर्ता ने तर्क दिया है कि 4-5 साल के बाद एक विशिष्ट समय सीमा के साथ नोटों की वापसी को अन्यायपूर्ण, मनमाना और सार्वजनिक नीति के विपरीत है।

याचिकाकर्ता ने कहा, यह आरबीआई के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। आरबीआई अधिनियम में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि आरबीआई स्वतंत्र रूप से इस तरह का निर्णय ले सकता है।

अदालत ने पक्षों को सुनने के बाद मामले की अगली सुनवाई 29 मई को निर्धारित की। पार्टियों को मामले में एक संक्षिप्त नोट प्रस्तुत करने के लिए कहा गया था।

अदालत ने कहा, आरबीआई के वकील ने अदालत को सूचित किया है कि इसी विषय के साथ एक और याचिका पर सुनवाई हुई है। वह सोमवार को लिस्टिंग के लिए प्रार्थना करता है। सोमवार को सूचीबद्ध करें।

जनहित याचिका में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि विचाराधीन परिपत्र यह इंगित करने में विफल रहा है ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# आयकर विभाग के फैसले को चुनौती देने वाली गांधी परिवार की याचिकाएं खारिज



**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा की याचिकाएं खारिज कर दीं, जिनमें उन्होंने हथियार सौदागर संजय भंडारी से जुड़े मामले में आयकर विभाग के मूल्यांकन को सामान्य मूल्यांकन की जगह सेंट्रल सर्किल में स्थानांतरित करने के विभाग के फैसले को चुनौती दी थी। अदालत ने संजय गांधी मेमोरियल ट्रस्ट, जवाहर भवन ट्रस्ट, राजीव गांधी फाउंडेशन, राजीव गांधी चैरिटेबल ट्रस्ट, यंग इंडियन और आप की वे ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### राहुल गांधी को नए पासपोर्ट के लिए मिली एनओसी की इजाजत



**दिल्ली** की एक अदालत ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की साधारण पासपोर्ट जारी करने के लिए एनओसी की इजाजत दे दी। हालांकि राउज एवेन्यू कोर्ट के अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट वैभव मेहता ने निर्देश दिया कि पासपोर्ट के लिए एनओसी केवल तीन साल के लिए वैध होगी, जबकि गांधी ने 10 साल के लिए एनओसी मांगी थी।

# बिरसा विकलांग उत्थान व कल्याण समिति ने राष्ट्रपति को सौंपा ज्ञापन

## निःशक्तता आयुक्त की जल्द से जल्द नियुक्त करने की मांग की



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
शुक्रवार को राजभवन रांची में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से संस्था-बिरसा विकलांग उत्थान एवं कल्याण समिति, धुर्वा के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर दिव्यांगजन के हितों/अधिकारों का रक्षार्थ झारखण्ड राज्य में हो रहे गतिविधियों के विभिन्न पहलुओं पर ध्यानाकर्षित कराया। साथ ही संस्था के द्वारा दिव्यांगजन के उत्थान के लिए किये जा रहे कार्यों एवं संस्था द्वारा संचालित बिरसा ब्लेशींग सेन्टर (आश्रय गृह एवं प्रशिक्षण केंद्र), कांके, रांची की जानकारी दी गई। राष्ट्रपति ने संस्था द्वारा दिव्यांगजन के उत्थान के लिए किये जा रहे सेवाकार्यों की सराहना की एवं प्रतिनिधि मंडल को प्रोत्साहित किया। दिये गये ज्ञापन पत्र में दिव्यांगजन के समस्याओं, राज्य में दिव्यांगजन अधिकर अधिनियम 2016 का अनुपालन करने, पिछले 22 महीने से खाली पड़े पद पर झारखण्ड राज्य निःशक्तता आयुक्त की जल्द से जल्द नियुक्ति हो, राज्य सरकार द्वारा मनोनीत किसी भी बोर्ड में कम से कम एक दिव्यांग व्यक्तियों के अवश्य रखी जाए, दिव्यांगजन को बीपीएल के समान सुविधाएं दिया जाए, दिव्यांग पेंशन की राशी 1000 से बढ़ा कर 2500 किया जाए, मानसिक रूप से कमजोर दिव्यांग बच्चों के माता-पिता को विशेष आर्थीक सहायता दिया जाए, संस्था द्वारा संचालित बिरसा ब्लेस्सिंग सेंटर, चुरीनगढ़ा, सुकुरहुट्ठ कांके में मुख्य रोड से सेन्टर तक रोड निर्माण एवं सुगम शौचालय निर्माण, झारखण्ड राज्य में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग खोलने, शिक्षा के अधिकार को अक्षरक्षः कार्यान्वित किया जाए जिससे दिव्यांग बच्चों के स्कूल न जाने की स्थिति में बदलाव हो, दिव्यांगजन के अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित मामलों के निपटारे के लिए प्रत्येक जिले में विशेष न्यायालयों को नामित किया जाना चाहिए, दिव्यांगजन का समाज में संपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल देने वाले संविधानों की उपस्थिति के बावजूद इस ओर कम ध्यान दिया गया है विशेष एसटी / एससी दिव्यांगजन एवं आर्थिक रूप से कमजोर को विशेष ध्यान दिया जाए और भी विभिन्न बिन्दुओं पर लिखित ज्ञापन पत्र सौंपा गया। प्रतिनिधि मंडल में श्री रंजन कुमार सिंह, डॉ अनुराधा वत्स, फातीमा तबस्सुम और श्री पवन कुमार शर्मा शामिल रहे।

**राज्य सरकार द्वारा मनोनीत किसी भी बोर्ड में कम से कम एक दिव्यांग व्यक्तियों के अवश्य रखी जाए**

### जस्टिस एलपीएन शाहदेव फाउंडेशन के काम से राष्ट्रपति को कराया अवगत

**रांची।** जस्टिस एलपीएन शाहदेव फाउंडेशन के निदेशक प्रतुल शाहदेव और डॉक्टर विद्या झा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुरमू से राजभवन में मुलाकात की। उन्होंने जस्टिस शाहदेव फाउंडेशन के द्वारा झारखंड के आदिवासी क्षेत्रों में किए जा रहे समाजिक कार्यों की जानकारी दी। इससे संबंधित एक बुकलेट भी राष्ट्रपति को भेंट किया। शाहदेव फाउंडेशन झारखंड के ग्रामीण इलाकों विशेषकर पलामू प्रमंडल में गरीब आदिवासियों के बीच शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करता है। प्रतुल शाहदेव ने राष्ट्रपति को गुमला के नागवंशी साम्रज्य की राजधानी रहे नवरत्न गढ़ का तैल चित्र भेंट किया। इसे भारत सरकार के द्वारा हाल ही में देश के बारह हेरिटेज साइट में शामिल किया गया है। वहीं डॉ विद्या झा ने खुद से बनाई हुई भगवान जगन्नाथ की मिथिला पेंटिंग राष्ट्रपति को भेंट की।

# अब शिक्षा विभाग कराएगा एसजीएफआई से जुड़े कार्यक्रम : सरोजनी लकड़ा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा ने कहा कि स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) की विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन और टीम भेजने का काम अब खेल विभाग नहीं करेगा। अब एसजीएफआई से जुड़े सारे कार्यक्रम शिक्षा विभाग ही आयोजित करेगा। उन्होंने यह जानकारी शुक्रवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि खेल संघों के प्रतिनिधियों से चर्चा के बाद निदेशालय ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि वह एसजीएफआई के आयोजन से दूर रहेगा। पिछले दो दिनों से खेल विभाग और शिक्षा विभाग के बीच एसजीएफआई के झारखंड अंडर 19 बालक व बालिका टीम के चयन को लेकर विवाद की स्थिति आ गई थी। दोनों विभाग टीम गठन को लेकर कमर कस चुके थे। 27 मई को मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होने वाले ओपन ट्रायल को कैंसिल कर दिया गया है।

### बिरसा मुंडा आर्चरी एकेडमी में समर कैंप का हुआ समापन

# बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
सिल्ली बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी में आयोजित 15 दिवसीय तीरंदाजी समर कैंप का समापन शुक्रवार को हुआ। इस मौके पर एक समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि एकेडमी के उपाध्यक्ष जयपाल सिंह, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक, उप प्रमुख आरती देवी, डॉ मोना आनंद एवं समाज सेवी श्याम महतो शामिल हुए। सभी अतिथियों का पूष्प गूच्छ देकर स्वागत किया गया। इस कैम्प में दिल्ली, बोकारो, धनबाद, रांची, खूंटी, हजारीबाग, जमशेदपुर आदि जगहों के कुल 40 बच्चे शामिल हुए। कैंप में बच्चों के बिच 10 मी, 15 मी एवं 30 मी दुरी के तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें सफल तीरंदाजों को अतिथियों द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया। वहीं कैंप में शामिल सभी बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मौके पर कैम्प में आये बच्चों ने नृत्य की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। वहीं बच्चों ने कैम्प के अनुभव को भी साझा किया। समारोह को संबोधित करते हुए जयपाल सिंह ने कहा कि बच्चों के पढ़ाई के व्यस्तता के बीच खेल समेत विभिन्न एक्टिविटी के लिए समय निकालना बहुत आवश्यक है इसीलिए इस समर कैंप का आयोजन किया गया। समर कैंप का वातावरण बच्चों को नए कौशल सीखने का अवसर प्राप्त होता है। कैंप के अनुभव का बच्चे के विकास पर स्थायी मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ता है। धनुर्विद्या हमारे देश की सांस्कृतिक धरोहर है जिस पर प्रत्येक देशवासी को गौरव करना चाहिए। वहीं नन्हे-मुन्ने तीरंदाजों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस उम्र में ही खेलों से जुड़ना और पदक जीतना एक सुखद संकेत है। तीरंदाजी खेल का कोई तोड़ नहीं है और यह प्राचीनतम खेल संस्कृति का हिस्सा रही है। युवा पीढ़ी का आह्वान करते हुए कहा कि युवा अवस्था से ही छात्र छात्रों को इस खेल में पारंगत हासिल करते हुए राज्य और देश का नाम रोशन करना चाहिए। वहीं जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी एवं प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक ने समर कैंप की सफलता पर सभी बच्चों को बधाई देते हुए प्रशिक्षकों की सराहना की। मुख्य कोच प्रकाश राम ने कहा कि विभिन्न जगह से आए बच्चे कैंप में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में अनुशासन पूर्वक भाग लिया। विशेष प्रशिक्षण के साथ ही खेल की बारीकियों को सिखा।

### कांग्रेस को बोलने का नैतिक अधिकार नहीं : बाबूलाल

**रांची।** संसद के नए भवन के उदघाटन को लेकर छिड़े विवाद पर भाजपा विधायक दल के नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेसियों को नैतिक अधिकार नहीं है कुछ बोलने का? जब महामहिम चुनाव लड़ रही थीं, उस समय उनके विरोध में उम्मीदवार उतारकर इन लोगों को लाज नहीं आई? आदिवासी समाज का इससे बड़ा अपमान और क्या होगा कि देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी एक आदिवासी बेटी को राष्ट्रपति नहीं बनने देना चाहती थी। एक आदिवासी को राष्ट्रपति बनने से रोकने के लिए आप लोगों ने कितनी बाधाएं उत्पन्न कीं, किस मूंह से अपमान की बात करते हैं। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सामाजिक न्याय और समानता की शत्रु है तथा अवसरवादिता इन लोगों की राजनीति का डीएनए है।

# राष्ट्रीयता को मजबूत करना समय की मांग : मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मुफ्ती अब्दुल्ला अजहर कासमी अध्यक्ष मुस्लिम मजलिस उलेमा झारखंड ने अपने प्रेस बयान में कहा कि भारत की आजादी अखंड राष्ट्रवाद की मजबूती से हासिल हुई है। आजादी आंदोलन के महान मुजाहिदीन इमाम-उल-हिंद मौलाना अबुल कलाम ने एक मौके पर देश को यह संदेश दिया था कि हमें सांप्रदायिक सद्भाव के बिना भारत की आजादी नहीं चाहिए। यदि हमें भारत की स्वतंत्रता के लिए छह साल और इंतजार करना पड़े तो हम करेंगे। लेकिन हम हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, आदिवासियों और दलितों के आपसी भाईचारे और संबंधों को बर्बाद और कमजोर नहीं होने देंगे। आज नए-नए प्रचार के माध्यम से स्वतंत्र भारत को आहत और कलंकित करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। देश के प्रति वफादारी और प्रेम की आवश्यकता है कि मातृभूमि के सम्मान की रक्षा के लिए बलिदान देना गर्व की बात मानी जाती है। देश में विभिन्न धर्मों, समुदायों के लोग रहते हैं।वैश्विक परिदृश्य में भारत के सौन्दर्य की पहचान इस बात से हुई है कि भारत प्रचुर मात्रा में विश्व को एकता का अभूतपूर्व संदेश दे रहा है। अपने संदेश में, अब्दुल्लाह अजहर कासमी ने आगे कहा कि भारतीय सेनाओं ने देश की सुरक्षा और अस्तित्व के लिए एक अहम भूमिका निभाई है। भारतीय सेनाओं की माताएं और उनके सभी पारिवारिक मित्र बधाई के पात्र हैं। जिन्होंने देश की रक्षा के लिए देश को प्रतिभाशाली बेटे दिए हैं। आज आवश्यकता है कि मस्जिद, मदरसे, कॉलेज, स्कूल, मंदिर, गुरुद्वारे और सभी स्थान पूजा और शिक्षण संस्थान एकजुट राष्ट्रवाद की भावना को समझते हैं। भारत के प्रत्येक व्यक्ति को इसकी शक्ति और महत्व से अवगत कराया जाए। ताकि लोग देश में गंगा जुमिनी सभ्यता और मानवता के निर्माण और विकास के लिए बलिदान देने में गर्व महसूस करें।

# झारखंड प्रभारी ने सभी जिलों में कांग्रेस को धारदार, सशक्त व मजबूत बनाने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
कांग्रेस महासचिव सह झारखंड प्रभारी अविनाश पांडेय ने सभी जिलों में संगठन को बूथ स्तर पर धारदार, सशक्त एवं मजबूत बनाने का दिशा- निर्देश दिया। झारखंड प्रदेश कमेटी के उपाध्यक्ष सह प्रदेश अनुशासन समिति के चेयरमैन ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने दिल्ली में प्रदेश प्रभारी से मिलने के बाद शुक्रवार को यह जानकारी दी। ब्रजेंद्र सिंह ने कहा कि प्रभारी अविनाश पांडे से दिल्ली स्थित एआईसीसी कार्यालय में मुलाकात के दौरान प्रदेश में संगठनात्मक मजबूती एवं प्रदेश के सभी जिलों में गंभीरता के साथ संगठन में अनुशासन को प्रभावी बनाने एवं मिशन 2024 के तहत लोकसभा चुनाव के सिलसिले में विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए। झारखंड प्रभारी ने निर्देश दिया कि संगठन में अनुशासन बनाए रखना बहुत जरूरी है। सभी जिलों में अनुशासन समिति इस पर नजर बनाए रखे। जिलों में अनुशासन को प्रभावी बनाने एवं कायम रखने के लिए प्रदेश अनुशासन समिति गंभीर है। उन्होंने कहा कि संगठन में अनुशासनहीनता किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संगठन विरोधी कार्य करने एवं पार्टी के शीर्ष नेताओं एवं पार्टी के विचारधारा के विरोध में सार्वजनिक तौर पर सोशल मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं अखबारों में बयानबाजी किया जाना पार्टी संविधान के विरुद्ध एवं अनुशासनहीनता में आता है।

# अरगोड़ा में पुलिस बस के चपेट में आया युवक, दर्दनाक मौत

**रांची।** रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र के डिबडीह पुल के पास पुलिस बस की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अरगोड़ा चौक से डिबडीह वाले रास्ते में सबसे आगे पुलिस बस चल रही थी। उसके पीछे बाइक सवार युवक चल रहा था और बाइक सवार युवक के पीछे एक कार तेज गति से चल रही थी। इसी दौरान कार सवार ने तेजी से आगे निकलने के चक्कर में बाइक सवार युवक को ठोकर मार दी ,ठोकर लगते ही युवक की बाइक अनियंत्रित हो गई और बाइक पुलिस बस से जा टकराया। बाइक अनियंत्रित होने की वजह से युवक पुलिस बस के नीचे जा गिरा, और इसी बीच बस का पिछला पहिया युवक के ऊपर से गुजर गया। इस हादसे में बाइक सवार युवक की बेहद दर्दनाक मौत हो गई। हादसे को देख पुलिस बस के ड्राइवर ने आनन-फानन में बस को रेखा लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो चुकी थी। मृत युवक की पहचान नहीं हो पाई है पुलिस ने आनन-फानन में सड़क से शव को उठा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। हादसे की वजह से लगभग एक घण्टे तक अरगोड़ा से लेकर सेटेलाइट चौक तक जाम लगा रहा। जिस बाइक सवार युवक की मौत हादसे में हुई है उस बाइक का नंबर खल्018ऋ7720 है। यह नंबर किसी राजीव कुमार के नाम से रजिस्टर्ड है। आशंका जताई जा रही है जिससे युवक की मौत हुई है वह राजीव कुमारी है हालांकि फिलहाल इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस मृतक के घर वालों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

# साहब हरीन्द्रानंद जी को दी गयी श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
वैश्विक शिव शिष्य परिवार एवं संस्था शिव शिष्य परिवार से जुड़े शिव शिष्यों/शिष्याओं कि एक संयुक्त बैठक(आमसभा) हुई। हरीन्द्रानंद जी के शिवलीन होने के उपरांत यह पहली आमसभा उनके अधिकृत आवास उपवन एचईसी धुर्वा में हुई। आमसभा की शुरूआत में साहब हरीन्द्रानंद जी को दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गयी तत्पश्चात वरीय सदस्यों ने सभा को संबोधित किया।श्रीमति बरखा आनंद (अध्यक्ष) शिशि॰ ह॰ फाउंडेशन, रामेश्वर मंडल, (अध्यक्ष)शिशि प.,अभिनव आनंद, (सचिव) शिशि प, अनुनीता(अध्यक्ष), वे शिशि प, सभी ने साहब हरीन्द्रानंद एवं दीदी नीलम के बताये पथ पर चलने का संकल्प लिया। बरखा आनंद ने कहा की साहब और दीदी ने अपना पूरा जीवन लोगों को महेश्वर शिव के गुरु स्वरूप से जोड़ने में लगा दिया,अब हम सभी का कर्तव्य है कि उनके उद्देश्य पर हम सभी चलते हुए पूरी श्रृष्टि को महागुरू महादेव का शिष्य बनाकर अपना और जनमानस का भी कल्याण करें।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना 02/2023-24**

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय :– 01.06.2023को अप0 12ण्00बजेतक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 02.06.2023 के अप0 2ण्30बजेतक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 02.06.2023 के अप0 3ण्00बजेसे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (i)अधीक्षण अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं–2एराँची का कार्यालय। (ii)कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल सिमडेगा।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।
7. कार्य विवरणी :–

| SI. No. | Name of work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Cost | Time Of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of D.D.C. Residence and Barrack at Simdega. | 24,99,400.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 03 (Three) Months |

निविदा की शर्तें– WWW.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकताहै।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, सिमडेगा।

PR.NO.298397 Building(23-24):D


# पारिवारिक विवाद में हुई झड़प पुलिस ने दोनों पक्ष से पांच लोगों को हिरासत में लिया

जमशेदपुर। जिला मुख्यालय शुक्रवार की दोपहर रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। मामला पारिवारिक विवाद का था जहां बहनों में सिर फोड़ाफोड़ी तक हो गया । इससे कुछ देर के लिए डीसी-एसएसपी ऑफिस में अफरा तफरी मच गई। सूचना पाकर बिष्टुपुर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्ष से पांच लोगों को हिरासत में ले गई।

जानकारी के अनुसार कदमा निवासी निशा कुमारी ने 2019 में अपने पति संजीव कुमार के खिलाफ प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया था। कालांतर में निशा कुमारी ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए मानगो निवासी अपनी बहन लक्खी सिंह के खिलाफ दूसरा मामला दर्ज करवाया, जिसमें निशा कुमारी ने बताया कि लक्खी सिंह के दबाव में आकर ही पति पर झूठा मामला दर्ज कराया था । शुक्रवार को इसी मामले को लेकर न्यायलय में सुनवाई होनी थी जहां न्यायलय में भी दोनों पक्षों के बीच झड़प हो गई ।

### पहल | पूर्व डिप्टी मेयर ने बिजली की समस्या को लेकर सौंपा मांग पत्र

# कार्यपालक अभियंता ने सुधार का दिया आश्वासन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मई माह में जिस तरह से गर्मी और बिजली की आवाजाही हो रही है उससे शहरवासियों का जीना मुहाल हो गया है। लोग रात को सही रूप में सो नहीं पा रहे हैं। बिजली की कटौती से बिजली का भी हाल बहुत ही बुरा हो गया है। लोगों को कहना है कि अभी यह हाल है तो आगे क्या होगा। सरकार को बिजली में सुधार करनी चाहिए। जब समय पर बिल का भुगतान होता है बिजली भी सही समय पर देना चाहिए ताकि लोगों को राहत मिल सके। बिजली की कटौती से बच्चों की पढ़ाई भी खराब हो रही है। अभी समर विकेशन की छुटटी चल रही है और बच्चों को पढ़ने में दिक्कत आ रही है। रांची के लोग लगभग एक सप्ताह से बिजली और भीषण गर्मी की समस्या से काफी परेशान हैं। इस समस्या को लेकर शुक्रवार को पूर्व डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय ने विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता गौरव कुमार के साथ कोकर स्थित विभागीय कार्यालय में बैठक की। बैठक में उन्होंने क्षेत्र में लगातर हो रही बिजली समस्या को लेकर चर्चा की। इसके साथ ही उन्हें मांग पत्र सौंपा। इसमें उन्होंने सभी गंभीर विषयों पर जल्द से जल्द कार्रवाई करने और समाधान की मांग की है। मांगों में अयोध्यापुरी में केबल वायरिंग का कार्य कराने, शिव मंदिर रिम्स मोड़ में रोड चौड़ीकरण में आ रहे बाधा को दूर करने के लिए पोल शिफ्टिंग कराने, हैदर अली गली के सामने देवी फ्लॉवर मिल के उपर से तार को हटा कर पोल लगाने, पीस रोड में खाली पोल को हटाने सहित अन्य शामिल है। मौके पर कार्यपालक अभियंता गौरव कुमार ने पूर्व डिप्टी मेयर को जल्द ही सभी मांगों पर कार्य कराने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि 10 से 15 दिनों में कार्य धरातल पर दिखने लगेगा।


## कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा

Phone Number:- 06526-222064 email-id: lohardagazilaparisad@gmail.com

**ई–निविदा**

**अति अल्पकालीन पुर्न निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा संख्या – 02/2023–24 दिनांक 25.05.2023

| क्र0सं0/ ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्रखण्ड का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | ग्राम उदरंगी के बांध में गार्डवाल निर्माण | भण्डरा | 936800.00 | 1250.00 | 18800.00 | 03 (तीन) माह |

2 वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :–27.05.2023
3 बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय :–03.06.2023/03:00 बजे अपराह्न तक
4 अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य(हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि एवं समय :–05.06.2023/02:00 बजे अपराह्न तक
5 निविदा खोलने की तिथि व समय :–06.06.2023/03:00 बजे अपराह्न तक
6 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :–जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा
7 निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :–जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा

नोट – 1. जिला परिषद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं । संवेदक का U-Can में निबंधन अनिवार्य है।
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
3. कार्य की मात्रा आवश्क्तानुसार घट–बढ सकती है।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लोहरदगा

PR 298376 Lohardaga(23-24).D

## देश के शीर्ष पद पर आसीन होने के बाद भी कोई बदलाव नहीं

# कांजीवरम साड़ी पसंद करती हैं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू



**तीन दिवसीय झारखंड दौरे के क्रम में कांजीवरम साड़ी के प्रति उनके लगाव की झलक देखने को मिली। 24 मई को जब बाबानगरी में पहुंची तो उन्होंने गुलाबी रंग की कांजीवरम साड़ी पहन रखी थी**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की पहचान मृदुभाषी, मिलनसार, दयावान, क्षेत्रीय भाषा और संस्कृति के पैरोकार के रूप में होती है। वह अपने मीठे शब्दों से बड़ी-बड़ी बातें कह जाती हैं। वह देश की पहली महिला राष्ट्रपति हैं जो आदिवासी समाज से आई हैं। उनके व्यक्तित्व और संघर्ष को लेकर चर्चा करेंगे तो शब्द कम पड़ जाएंगे। देश के शीर्ष पद पर आसीन होने के बाद भी उनके व्यवहार में रत्ती भर बदलाव नहीं दिखा। इस बात को कोई समझे या ना समझे लेकिन झारखंड के लोग बखूबी समझते हैं। क्योंकि वह बतौर राज्यपाल झारखंड में छह साल सेवा दे चुकी हैं। वह न सिर्फ झारखंड की पहली महिला राज्यपाल रह चुकी हैं बल्कि देश के किसी भी राज्य की पहली आदिवासी महिला राज्यपाल बनने का गौरव हासिल कर चुकी हैं। ओडिशा के एक छोटे से गांव से देश के शीर्ष पद पर आसीन होने के सफर में उन्होंने भारतीय संस्कृति को कभी भी खुद से दूर होने नहीं दिया। उसको हमेशा संजोए रखा। इसकी झलक उनके पहनावे में दिखती है। उनको कांजीवरम की सिल्क की साड़ी बेहद पसंद है। उनके तीन दिवसीय झारखंड दौरे के क्रम में कांजीवरम साड़ी के प्रति उनके लगाव की झलक देखने को मिली। 24 मई को जब बाबानगरी में पहुंची तो उन्होंने गुलाबी रंग की कांजीवरम साड़ी पहन रखी थी। पूजा के बाद रांची लौटकर भगवान बिरसा मुंडा और परमवीर अलबर्ट एक्का की प्रतिमा पर माल्यार्पण के दौरान उसी गुलाबी रंग की कांजीवरम साड़ी में नजर आईं। इस दौरान राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एयरपोर्ट पर स्वागत के लिए सफेद कुर्ता पायजामा पहनकर पहुंचे थे। प्रिसिडेंट ऑफ फाउंड कांजीवरम सिल्क साड़ी हाईकोर्ट के नए भवन के उद्घाटन समारोह में राष्ट्रपति24 मई की शाम जब देश के सबसे बड़े हाईकोर्ट भवन का उद्घाटन करने धुर्वा पहुंचीं तो उन्होंने क्रीम कलर की हरे पाड़ वाली साड़ी पहन रखी थी। उनके इस पहनावे में झारखंडी संस्कृति झलक रही थी। इस कार्यक्रम में भी राज्यपाल और मुख्यमंत्री कुर्ता पहने हुए थे।राष्ट्रपति25 मई को जब खूंटी में स्वंय सहायता समूह की महिलाओं से मिलने पहुंचीं तो गोल्डन कलर की लाल पाड़ वाली कांजीवरम साड़ी में नजर आईं। उनके इस पहनावे में भी आदिवासी संस्कृति की झलक थी। इस दौरान राज्यपाल हल्का हरे रंग का कुर्ता और बंडी पहने हुए थे जबकि मुख्यमंत्री पीला रंग के कुर्ता में नजर आए।

## पावर कट पर झारखंड स्मॉल इंडस्ट्री एसोसिएशन ने जताई चिंता

**रांची।** शुक्रवार को झारखंड स्मॉल इंडस्ट्री एसोसिएशन(जेसिया)द्वारा जेसिया के सभागार में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया ।इस प्रेस वार्ता में झारखंड स्मॉल इंडस्ट्री एसोसिएशन कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची के अध्यक्ष अंजय पचेरीवाला ने कहा कि वर्तमान में राज्य की विद्युत व्यवस्था दयनीय एवं असहनीय हो गई है । राजधानी रांची में अनेक क्षेत्र है जहां रोजाना आठ दस घंटे पावर कट हो रहा है साथ ही निरंतर आने-जाने का सिलसिला चलता रहता है । मुख्यमंत्री ने स्थिति को गंभीरता से देखते हुए निर्बाध बिजली सप्लाई हेतु अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया था लेकिन अधिकारीगण मुख्यमंत्री के आदेश को भी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं । इस लचर व्यवस्था के भरोसे राज्य का विकास उद्योग रोजगार हेतु सारे कदम विफल हो रहे हैं ।उन्होंने कहा कि बिजली के अभाव में ग्रामीण रोजगार के साधन निरंतर कम हो रहे हैं तथा लोग पलायन करने के लिए मजबूर हो रहे हैं ।

## बीसीआरईसी दुगार्पुर में सम्मान समारोह




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** एआईसीटीई-आइडिया लैब के सदस्यों को बीसी राय इंजीनियरिंग कॉलेज (बीसीआरसी) दुगार्पुर में सम्मानित किया गया। डॉ सैकत मोइत्रा, डॉ बीसी रॉय इंजीनियरिंग कॉलेज सोसायटी के सलाहकार ने सभी सदस्य को प्रमाण पत्र सौंपे। प्रयोगशाला के अनुसंधान गतिविधियों को चलाने वाले सभी 12 सदस्यों को सम्मानित किया गया। तरुण भट्टाचार्य, महासचिव, डॉ बीसी रॉय इंजीनियरिंग कॉलेज सोसायटी ने कहा कि कई सफल उपलब्धियों और छात्रों की अच्छी प्लेसमेंट के बावजूद कॉलेज में कुछ कमियां हैं, जिन्हें दूर किया जाना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों से छात्रों को मुख्य विषयों का अध्ययन करने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। एआईसीटीई-आइडिया लैब के सह-समन्वयक डॉ मृण्मय चक्रवर्ती ने प्रयोगशाला की शुरूआत से लेकर देश में ऐसी 106 प्रयोगशालाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने तक की यात्रा के बारे में बताया। मुख्य अतिथि डॉ सैकत मैत्रा ने कहा कि एआईसीटीई आइडिया लैब की इस सफलता के दूरगामी परिणाम होंगे। हमें अपने छात्रों को इन चुनौतियों का सामना करना सिखाना चाहिए। बीसीआरईसी के प्राचार्य डॉ संजय एस.पवार ने लैब को उत्कृष्ट स्थिति में ले जाने के लिए टीम की प्रशंसा की।

## रांची सदर अस्पताल में डॉक्टरों की भारी कमी

# बीमार मरीजों को लगना पड़ता है घंटों लंबी लाइन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** राजधानी में गरीब लोगों के इलाज के लिए सदर अस्पताल में तमाम सुविधाएं मुहैया करायी गई है। बावजूद यहां इलाज के लिए मरीजों को घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ता है। अस्पताल के किसी भी डॉक्टर के चेंबर के बाहर मरीजों की लंबी लाइन लगी दिख जाएगी। ऐसे में इन मरीजों को इससे काफी परेशानी होती है। मरीजों की इस समस्या का अस्पताल प्रबंधन के पास भी कोई ठोस इलाज नहीं है। प्रबंधन का कहना है कि अस्पताल में मैन पॉवर के साथ ही डॉक्टरों की भारी कमी है, ऐसे में वे चाहकर भी कुछ नहीं कर सकते।

**मरीजों का हाल:** इस पूरे मामले की पड़ताल करने ईटीवी भारत की टीम रांची सदर अस्पताल पहुंची और लाइन में खड़े मरीजों से बात की। राजधानी के सदर अस्पताल में लाइन में लगे मजबूर मरीज बताते हैं कि पिछले 2 घंटे से वह अपने नंबर के इंतजार में हैं कि डॉक्टर उन्हें देख ले और वह स्वास्थ्य लाभ लेकर समय पर अपने घर जा सके। लेकिन घंटों तक इंतजार करने के बावजूद भी मरीज समय पर इलाज नहीं करवा पा रहे हैं। राजधानी के किशोरगंज इलाके से आई एक महिला मरीज ने बताया कि उनके पैर में दर्द था और वह ऑथोर्पेडिक डिपार्टमेंट में दिखाने आई थी, वह सुबह से इंतजार कर रही है, इसके बावजूद भी उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। आखिरकार वह जमीन पर बैठकर इंतजार करने लगी, क्योंकि लाइन में खड़े लोगों को बैठने के लिए भी किसी चीज की सुविधा नहीं दी गयी है। राजधानी के धुर्वा इलाके से अपने पैर का इलाज कराने आए मिंटू पासवान बताते हैं कि पिछले दिनों ही उनके पैर में मोटरसाइकिल से गिरने की वजह से चोट लगी थी। इस कारण उनके पैर में सूजन हो गया था। इसी को दिखाने वह डॉक्टर के पास पहुंचे हुए हैं, लेकिन घंटों तक इंतजार करने के बावजूद भी अभी तक उनका नंबर नहीं आ पाया है। यही स्थिति अर्पणा गुप्ता की भी देखी गई जो पिछले 4 घंटे से लाइन में खड़ी रही, तब जाकर उनका नंबर लग पाया।डॉक्टरों की भारी कमी: लोगों की परेशानी को देखते हुए ईटीवी भारत की टीम ने जब जानकारी लेने की कोशिश की तो हमने देखा कि सभी विभागों में डॉक्टरों की कमी है। ओपीडी में सिर्फ एक डॉक्टर मौजूद है, जो मरीजों का इलाज कर रहा है। ड्यूटी में तैनात डॉक्टरों ने कहा कि एक मरीज को देखने में कम से कम आधा घंटा का समय लगता है। ऐसे में यदि मरीजों की संख्या बढ़ती है तो स्वाभाविक है कि लोगों को इंतजार करना ही पड़ेगा। वहीं लाइन में खड़े लोगों ने कहा कि सिर्फ इलाज करवाने के लिए नहीं बल्कि बिलिंग काउंटर, जांच काउंटर, कहीं भी जाने पर लोगों को लाइन में लंबा इंतजार करना पड़ता है, क्योंकि हर जगह स्टाफ की घोर कमी है।

## आईआई एम रांची में यंग चेंजमेकर प्रोग्राम की शुरूआत की गई

**रांची।** शुक्रवार से आईआईएम रांची में तीन दिवसीय यंग चेंजमेकर प्रोग्राम की शुरूआत की गई । इस प्रोग्राम के मुख्य अतिथि झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा थे। इस अवसर पर उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि स्वपन देखिए प्रार्थना कीजिए इसके साथ प्रयास भी कीजिए तभी जीवन में सफलता हासिल होगी । इस अवसर पर उन्होंने छात्र छात्राओं को कविता सुनाए। आई आई एम के निदेशक दीपक श्रीवास्तव ने इस अवसर पर कहा कि यंग चेंजमेकर प्रोग्राम के जरिए यहां के छात्र-छात्राएं विभिन्न गांव में जाएंगे और उनकी समस्याओं को सुनेंगे एवं उनको प्रस्तुत करेंगे इस प्रोग्राम के लिए देश भर से सौ छात्र छात्राएं आये हैं यह एक अनोखी पहल है।

# झारखंड में एक जून से चलेगा चाइल्ड लेबर रेस्क्यू ड्राइव



नवीन मेल संवाददाता। रांची बाल मजदूरी की रोकथाम और उन्मूलन के लिए एक से 30 जून तक चाइल्ड लेबर रेस्क्यू ड्राइव चलेगा। यह अभियान रेलवे एरिया में चलेगा। इस संबंध में राष्ट्रीय बाल अधिकार आयोग के चेयरमैन प्रियांक कानूनगो ने बताया कि बाल श्रम के मामले में चाइल्ड वेलफेयर कमेटी (सीडब्ल्यूसी) के स्टेटमेंट के आधार पर ही पुलिस प्राथमिकी दर्ज करेगी। अलग से पुलिस को किसी भी तरह का बयान लेने की जरूरत नहीं होगी। इस संबंध में एनसीपीसीआर डीजीपी को पत्र लिखेगा। पुलिस के साथ ही आम लोग भी चाइल्ड लेबर का रेस्क्यू कर सकते हैं। इसमें किसी भी प्रकार की परमिशन की जरूरत नहीं होगी। यदि कोई भी व्यक्ति किसी बच्चे को रेस्क्यू करता है तो फिर उसके बाद उसे सीडब्ल्यूसी के सामने प्रस्तुत करना होगा। उल्लेखनीय है कि झारखंड में भी बाल मजदूरी एक गंभीर समस्या बनी हुई है। राज्य में बीते 10 वर्षों में बाल मजदूरी की संख्या में कमी तो आई है लेकिन अब भी उनकी संख्या 90 हजार से ज्यादा है। हालांकि, 2001 की जनगणना के मुताबिक झारखंड में 4.7 लाख बाल मजदूर थे। राज्य से बड़े पैमाने पर मानव तस्कर भी बाल मजदूरी का बड़ा कारण बने हुए हैं। मानव तस्कर गरीब बच्चों को बहला-फुसला कर तथा नौकरी का झांसा देकर दूसरे राज्यों में बेच देते हैं।

# आत्म निर्भर हॉकी प्रशिक्षण केंद्र की तीन युवकों ने की शुरूआत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** हॉकी सिमडेगा की ओर से पंचायत स्तर पर चलाए जा रहे खेल प्रतियोगिताओं से प्रेरित होकर कुरकुरा के युवाओं ने अपने गांव में आत्म निर्भर हॉकी प्रशिक्षण केंद्र की शुरूआत की है। शुक्रवार को हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी इस प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचकर प्रशिक्षकों और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कभी इसी तरह करगागुडी में भी स्थानीय स्तर से हॉकी ट्रेनिंग की शुरूआत की गई थी, जहां से अब आधा दर्जन से अधिक खिलाड़ियों ने देश का प्रतिनिधित्व किया है और कोरोमिया में भी आप लोगों की तरह स्थानीय स्तर पर हॉकी कि शुरूआत की गई थी। आज झारखंड पुरुष टीम में ज्यादातर खिलाड़ी इसी गांव से रहते हैं, बस 365 दिन हॉकी का आप लोग अभ्यास करते रहें,आपका भविष्य उज्ज्वल है,हॉकी सिमडेगा आपके साथ है। उन्होंने बताया कि सिमडेगा जिला मुख्यालय से लगभग 40 किलोमीटर दूर बांसजोर प्रखंड और ठेठईटांगर प्रखंड सिमाना के सुदूरवर्ती इलाके में बसे कुरकुरा पहान टोली में स्थानीय युवकों ने अपने इलाके के हॉकी खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए आत्मनिर्भर हॉकी प्रशिक्षण केंद्र की शुरूआत की है। इसके तहत गांव में खाली पड़ी जमीन को खुद से समतल कर मैदान का रूप दिया गया है और वहां 105 बालक बालिका हॉकी खिलाड़ियों को प्रत्येक दिन सुबह शाम गांव के ही तीन युवक पौलूस कीड़ों, सुरेश बा और अनमोल टोपनो निशुल्क रूप से हॉकी का प्रशिक्षण दे रहे है।

## फाइलेरिया व कालाजार बीमारी के उन्मूलन के लिए संगोष्ठी का आयोजन

**रांची।** फाइलेरिया एवं कालाजार बीमारी के उन्मूलन के लिए सरकार की ओर से समय-समय पर अनेक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है लेकिन लोगों तक सही जानकारी नहीं मिलने के कारण इस बीमारी से ग्रसित हो जाते हैं ।इसकी रोकथाम के लिए शुक्रवार को रांची में ग्लोबल हेल्थ स्ट्रेटजी द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन मीडिया प्रमुखो के साथ किया गया। गलोबल हेल्थ स्ट्रेटजी के सीनियर डायरेक्टर अनुज घोष ने बताया कि फाइलेरिया एवं कालाजार ऐसी घातक बीमारी है जिसकी सही जानकारी लोगों तक नहीं पहुंच पाती है जिससे अधिकांश लोग इसके शिकार हो जाते हैं ।इसके उन्मूलन के लिए अधिक से अधिक लोगों तक मीडिया के माध्यम से सही जानकारी मिले जिसे कालाजार और फाइलेरिया जैसे घातक बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सकता है।

# नमो क्रिकेट कैंप एक से 10 जून तक कांके में, 28 को होगा ट्रायल




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** रांची के सांसद संजय सेठ की ओर से नमो क्रिकेट कैप का आयोजन किया गया है। कैंप एक जून से 10 जून तक शारदा ग्लोबल स्कूल बुकरू (कांके) में लगेगा। इस खेल के संयोजक संजय पोद्दार ने शुक्रवार को बताया कि अभी तक रांची के विभिन्न स्कूलों से 200 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। इसे लेकर 28 मई को शारदा ग्लोबल स्कूल बुकरू कांके में सभी प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बच्चों का ट्रायल आयोजित किया गया है। सभी बच्चों को सुबह 7:30 बजे रिपोटिंग करनी है। प्रातः 8:00 बजे से ट्रायल शुरू किया जाएगा। ट्रायल के आधार पर 50 बच्चों का चयन किया जाएगा ।प्रशिक्षण में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की उम्र सीमा 15 से 17 वर्ष निर्धारित की गई है। झारखंड के भूतपूर्व रणजी खिलाडी प्रदीप खन्ना के मार्गदर्शन में कैंप संपन्न होगा । यहां बच्चों को क्रिकेट के बेहतर गुर सिखाया जाएंगे। इस क्रिकेट कैप में नवोदित अंडर 17 क्रिकेटरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा ।

## चैंबर अध्यक्ष से बीएयू इंडस्ट्री मीट में उद्योगों की भागीदारी में सहयोग का आग्रह

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष किशोर मंत्री से मिला। विश्वविद्यालय द्वारा 2 और 3 जून को आयोजित दो दिवसीय बीएयू इंडस्ट्री मीट में उपस्थिति के साथ ही इसमें सहभागिता का आग्रह किया। बताया कि बीएयू द्वारा आयोजित मीट का उद्देश्य विश्वविद्यालय और उद्योगों के बीच संबंधों को मजबूत करना और इच्छुक छात्रों को निजी और एनजीओ क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करना है। बीएयू मीट के माध्यम से उद्योगों को अपने उत्पादों और सेवाओं को प्रदर्शित करने और गुणवत्तापूर्ण मानव संसाधन की भर्ती का अवसर मिलेगा। बीएयू के अधिकारियों ने चैंबर अध्यक्ष से बीएयू मीट में उद्योगों की भागीदारी में सहयोग का आग्रह किया, जिस पर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने सहमति जताई। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा 2 जून से आयोजित बीएयू इंडस्ट्री मीट का उद्घाटन सुबह 11 बजे कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, बीएयू में होगा।

## बदलाव 2024 से पहले नेताओं का पाला बदलने का दौर शुरू

# कांग्रेस नेता अजय साह समर्थकों के साथ बीजेपी में हुए शामिल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** 2024 के चुनाव से पहले नेताओं का पाला बदलने का दौर शुरू हो गया है। झारखंड में बीजेपी संगठनात्मक मजबूती के लिए अन्य दलों पर नजर रख रही है। जिसके तहत शुक्रवार को युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव अजय साह अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए हैं। महानगर भाजपा द्वारा आयोजित मिलन समारोह में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश और प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने शामिल होने वाले सभी लोगों का स्वागत किया। शिक्षाविद के साथ राजनीतिज्ञ भी हैं अजय साहः अजय साह युवा कांग्रेस में लंबे समय से रहे हैं। वो झारखंड और महाराष्ट्र में युवा कांग्रेस और एनएसयूसीआई के कई अहम पदों पर रहे हैं। राजनीति के अलावा अजय साह शिक्षाविद भी हैं। राजनीतिक और नैतिक विज्ञान के बतौर शिक्षक अजय साह राजधानी में एक कोचिंग संस्थान से भी जुड़े हुए हैं। इससे पहले भारत सरकार के ऑडिट विभाग में भी अजय साह कार्य कर चुके हैं, जहां से उन्होंने इस्तीफा देकर युवा कांग्रेस ज्वाइन किया था। मिलन समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली से प्रभावित होकर लोग भाजपा में लगातार शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कार्यकताओं से केन्द्र की मोदी सरकार के नौ वर्षों की उपलब्धि की जानकारी जनता तक पहुंचाने का आह्वान करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य सामने है और 2024 के चुनाव में तीसरी बार केन्द्र में मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनाना है।इस मौके पर महानगर भाजपा अध्यक्ष केके गुप्ता ने अजय साह का पार्टी में सम्मिलित होने पर खुशी जताते हुए कहा कि आने वाले समय में बीजेपी में बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। बीजेपी में शामिल होने वालों में चाणक्य आईएएस एकेडमी के सीईओ अभिनव मिश्रा, अधिवक्ता संजय साह, राजवर्धन, प्रवीण शंकर, ओम प्रकाश, ब्रजेश झा, वसीम खान, मिराज खान, राजेश प्रसाद ,शुभम झा, उज्ज्वल गुप्ता, अजय शर्मा, अभिजीत राज, अनीश देव, प्रखर लोहिया, रौशन गोनू, विशाल, उमाशंकर सहित कई लोगों के नाम हैं।

# आशुतोष द्विवेदी का महाकाल के दीवाना भजन हुआ लॉन्च



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** लोक गायक आशुतोष द्विवेदी का शुक्रवार को महाकाल के दीवाना भजन लॉन्च किया गया। लॉन्चिंग सामाजिक संस्था विकास भारती के सचिव पद्मश्री अशोक भगत ने बरियातू रोड स्थित आरोग्य भवन में किया। पोस्टर का अनावरण एवं यूट्यूब में गीत को अपलोड कर भजन की लॉन्चिंग की गई। भगत ने आशुतोष द्विवेदी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर राम सेवक शाही एसोसिएट कंपनी के निदेशक आनंद शाही, पंकज कुमार साहू, मनोज कुमार, यशवंत कुमार सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे। राजधानी वीडियो फिल्म स्टूडियो की ओर से निर्मित इस भक्ति एलबम में एक गीत है, जिसका नाम महाकाल के दीवाना है। इसके प्रोड्यूसर आनंद शाही, निमार्ता प्रमोद राय, निदेशक रिलेशंस इवेंट्स एंड पीआर मैनेजमेंट सह निर्देशक बीके राजमती , गीत ऋषभ सिंह, संगीत मुकुल शर्मा ने दिया है। यह जानकारी पीआरओ संजय पुजारी ने दी।

NEWS इन ब्रीफ

### उत्तम राज को सब जूनियर वॉलीबॉल प्रतियोगिता में तकनीकी सदस्य बनाया

**रांची।** भारतीय वॉलीबॉल महासंघ के सचिव अनिल कुमार ने सचिव झारखंड वॉलीबॉल संघ शेखर बोस को एक पत्र लिखकर, उत्तम राज, कोषाध्यक्ष, झारखंड वालीबॉल संघ को 45 वीं सब जूनियर वॉलीबॉल प्रतियोगिता में सदस्य तकनीकी समिति, सह सदस्य एज स्क्रीनिंग समिति के रूप में मनोनीत किये जाने की सूचना दी। श्री राज के मनोनयन पर झारखंड वॉलीबॉल संघ के चेयरमैन, सुबोध कांत सहाय, अध्यक्ष, आर० के० आनंद, कार्यकारी अध्यक्ष, सुनील सहाय , सचिव-शेखर बोस, वरीय उपाध्यक्ष, ी किरण थाम्पकिंसन सह-सचिव संजय कुमार, सहित अन्य सभी पदाधिकारियों सहित जिला संघ के पदाधिकारियों ने भी श्री राज को शुभकामनाएं दी।

### प्रमंडलीय आयुक्त को कोल्हान विवि के वीसी का प्रभार

**रांची।** कोल्हान विश्वविद्यालय के वीसी का प्रभार प्रमंडलीय आयुक्त को सौंपा गया है। इसका आदेश राज्यपाल के ओएसडी (जे) ने शुक्रवार को जारी कर दिया है। आदेश के अनुसार कोल्हान विवि सहित कई विवि में नियमित कुलपति की नियुक्ति प्रक्रियाधीन है। राज्यपाल सह कुलाधिपति ने एक अंतरिम व्यवस्था के तहत कोल्हान प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त को कोल्हान विवि का कुलपति मनोनीत किया है। वह अगले आदेश तक रुटीन कार्यों का निष्पादन करेंगे। आदेश में कहा गया है कि रुटीन कार्य को छोड़कर किसी भी नीतिगत मामले के लिए राज्यपाल सह कुलाधिपति की मंजूरी लेनी होगी। उल्लेखनीय है कि कोल्हान विवि के वर्तमान वीसी डॉ गंगाधर पांडा और प्रो. वीसी डॉ कामिनी कुमार का कार्यकाल 27 मई को पूरा हो रहा है।

### संजय सेठ ने कामाख्या माता का दर्शन किया

**रांची।** रांची सांसद संजय सेठ ने सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की संसदीय समिति के स्टडी टूर के दौरान असम में कामाख्या माता के दर्शन किए। इस दौरान उन्होने माता से अपने क्षेत्र, अपने राज्य के लिए सुख, शांति और समृद्धि की कामना किया।

### पुलिस एसोसिएशन चुनाव की तारीख बदलने की मांग

**रांची।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन का चुनाव 16 जून को होना है। लेकिन अध्यक्ष पद के प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह ने डीजीपी समेत अन्य वरीय अधिकारियों को पत्र लिखकर चुनाव की तारीख बदलवाने की मांग की है। कमलेश ने लिखा है कि एएसआई से दरोगा में प्रमोशन पा चुके पुलिसकर्मियों का प्रमोशन 15 जून तक होना है। प्रशिक्षण के दौरान ही वर्तमान अध्यक्ष ने चुनाव की तिथि रख दी। जिससे एक बड़ा तबका चुनाव कार्यक्रम से बाहर हो जाएगा।

### देशभर की पुलिस ने भेजी रिपोर्ट, चार रिमाइंडर के बाद भी लापरवाह झारखंड पुलिस

# 53 बिंदुओं पर बीपीआरएनडी को सौंपी थी रिपोर्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय के पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो झारखंड पुलिस से 48 वीं ऑल इंडिया पुलिस साइंस कांग्रेस की संकल्प क्रियान्वयन रिपोर्ट मांग रही है। लेकिन चार बार की रिमाइंडर के बाद भी झारखंड पुलिस ने अबतक एक्शन टेकर रिपोर्ट (एटीआर) पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (बीपीआरएनडी) को नहीं सौंपी है। चौकानें वाली बात यह है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजे जाने वाली एटीआर नहीं भेजने वालों में झारखंड व एक अन्य राज्य ही शामिल हैं। झारखंड के द्वारा एटीआर नहीं भेजे जाने पर केंद्रीय गृह मंत्रालय के द्वारा क्रियान्वयन बिंदुओं पर शोकॉज भी किया जा सकता है।




**20 दिसंबर 2022 को मांगी गई थी रिपोर्ट :** भारत सरकार की बीपीआरएनडी ने 22 दिसंबर 2022 को पहली बार क्रियान्वयन रिपोर्ट मांगी थी। इसके बाद सीआईडी ने इस संबंध में सभी आईजी, सभी जिलों के एसपी, निदेशक राज्य विधि प्रयोगशाला, सभी समादेष्टाओं से क्रियान्वयन के बिंदुओं पर रिपोर्ट मांगी थी। बाद में पांच जनवरी, 14 मार्च, 6 अप्रैल और 3 मई को भी रिमाइंडर भेज कर रिपोर्ट की मांग की गई थी। लेकिन कहीं से भी क्रियान्वयन रिपोर्ट नहीं भेजी गई। इस बार पुनः सीआईडी डीआईजी ने बीपीआरएनडी के पत्र के आलोक में सभी जिलों को रिमाइंडर भेजा है।

**बीपीआरएनडी के अधिकारियों ने जतायी है चिंता :** 48 वीं ऑल इंडिया पुलिस साइंस कांग्रेस की क्रियान्वयन रिपोर्ट को लेकर बीपीआरएनडी के अधिकारियों ने 22 मई को सभी राज्य के नोडल पदाधिकारियों के साथ एटीआर की प्रगति की समीक्षा की थी। तब झारखंड व एक अन्य राज्य ने ही एटीआर ससमय नहीं भेजा था। छह माह से अधिक अरसा बीतने के बाद भी एटीआर नहीं देने को बीपीआरएनडी और राज्य की सीआईडी ने अब गंभीर माना है। बीपीआरएनडी के अधिकारियों ने खेद जताते हुए अब राज्य पुलिस को 31 मई तक का वक्त दिया है। सीआईडी ने भी अब पूरे मामले में जल्द से जल्द रिपोर्ट मांगी है ताकि इस बार समय से रिपोर्ट भेजी जा सके।

**पुलिस सुधार के संबंध में 53 बिंदुओं पर मांगी है जानकारी**

48 वीं ऑल इंडिया पुलिस साइंस कांग्रेस में बीपीआरएनडी ने पुलिस सुधार पर 53 अहम बिंदु सुझाए थे। इन बिंदुओं पर जिलों से लेकर मुख्यालय व बटालियनों में क्या कार्रवाई हुई इसका एटीआर पुनः बीपीआरएनडी ने मांगा है। इस बार ससमय रिपोर्ट झारखंड से नहीं भेजा गया तो केंद्र से द्वारा इस मामले में शोकॉज किया जा सकता है।

### कामकाज की सीआईडी आईजी ने की समीक्षा

# पुलिस की गलती से केस में अपराधी बरी हुए तो होगी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य पुलिस के समक्ष हाल में कई मामले सामने आए हैं जब पुलिस महत्वपूर्ण कांड में आरोपियों को सजा नहीं दिला पायी है। राज्य पुलिस के अनुसंधान के स्तर को सुधारने को लेकर शुक्रवार को सीआईडी आईजी असीम विक्रांत मिंज ने सभी जिलों में स्पेशल इंवेस्टिगेशन एंड प्रोसिक्यूशन यूनिट (सीपू) के कामकाज की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि पुलिस के कई मामलों में सजा दिला पाने के अनुपात में केस में बरी होने का अनुपात बढ़ा है। ऐसे में सीपू की बैठक में सभी रेंज के डीआईजी को निर्देश दिया गया है कि वह कोर्ट में चल रहे मामलों की मॉनिटरिंग करें। जिन मामलों में पुलिस कर्मियों या गवाहों के पलटने के कारण आरोपियों को सजा नहीं मिल पाती, उन मामलों में पुलिसकर्मियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई करें।

**सीपू की बैठक में सभी रेंज के डीआईजी को निर्देश दिया गया है कि वह कोर्ट में चल रहे मामलों की मॉनिटरिंग करें**

**आपराधिक मामलों में अपील में जाए पुलिस :** सीपू की बैठक के दौरान रेंज डीआईजी को सीआईडी आईजी ने कहा जिन मामलों में निचली अदालत में पुलिस आपराधियों को सजा नहीं दिला पाती, उन मामलों में पुलिस स्वयं ऊपरी अदालत में अपील में जाए। वहीं संगठित आपराधिक गिरोह का कोई सदस्य किसी केस में बरी होता है तो उसके खिलाफ डोजियर खोला जाए, ताकि जेल से छूटने के बाद उभी उसके गतिविधियों की मॉनिटरिंग हो सके। वहीं सभी डीआईजी को निर्देश दिया गया है कि प्रमुख मामलों के ट्रायल पर वह खुद नजर रखें।

## खूंटी में असरदार रहा आरक्षण रोस्टर के खिलाफ पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति का बंद



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

आरक्षण रोस्टर में खूंटी सहित राज्य के सात जिलों में पिछड़ी जाति को शून्य दर्शाए जाने पर इन सात जिलों में पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति की ओर से आहूत बंद शुक्रवार को जिला मुख्यालय खूंटी में असरदार रहा। बंद के इस आह्वान पर शहर के मुख्य पथ सहित कर्रा रोड, तोरपा रोड, पिपरा टोली, डीएवी रोड, मिश्रा टोली, आजाद रोड, बाजार टांड़ आदि क्षेत्रों की अधिकांश छोटी-बड़ी सभी दुकानें और अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठान स्वतः स्फूर्त बंद रहे। जिला मुख्यालय के अलावा जिला के मुरहू, तोरपा आदि प्रखंड मुख्यालयों में भी बंद का असर साफ नजर आया। इन प्रखंडों में भी शुक्रवार को अधिकांश दुकानें बंद रहे। पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के जिला संयोजक जितेंद्र कश्यप ने बंदी को अभूतपूर्व बताते हुए बंद को समर्थन देने के लिए सभी व्यापारियों और वाहन संचालकों को आभार व्यक्त किया है। खूंटी जिला के जिलास्तरीय नौकरी में पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को शून्य कर दिए जाने को लेकर पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को उपायुक्त शशि रंजन से मिला और उन्हें राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि खूंटी सिमडेगा गुमला पश्चिमी सिंहभूम दुमका और लातेहार जिला के जिला स्तरीय नौकरी में बीसी और ओबीसी का आरक्षण शून्य कर दिया गया है जबकि उक्त सभी जिलों में पिछड़े वर्ग के लोग काफी संख्या में निवास करते हैं।

### सीयूईटी नामांकन प्रक्रिया बाध्यकारी ना बने

# अन्य वैकल्पिक व्यवस्था से भी हो नामांकन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) की रांची विश्वविद्यालय इकाई के द्वारा महामहिम राज्यपाल सह कुलाधिपति के नामित मांगपत्र रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा को सौंपा। अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का नेतृत्व कर रहे विश्वविद्यालय अध्यक्ष नीतीश सिंह ने कुलपति महोदय को मांगपत्र सौंपते हुए कहा कि सीयूईटी झारखंड के 03 लाख गरीब छात्रो पर अनावश्यक रूप से किया गया आर्थिक प्रहार है इसके अलावे कोई और प्रत्यक्ष रूप से इसका लाभ नही है। झारखंड एक पिछड़ा राज्य हैं जहां लाखो गरीब घर के बच्चे झारखंड बोर्ड जैक से पढ़ाई करते है जिनकी थोड़ी सी भी आर्थिक स्तिथि अच्छी होती है वे अपने बच्चों को निजी स्कूलों से पढ़ाई करवाते है। इस वर्ष जैक बोर्ड की 12वीं के परीक्षा में शामिल छात्रो की संख्या लगभग 03 लाख है। सीयूईटी के परीक्षा में शामिल होने का शुल्क झारखंड के कई विश्वविद्यालयों के नामांकन शुल्क से भी अधिक है। जंहा 1300-1400 रु में नामांकन हो जाता है वही सिर्फ सीयूईटी के परीक्षा में शामिल होने के लिए 1500 रु. का शुल्क चुकाना पड़ रहा है। विडंबना तो यह है की सीयूईटी के माध्यम से नामांकन प्रक्रिया में जाने के बाद परीक्षा केंद्र अन्य शहरों एवम राज्यों में दिया जा रहा है जो अनावश्यक रूप से छात्र छात्राओं पर आर्थिक बोझ बढ़ा रहा है। इस एंट्रेंस परीक्षा के बाद फिर से चांसलर पोर्टल के माध्यम से ही नामांकन होना है। लेकिन जंहा इंटर के अंको से मेरिट तैयार की जाती थी वहीं अब सीयूईटी के स्कोर कार्ड से मेरिट बनेगी। इंटर में पास होने की अहर्ता मात्र रह जाएगी। यदि कोई छात्र सीयूईटी में अच्छा स्कोर कर जाता है और इंटर में अनुतीर्ण हो जाता है तो उसका नामांकन नहीं होगा ऐसी स्तिथि में छात्र का पैसा डूब जाएगा। जंहा जैक बोर्ड और केंद्रीय बोर्ड का अलग सिलेबस होता था वहीं आज दोनों का सिलेबस एक ही होगा। इसका परिणाम यही होगा कि दूषित शिक्षा प्रणाली का शिकार जैक बोर्ड के छात्र संसाधन से परिपूर्ण केंद्रीय बोर्ड के छात्रो से पिछड़ जाएंगे और गरीब घर के छात्र उच्च शिक्षा से वंचित रह जाएंगे। सीयूईटी कंप्यूटर आधारित परीक्षा होगी जिसमें जैक बोर्ड और जमीन क्षेत्र के अनुभवहीन छात्रो को बहुत परेशानी होगी। जैक बोर्ड की लचर शिक्षा व्यवस्था और झारखंड के शिक्षा का कमजोर वातावरण में यह अनावश्यक साबित होता है। सीयूईटी का मूल मकसद केंद्रीय विश्वविद्यालयों के नामांकनों में एकरूपता ओर समान अवसर के लिए किया गया था। केंद्रीय विश्वविद्यालयों में नामांकन के लिए बहुत प्रतिस्पर्धा होती इसलिए वहां प्रवेश परीक्षाएं की जाती है किंतु यहां के राज्य विश्वविद्यालयों में सीटें रिक्त ही रह जाती है। इसलिए सीयूईटी को झारखंड में अभी लागू नही किया जाना चाहिए। यूजीसी के पत्र में उवएळ के लिए कही भी स्टेट यूनिवर्सिटी को बाध्य नहीं किया गया हैं बल्कि आमंत्रित किया गया था।




**इस एंट्रेंस परीक्षा के बाद फिर से चांसलर पोर्टल के माध्यम से ही नामांकन होना है**

### भाजपा कार्यकर्ता की माता का हुआ निधन

**बेड़ो।** लापुंग प्रखंड के लालगंज गांव निवासी समाजसेवी सह भाजपा कार्यकर्ता चरकु साहू की माता 65 वर्षीय फूलो देवी का शुक्रवार को करीब अपराह्न तीन बजे अपने निवास स्थान में निधन हो गया। निधन की सूचना मिलने पर भाजपा नेता सन्नी टोप्पो लालगंज स्थित घर जाकर स्वजनों से मुलाकात कर ढाढ़स बंधाया व भंगी नदी घाट लालगंज में अंतिम संस्कार में शामिल हुए। सन्नी टोप्पो ने कहा कि इस दुख की इस घड़ी में पूरा भाजपा परिवार आपके परिवार के साथ खड़ा है। कहा मनुष्य का आना जाना जीवन का एक सत्य है परंतु अपनों का असमय जाना बहुत दुख देता है। मुखाग्नि बड़े बेटे शिवराम साहू ने दी। वे पति भोदो साहू सहित पांच भाई बहन बराती देवी, प्रभा कुमारी, ललित देवी, शिवराम साहू, चरकु साहू सहित भरा पुरा परिवार छोड़ कर चली गई। अंतिम यात्रा में रंजन गुप्ता,विजय सिंह,प्रेम कुमार साहू,दुखहरन सिंह, अनूप साहू, लखन साहू, ब्रज साहू, दीलकु साहू, अजय साहू, संदीप साहू, राजू साहू, हेमचंद्र साहू, रामब्रित साहू,फलिन्दर हाजाम, अशोक साहू, गौतम साहू सहित दर्जनों लोग शामिल हुए।

## वज्रपात से पांच बकरी की मौत व एक ही परिवार के तीन लोग झुलस

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो प्रखंड के हुलसी गांव में शुक्रवार को लगभग 12 बजे दिन में अचानक बारिश के साथ ठनका के चपेट में आने से तीन लोग घायत हो गये। वही पाँच बकरी की वज्रपात से मौत हो गई। पीडित लोगो के परिजनो ने बताया कि जंगल में बकरी चराने गये एक ही परिवार के तीन लोग बिरसा उरांव 40 वर्ष, पत्नी दिला उरांव 38 वर्ष और पुत्र अनिल उरांव 5 वर्ष झुलस गये। वहीं उनके पांच बकरी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद बिरसा उरांव ने बताया कि हुलसी जंगल में अपने पांच बकरियों को लेकर चराने गए हुए थे। इसी दौरान अचानक मौसम खराब के होने के साथ बारिश और गर्जन होने लगी। जिसके बाद बारिश से बचने का आसपास में बचने का प्रयास किया लेकिन पास में बचने का कोई जगह नहीं था। तभी वज्रपात के चपेट में सभी आ गए। जिससे मेरे पांच बकरी की मौत हो गयी वहीं हमलोग भी वज्रपात की चपेट में आकर घायल हो गए। इधर परिजनो ने ग्रामीणों के सहयोग से वज्रपात से घायल व्यक्ति को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया जहां चिकित्सक ने घायलो का बेहतर इलाज कर घर भेज दिया।



### नाबालिग को धमका कर रहा था दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** हिंदपीढ़ी थाने की पुलिस ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जेल जाने वाले आरोपी का नाम मो आसिफ है और वह हिंदपीढ़ी नेजाम नगर का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार आरोपी आसिफ नाबालिग लड़की को बहला-फुसला कर पांच महीने से उसके साथ दुष्कर्म कर रहा था। नाबालिग जब इसका विरोध करती तो आरोपी उसके साथ मारपीट किया करता था। आरोपी की बदसलूकी से परेशान नाबालिग घर से निकलना भी बंद कर दी थी।

## पांच एकड़ जमीन पर आम बागवानी योजना की शुरूआत

**दुमका ।** दुमका जिले में पहाड़िया आदिम जनजाति के परिवारों करे बिरसा हरित ग्राम योजना से जोड़ा जा रहा है। इसके तहत शुक्रवार को दुमका सदर प्रखंड की आसनसोल पंचायत के पहाड़िया टोला में पांच पहाड़िया जनजाति लाभुकों की पांच एकड़ जमीन पर बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम बागवानी योजना शुरू की गयी। उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा ने योजना स्थल पर पहला गड्ढा खोद कर इस योजना ही शुरूआत की। इस अवसर पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने बताया कि इस आम बागवानी योजना को मनरेगा पार्क के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जायेगा। इसके लिए एक डोभा, दो बिरसा सिंचाई कूप योजना, चार नाडेप टैंक, जलकुंड, पोल्ट्री शेड भी स्वीकृत किया जायेगा। लाभुक सीताराम पुजहर ने बताया गया कि इस योजना स्थल पर वे पहले सब्जी उपजाते थे। बड़तल्ली मनरेगा पार्क से प्रेरित होकर वे परिवार के सदस्यों के साथ यहाँ भी मनरेगा पार्क विकसित करना चाहते है।

### पूजा | राजकीय श्रावणी मेला का उद्घाटन तीन जुलाई को

# देवघर श्रावणी मेले में वीआईपी-वीवीआईपी दर्शन पर रहेगी रोक

**नवीन मेल संवाददाता। देवघर**

उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में राजकीय श्रावणी मेले की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक हुई। उपायुक्त ने विभागवार मेला क्षेत्र में किये जाने वाले विभिन्न कार्यों की बिन्दुआर समीक्षा की। साथ ही संबंधित विभागों के आवंटन स्वीकृति से जुड़े कार्यों पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त ने बताया कि तीन जुलाई को राजकीय श्रावणी मेला का उद्घाटन होगा। इसके पश्चात चार जुलाई से 17 जुलाई तक पहले चरण के मेला के बाद 18 जुलाई से 16 अगस्त तक मलमास के बाद पुनः 17 अगस्त से 31 अगस्त तक दूसरे चरण का श्रावणी मेला की तिथि निर्धारित है। ऐसे में सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में की जाने वाली तैयारियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष रूप से इंतजाम करने की आवश्यकता है, ताकि बाहर से आने देवतुल्य श्रद्धालु सुलभ व सुरक्षित जलार्पण के साथ एक अच्छी अनुभूति प्राप्त कर अपने गंतव्य की ओर रवाना हों। उपायुक्त ने राजकीय श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा को लेकर वीआईपी, वीवीआईपी दर्शन पर पूर्ण रूप से बंद रहने की बात कही, ताकि श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अलावा उन्होंने मेले के दौरान पेड़ा बनाने हेतु खोवा के साथ अन्य खाद्य पदार्थों पर विशेष निगरानी करने के अलावा मिलावट करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिया। साथ ही बाहर से देवघर आने वाले खोवा पर निगरानी के लिए रेलवे के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश उपायुक्त ने संबंधित अधिकारी को दिया। उपायुक्त ने सम्पूर्ण मेला क्षेत्र अन्तर्गत आवंटित 21 ओपी क्षेत्र का भ्रमण कर वहां मेला के लिए की जाने वाली व्यवस्थाओं यथा पंडाल, पथ निर्माण, पथ प्रकाश, कांवरियों के लिए पेयजल, शौचालय, वैकल्पिक प्रकाश व्यवस्था आदि की अद्यतन स्थिति की जांच करने पश्चात की जाने वाली तैयारियां पर चर्चा करते वस्तुस्थिति से अवगत हुए। उन्होंने मेले के दौरान विधि व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण एवं अपराध नियंत्रण के साथ यातायात की सुव्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सम्पूर्ण मेला क्षेत्र को सीसीटीवी से कनेक्टेड करने की बात कही, ताकि सभी ओपी की गतिविधियों एक दूसरे से जुड़ी रहे। उपायुक्त ने एक-एक कर दुम्मा से खिजुरिया रूटलाईन, बीएन झा पथ मोड़ शिवगंगा घाट, बाबा मंदिर से फुट ओवरब्रिज तक, क्यू कॉम्प्लेक्स, तिवारी चौक से बीएड कॉलेज व बरमसिया चौक, नंदन पहाड़ से सिंघवा कालीबाड़ी मोड़ तक, सिंघवा से कुमैठा क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा व्यवस्थाओं पर चर्चा की।



### प्रताड़ना से तंग आकर मधु ने की आत्महत्या, पति गिरफ्तार

**रांची।** धुर्वा थाना क्षेत्र के पटेल मैदान के समीप रहने वाली विवाहिता मधु कुमारी के आत्महत्या के मामले में पति अमन कुमार समेत ससुराल वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। विवाहिता के भाई जीतेंद्र कुमार के बयान पर दर्ज प्राथमिकी में अमन के अलावा उसके पिता, सास और देवर को आरोपी बनाया गया है। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अमन मुंबई में एक फैक्ट्री में काम किया करता है। जीतेंद्र ने आरोप लगाया है कि दहेज के लिए पति समेत पूरे ससुराल वाले उनकी बहन मधु को प्रताड़ित करते थे। शादी के बाद से ही पति उनकी बहन से दो लाख रुपए की डिमांड कर रहे थे। धमकी दी थी कि रकम नहीं मिला तो वह उसे छोड़ देगा। रकम देने से इंकार करने पर उनकी बहन के साथ मारपीट भी की जाती थी। इधर, रिम्स में पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शुक्रवार मधु का शव बिहार के वैशाली लेकर चले गए। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# कृषि विभाग की बैठक में बादल पत्रलेख ने दिए कई निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। दुमका**

संताल परगना प्रमंडलीय स्तरीय कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, पशुपालन विभाग एवं मत्स्य विभाग की शुक्रवार को बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने किया। बैठक में बीज उठाव एवं वितरण, मिलेट मिशन, कृषि ऋण माफी योजना, सुखाड़ राहत योजना, कृषि आधारभूत संरचना, किसान पाठशाला के लिए जमीन चिन्हित करना आदि विषयों पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। मंत्री ने कहा कि ससमय बीच उठाव कर किसानों के बीच वितरण किया जाये। उन्होंने कहा कि बीज वितरण में लैम्प्स पैक्स, स्वयं सहायता समूह की सहभागिता सुनिश्चित होनी चाहिए। योग्य एवं सही किसानों तक योजना का लाभ मिले। इसके लिए पूरी पारदर्शिता के साथ बीज वितरण किया जाये। उन्होंने बीज वितरण अभियान को संतोषजनक नहीं बताया। उन्होंने पंचायत स्तर पर मुखिया एवं ग्राम प्रधान को भी शामिल करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का आयोजन कर किसानों के बीच बीज कीट का वितरण किया जाये। किसी प्रकार की समस्या नहीं हो इसके लिए जिला प्रशासन ब्लॉक एवं पंचायत स्तर पर पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया। बीज वितरण के उपरांत उसकी एक रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया। सुखाड़ राहत योजना अंतर्गत जल्द से जल्द लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया। मंत्री ने कृषि ऋण माफी योजना के अंतर्गत ईकेवाईसी का लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि किसान पाठशाला के लिए अपने-अपने जिले से जमीन चिन्हित कर प्रस्ताव भेजा जाये। सॉइल हेल्थ कार्ड, एग्री क्लीनिक के लिए मंत्री के पास प्रस्ताव रखा गया। बैठक में डीसी रविशंकर शुक्ला समेत सभी जिले के कृषि पदाधिकारी, सहकारिता पदाधिकारी, मत्स्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



# प्रखंड के कई जलमीनार हुए बीमार, सरकार का लाखों रुपए हुए बेकार

**पीएचडी विभाग के 50 फीसदी से भी अधिक पेयजल स्रोत बेकार**

**टेंडर की अवधि समाप्त हो चुका है, कोष के अभाव में कार्य है बाधित, वरीय पदाधिकारियों को दी गई है सूचना : जेई**



**जयदीप कुमार सिन्हा**

**बरही ।** प्रखंड के पूर्वी, पश्चिमी, मलकोको, कोल्हूआकला आदि सहित कई पंचायतों में पानी को लेकर हाहाकार मचा है। कोनरा पंचायत के पूर्व मुखिया सह वर्तमान मुखिया पति मो ताजुद्दीन ने बताया कि उनके पंचायत में 4 सोलर जलमीनार है ।जिसमे एक का बोरिंग धंसने और एक के टंकी चोरी होने के कारण खराब है ।वही बेंदगी के मुखिया सिकंदर राणा ने बताया कि उनके पंचायत में मात्र दो जलमीनार है, जिसमे एक खराब है। वही पूर्वी पंचायत के पूर्व मुखिया और वर्तमान मुखिया पति छोटन ठाकुर के अनुसार उनके पंचायत में पीएचडी से बने 7 जलमीनार में 5 खराब पड़े है । वही करीब ढाई लाख की लागत से बने 6 जलमीनार में दो ड्राई हो चुके है। वही पीएचडी से बने 10 नलकूप खराब है । पूर्वी पंचायत में पेयजल के लिए हाहाकार मचा है। बसरिया उर्फ पंचमाधव पंचायत की भी कुछ ऐसा ही है । पूर्व मुखिया सह वर्तमान मुखिया पति हरेंद्र यादव ने बताया कि उनके पंचायत में विभिन्न मद से कुल मिलाकर 25 जलमीनार है। जिसमें पीएचडी से 7 बने है, जिसकी स्थिति बदतर है। वही 2011- 12 में लघु सिंचाई योजना से करीब 25 लाख की लागत से बना कोलंगा और बसरिया का जलमीनार पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। इससे करीब 100 से भी अधिक घरों में पानी पहुंचाया जाना था मलकोको पंचायत के मुखिया विजय कुमार यादव ने भी बताया कि उनके पंचायत में भी पेयजल संकट बरकरार है। 2.49 लाख की लागत से मुखिया कोष से 10 जलमीनार लगाए गए थे, जिसमें 1 खराब है । वही 2011 में पीएचडी से करीब 9 लाख की लागत से बुंडू, बेलादोहर और चतरो में जलमीनार लगाए गए थे । इनमे दो खराब है, जबकि बुंडू विद्यालय परिसर के खराब पड़े जलमीनार को मुखिया कोष से निर्माण करवाया गया है। पंचायत में 50 से भी अधिक चापाकल है जिसमे करीब 30 चापाकल खराब पड़ा है। पेयजल की घोर की समस्या है । मुखिया ने बताया कि पीएचडी को कई बार नलकूप मरम्मत हेतु खबर किया गया परंतु अब तक सार्थक परिणाम नहीं मिले हैं । यही स्थिति कमोबेश प्रखंड के सभी पंचायतों से सुनने को मिली है। जेई ने बताया : पीएचडी के जेई बिमल किशोर की माने तो टेंडर की अवधि समाप्त हो चुकी है। जलमीनार निर्माण के बाद ग्रामीणों को सौप दिया जाता है। जिसे गांव वालो को हो ही अपने देखभाल में चलाना है। कोष उपलब्ध नहीं होने के कारण खराब जलस्रोत नही बनाए जा सक रहे है। स्थानीय मुखिया कोष से बनाया जाना चाहिए था । लेकिन ऐसा नही होकर नए जलस्रोत बनाया जा रहा रहे हैं, जबकि मरम्मती करवाने से कम लागत में ही चालू किया जा सकता है ।

## हजारीबाग में अर्जुन मुंडा ने किया डॉ जे शरण पैथोलॉजिकल लैब का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** नेशनल एक्रिडेशन बोर्ड ऑफ लेबोरेटरी से मान्यता प्राप्त डॉ जे शरण पैथोलॉजी लैब का उद्घाटन शुक्रवार को केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने किया। गौरतलब है कि रांची के बाद हजारीबाग सदर अस्पताल के पास डॉ जे शरण पैथोलॉजी का यह दूसरा ब्रांच है। उद्घाटन के मौके पर अर्जुन मुंडा ने कहा कि वर्षों से यह लैब लोगों के भरोसे पर खरा उतर रहा है। उच्च स्तरीय मशीनों से मरीजों की जांच की जाती है। जिससे विश्वसनीयता बनी रहती है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में डॉ जे शरण एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आ रहे हैं। हजारीबाग और इसके आसपास के क्षेत्र के लोगों को लिए यह लैब वरदान साबित होगा. अर्जुन मुंडा ने कहा कि मरीजों की बेहतर जांच होगी तो बीमारी की पकड़ जल्दी होगी। इससे डॉक्टरों को इलाज करने में सहूलियत होगी। शहर के प्रमुख स्थान पर यह लैब खुल जाने से लोगों को इसका लाभ मिलेगा। हजारीबाग के विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग से तीन जिले नवादा, कोडरमा और चतरा सटा हुआ है। इससे यहां के मरीजों को राहत मिलेगी।

**प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन**

# टीबी रोग से बचाव के लिए जागरूकता जरूरी : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी मुक्त पंचायत बनाने को लेकर शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान यक्ष्मा कार्यक्रम समन्वयक आशीष आईन के द्वारा पीपीटी के माध्यम से टीबी मुक्त पंचायत बनाने से संबंधित पंचायती राज्य सदस्यों का उन्मुखीकरण हेतु टीबी बीमारी के लक्षण व बचाव से संबंधित विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा ने कहा कि 2025 तक पूरे देश को टीबी मुक्त करने के लिए बहुत जरूरी है कि इस दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाए एवं सभी लोग इस में अपना योगदान दें। इस दौरान उपायुक्त टीबी रोग को पहचानने एवं इससे जुड़ी विभिन्न भ्रांतियों के संबंध में सभी को विस्तार से जानकारी देते हुए रोग के उपचार का व्यापक प्रचार-प्रसार करने, रोग के लक्षण को पहचाने एवं इसमें सभी कार्यालयों, निजी संस्थानों, अस्पतालों, एजेंसियों आदी के महत्व की सभी को जानकारी दी। साथ ही उपायुक्त ने कहा की देश से टीबी रोग को खत्म करने के पंचायत स्तर से लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है अधिक से अधिक कार्यशाला या कार्यक्रमों के माध्यम से टीबी रोग के लक्षण व उनके बचाव के बारे में लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारी व अन्य सक्षम लोगों से अपने सामर्थ्य के अनुसार मरीजों को गोद लेने एवं जो भी मदद वे मरीजों को पहुंचा सकते हैं उस दिशा में कार्य करने की अपील की। बैठक के दौरान जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी,जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज, जिला सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी, सभी अंचल पदाधिकारी व प्रखंड विकास पदाधिकारी, पिरामल स्वास्थ्य से अजय नारायण दुबे, पंचायती राज्य के सदस्य संहिता ने उपस्थित थे।

# श्री दिगंबर जैन मंदिर का प्रथम वार्षिक महामहोत्सव धूमधाम से मनाया गया





**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर के मेन रोड स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर का प्रथम महामहोत्सव शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर सर्वप्रथम श्रीजी का जलाभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन किया गया। इस दौरान पंडित दीपक जैन, पंडित राजेश जैन एवं सुभाष पाटनी, देवेन्द्र गंगवाल के सानिध्य मे बड़े ही सुंदर धूमधाम से पंच परमेष्ठि विधि विधान विधि पूर्वक संपन्न किया गया। महामहोत्सव के दौरान स्वर्ण कलश से जलाभिषेक करने का सौभाग्य पंकज कुमार सेठी, जीवनमल जंबू पाटनी, हरकचंद विवेक अजमेरा, विद्या प्रकाश पदम चंद छाबड़ा, विमलचंद राहुल कुमार छाबड़ा को प्राप्त हुआ। वहीं, शांतिधारा करने का सौभाग्य पंकज कुमार सेठी, धरमचंद अविनाश विनायका, निर्मल कुमार नवनीत विनायका को प्राप्त हुआ। श्री दिगंबर जैन मंदिर के प्रथम वार्षिक महामहोत्सव में समाज के अध्यक्ष मानिक चंद जैन पाटनी, उपाध्यक्ष अरविन्द सेठी, समाज सचिव नागरमल गंगवाल, कोषाध्यक्ष जम्मू पाटनी, कार्यक्रम संयोजक नरेंद्र छाबड़ा, अशोक सेठी, रमेश सेठी, सुभाष पाटनी, देवेंद्र गंगवाल,ललित चूड़ीवाल,अंकित जैन, बिनोद पहाड़िया, राजेंद्र चूड़ीवाल, पदमचन्द छाबड़ा, मांगीलाल चूड़ीवाल, सुशील चूड़ीवाल, नितिन पाटनी, जीवन पाटनी , मीडिया प्रभारी राहुल जैन पाटनी, महावीर प्रसाद गंगवाल,महेंद्र बगड़ा, टीकमचंद बगड़ा, सुमित जैन, प्रदीप पाटनी,अशोक काला, राजू सेठी, प्रमोद सेठी, बंटी सेठी, राजू पाटनी, सुनील पाटनी, सुनील सेठी,अजय पाटनी ,विनय जैन, विकी अजमेरा,सौरव अजमेरा, प्रकाश चंद अजमेरा,संजय सेठी, श्याम जैन, सुनील छाबड़ा, विकास सेठी, ललित गंगवाल, सुभाष पाटनी' महेश जैन ,निशांत सेठी, बबलू सेठी, सुभाष सेठी, सरवण सेठी,योगेश सेठी, अरविंद पाटनी अमराव देवी पाटनी, अरुणा जैन, जीवनमाला गंगवाल, खुसबू चुड़ीवाल, ममता गंगवाल, उषा पाटनी, पुष्पा अजमेरा,स्वेता अजमेरा, कुसुम पाटनी, सुनीता सेठी, सरिता छाबड़ा, अनीता चूड़ीवाल, प्रिया पाटनी, सुधा सेठी, स्वेता पाटनी, सुनीता चूड़ीवाल, मिथलेश जैन, किरण सेठी, रेखा पाटनी, मनीषा पाटनी, सरला सेठी, शारदा अजमेरा, उषा अजमेरा, प्रेम काला, स्वेता काला, बंटी पाटनी,उषा सेठी, बीना बगड़ा, कविता पाटनी, निशा बगड़ा, बीना सेठी, मीना सेठी, बबिता सेठी, गुणमाला सेठी, संजू सेठी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

# शतचंडी महायज्ञ को लेकर नगर भ्रमण में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत बरकट्ठा डीह के कोशो में आयोजित सात दिवसीय श्री श्री 1008 श्री शतचंडी महायज्ञ सह पिंडी जीर्णोद्धार के छठे दिन नगर भ्रमण में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शोभायात्रा यज्ञ स्थल से निकलकर कोनहरा कला, बरकट्ठा डीह, डाकडीह जीटी रोड होते हुए बुढिया माता मंदिर से वापस यज्ञ स्थल पर शोभायात्रा का समापन किया गया। नगर भ्रमण के दौरान जय श्री राम,जय माता दी के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। यज्ञ समिति अध्यक्ष जीवलाल साव ने कहा कि यज्ञाचार्य जय प्रकाश पाण्डेय ,कथावाचिका मानस कोकिला उमा तिवारी और साध्वी वैशाली तिवारी के नेतृत्व में सात दिवसीय यज्ञ को सम्पन्न कराया जा रहा है। शोभायात्रा में उपाध्यक्ष सुंदर तूरी, सचिव पिंकू यादव, एडवोकेट संदीप कुमार,जीवन यादव, टुकलाल नायक, शंभू यादव, विनोद साव,शिव कुमार यादव, विजय यादव, त्रिलोकी राणा, सहदेव नायक, मुकेश यादव, उपेन्द्र यादव,संजय ठाकुर,मनी यादव, विजय मोदी, नारायण मोदी, श्यामलाल सिंह, मनोज दास समेत सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।

# रुद्र महायज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा का आयोजन, उमड़ी भक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़ ।** श्री श्री 1008 श्री शिव प्राण प्रतिष्ठा सह सात दिवसीय पंच कुंडीय रुद्र महायज्ञ को लेकर दिगवार काली मंदिर से 26 मई को कलश यात्रा का आयोजन हुआ । जिसका शुभारंभ वार्ड पार्षद कुलदीप कुशवाहा एवं वार्ड पार्षद अर्जुन यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कलश यात्रा में लगभग 1100 कलश यात्री शामिल हुए। कलश यात्रा के आगे-आगे चल रहा घोड़ा श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। इस बीच श्रद्धालु देवी- देवताओं के जय घोष के साथ अति प्राचीन शिव मंदिर टूटी झरना पहुंचे। यहां बनारस से आए यज्ञाचार्य विकास पांडेय, उपाचार्य प्रवीण पांडेय, ओमकार पांडेय, प्रकाश पांडेय, सुमन वत्स, शशि तिवारी, शुभम शास्त्री, नीरज शास्त्री, सत्यजीत पांडेय, कृपाचार्य मिश्रा, दीपू शास्त्री द्वारा प्रधान यजमान बने रामकिशुन प्रसाद के अलावे समिति के अध्यक्ष खेमलाल महतो, सचिव विनोद कुमार कुशवाहा, सांस्कृतिक मंत्री हरि नारायण कुशवाहा, सीताराम कुशवाहा, विनोद प्रसाद, सुखदेव महतो, कैलाश प्रसाद, अर्जुन महतो, बालो महतो, नंदलाल महतो, जागो महतो, सुखदेव प्रसाद, शशि प्रसाद सपत्नीक को विधिवत पूजा अर्चना कराया गया।

## टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट में ग्रीन गैलेक्सी ने द ऑलराउंडर आर्मी को हराया




**रामगढ़।** शहर के छावनी फुटबॉल मैदान में चल रहे स्वर्गीय अवधेश कुमार गुप्ता मेमोरियल टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंटू में शुक्रवार को ग्रीन गैलेक्सी और द ऑलराउंडर आर्मी के बीच मैच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए द ऑलराउंडर आर्मी ने 18.1 ओवर में सभी विकेट खोकर 121 रन बनाए। जवाबी पारी में ग्रील गैलेक्सी ने 18 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 123 रन बनाकर मैच 5 विकेट से जीत लिया। इस हार के साथ द ऑलराउंडर आर्मी की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई। मैच में द ऑलराउंडर आर्मी की ओर से दिव्यम राज ने 38 रन, शाने अली ने 16 रन, मनीष कुमार ने 17 रन और अमन कुमार ने 12 रन बनाए। जबकि ग्रीन गैलेक्सी के गेंदबाज सलाउद्दीन ने 3 विकेट हासिल किया। जवाबी पारी में ग्रीन गैलेक्सी के बल्लेबाज अमन कुमार ने 49 गेंदों में 58 रन बनाए। अशोक कुमार सिंह ने 32 एवं अभिषेक ने 23 रन बनाएं। द ऑलराउंडर आर्मी के गेंदबाज शाने अली एवं मयंक पांडे को 2-2 विकेट मिला। मैच के मैन ऑफ द मैच रहे अमन कुमार चुने गए। वहीं, मुख्य अतिथि टूर्नामेंट के प्रायोजक आलोक कुमार गुप्ता थे। जिन्होंने विजय टीम के खिलाड़ियों को सम्मानित किया। मौके पर आरसीए सचिव अरुण कुमार राय, अम्पायर शाहिद मिर्जा एवं सूरज कुमार, व्यवस्थापक रवि मुंडा, आदित्य रजक, प्रिंस कुमार ,ओम कुमार, स्कोरर समीर कुमार, कॉमेंटेटर अंकित कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## मोबाइल दुकान में चोरी

**रामगढ़ ।** कुजू ओपी अंतर्गत हथमारा पोचरा स्थित न्यू गुनगुन मोबाइल रिपेयरिंग शॉप से चोरो ने बीती रात नगदी समेत कई मोबाइल सेट सहित कई अन्य सेट लेकर फरार हो गए। सुबह में चोरी की सूचना पाकर पहुंचे संचालक राजेश यादव ने देखा कि चोरो ने एल्बेस्टर सीट तोड़ दिया है। साथ ही दुकान के अंदर काउंटर से राशि समेत रिपेयरिंग के लिए रखे कई मोबाइल सेट, चार्जर तथा केबल की चोरी कर ली है।

## हजारीबागः प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर हत्याकांड का साजिशकर्ता अमन साव गिरफ्तार

**हजारीबाग।** एनटीपीसी की आउटसोर्सिंग कंपनी ऋत्विक के प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर शरद कुमार हत्याकांड मामले में हजारीबाग पुलिस ने मुख्य साजिशकर्ता अमन साव को गिरफ्तार कर लिया है। वह मूल रूप से रामगढ़ जिले के पतरातू का रहने वाला है। हजारीबाग एसपी मनोज रतन चोथे ने इस बात की पुष्टि की है। एसपी ने बताया कि अमन साव और मयंक सिंह के निर्देश पर उनके गैंग के गुर्गों चंदन साहू, जय मंगल मिश्रा, मोहम्मद जाहिद अंसारी उर्फ टैक्सी, अमन साव, फिरोज अंसारी उर्फ छोटका, वारिस अंसारी उर्फ मूसा ने मिलकर घटना को अंजाम दिया। सभी आरोपी पतरातू के रहने वाले हैं। इसमें आरोपी मोहम्मद जहीर अंसारी उर्फ टैक्सी और जयमंगल मिश्रा को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

**विभाग मौन** | **बरकट्ठा में जलजमाव से लोग परेशान**

# हल्की बारिश से नारकीय हुई शिलाडीह पंचायत की मुख्य सड़क





**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** किसी भी पंचायत या प्रखंड को विकसित तभी समझा जाता है जब वहां आवागमन,संचार व शिक्षा की व्यवस्था सुदृढ़ हो। किंतु शिलाडीह पंचायत का मुख्य सड़क जो लेम्बुआ (गोरहर थाना) से होकर जमुआ के रास्ते परसाबाद तक जाती है तथा एनएच2 को जोड़ती है,की स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है ।इस मुख्य मार्ग की लंबाई लगभग 6 किलोमीटर है जो लगभग सभी स्थानो पर गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। वहीं भुइयां टोली निवासी संजय लामा के घर के पास मिट्टी धंसने के कारण सड़क लगभग कट चुकी है ।जिससे चारपहिया वाहनों का आवागमन किसी प्रकार से हो पा रहा है। सड़क जर्जर होने के कारण बड़ी दुर्घटना से इनकार भी नहीं किया जा सकता। हल्की बारिश व जलजमाव से दुपहिया व चार पहिया वाहनों को बनवारी स्थित चांद अंसारी के घर के समीप पार करना नौसिखीय ड्राइवर के बूते की बात नहीं है। आए दिन इस स्थान पर वाहनों का दुर्घटनाग्रस्त होना आम बात हो गई है। वही लोगों को पैदल पार करने में भी अत्यधिक परेशानी हो रही है। इस बाबत पंसस प्रतिनिधि राजकुमार गिरी ने बताया कि मेरे द्वारा इसकी मरम्मती के लिए कई पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को सूचना दी गई लेकिन अब तक इस पर पहल नहीं हुआ। विगत वर्ष जलजमाव होने के कारण मुखिया फंड से नाली का निर्माण किया गया था लेकिन यह नाली पूर्ण तरह से भर चुका है और पानी की निकासी न के बराबर हो रही है। वही आसपास के लोग जल को रोक देते हैं और अपने रैयती जमीन होने की बात कह कर जल का बहाव होने नहीं देते ।जल जमाव के कारण बदबू और मच्छरों का पनपना आम बात है जो कई बीमारियों को निमंत्रण देगी। आज सभी गांवों को पक्की सड़क से जोड़ने वाली सरकारी दावों की पोल खोलती है यह सड़क अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। प्रशासनिक उपेक्षा, वरिष्ठ राजनेताओं की इच्छाशक्ति के अभाव के कारण सड़क जर्जर हो चुकी है । इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं बावजूद इस ओर किसी ने सुध नहीं ली ।स्थानीय लोगों ने अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से अतिशीघ्र सड़क मरम्मत की मांग की है।

# डीसी ने चंदवारा, मरकच्चो व डोमचांच प्रखंड का दौरा कर अमृत सरोवर का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** कोडरमा जिले में जल शक्ति अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर उपायुक्त आदित्य रंजन स्वयं घूम-घूम कर अमृत सरोवर का जायजा लेते रहे हैं। इसी कड़ी में उपायुक्त महोदय द्वारा जयनगर, मरकच्चो व डोमचांच प्रखंड का दौरा किया गया। उपायुक्त महोदय अपने दौरे के क्रम में सबसे पहले जयनगर प्रखंड के पांचों पंचायत में बन रहे अमृत सरोवर यानी तालाब का निरीक्षण किये। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिए कि तालाब का समतलीकरण बेहतर तरीके से करने का निर्देश दिये। साथ ही तालाब के किनारे पौधारोपण करने की बात कही। तत्पश्चात उपायुक्त महोदय मरकच्चो प्रखंड के अर्को गांव पहुंचे। वहां उन्होंने अमृत सरोवर के कार्यों को देखा और संबंधित विभाग के पदाधिकारी को आवश्यक दिशानिर्देश दिये। इसके अलावे अर्को गांव में सिलाई सेंटर, बागवानी योजना, आंगनबाड़ी केंद्र, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर और पुस्तकालय का जायजा लिये और सभी जगहों पर सभी सभी प्रकार की सुविधाएं को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया गया। इसके उपायुक्त महोदय द्वारा डोमचांच प्रखंड के लक्ष्मीपुर गांव का दौरा किया। वहां उन्होंने अमृत सरोवर के तहत बन रहे तालाब, जल मीनार व बागवानी योजना के साथ साथ देवीपुर में अमृत सरोवर का निरीक्षण किये। मौके पर उप विकास आयुक्त ऋतुराज, प्रखंड विकास पदाधिकारी जयनगर अरुणा, प्रखंड विकास पदाधिकारी मरकच्चो पप्पू रजक, प्रखंड विकास पदाधिकारी डोमचांच उदय कुमार सिन्हा, पीएमयू सदस्य धनपाल, अनुज व अन्य मौजूद थे।

## संध्या आरती में शामिल हुए जिप उपाध्यक्ष ने प्रवचन मंच का किया उद्घाटन

**बरही ।** बीते संध्या जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव बरसोत पंचायत के श्रीनगर में एकादशी उद्यापन पर आयोजित संध्या आरती में शामिल हुए। जिप उपाध्यक्ष ने बताया कि आरती में शामिल होकर ईश्वर से क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि की कामना किया। आरती का सनातन धर्म में विशेष महत्व है। इससे मन को सकुन तो मिलता ही है मन, कर्म और वचन भी शुद्ध होते है। विदित हो कि श्रीनगर निवासी इंद्रदेव यादव व बिरेंद्र यादव के घर एकादशी उद्यापन पर जिप उपाध्यक्ष संध्या आरती में शामिल होने पहुंचे। मौके पर ही उन्होंने प्रवचन मंच का भी दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। इस दौरान उनके साथ बासुदेव यादव, इंद्रदेव यादव, अर्जुन यादव आदि मौजूद रहे ।

# पूर्व विधायक के नेतृत्व में भाजपाइयों ने बाबूलाल मरांडी का किया स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी का बरही चौक पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया । पूर्व सीएम प्रो के पी शर्मा की मां के श्रद्धा कर्म में शामिल होने रांची से डोमचांच जा रहे थे । इसी क्रम में बरही चौक पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओ ने पूर्व सीएम को बुके देकर व माला पहनाकर स्वागत किया । स्वागत करने वालो में पूर्व विधायक के साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भगवान केशरी, पूर्वी मण्डल महामंत्री नवल किशोर सिंह, रितेश गुप्ता, गोपाल राणा, नरेश राणा, यूथ मण्डल अध्यक्ष अमित सिंह, आकाश रजक,



एससी मण्डल अध्यक्ष नागेश्वर रजक, अमित सिंह, सुबोध केशरी, शिव निषाद, अशोक निषाद, मनितोष यादव, सचिन यादव, रंजीत यादव, अनुज रविदास, इमरान खान, सिक्की यादव, कार्तिक कुमार, विक्रम पाण्डेय, राजू निषाद, कौशल निषाद, अमित सिंह उर्फ छोटू, सौरभ सिंह, गौरव मिश्रा, दिलीप यादव, बीरेंद्र रविदास, नंदू साव आदि शामिल रहे।

## सिमडेगा में जिला स्तरीय समिति की बैठक

# योजनाओं का प्रस्ताव तैयार कर समर्पित करें : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्रधानमंत्री 15 सूत्री कार्यक्रम के तहत योजनाओं का प्रस्ताव भेजने हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजन किया गया।उपायुक्त ने अल्पसंख्यक समुदायों के कल्याण, शिक्षा तथा रोजगार से संबंधित विभिन्न योजनाओं के लिए प्रधानमंत्री के 15 सूत्री कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को प्रधानमंत्री के 15 सूत्री कार्यक्रम के तहत योजनाओं को सुदूरवर्ती क्षेत्रों के गांव में विकास करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने भारत सरकार की गाइडलाइन के तहत प्रमुखता के तौर पर किस तरह की योजना को धरातल पर लिया जा सकता है जिसकी विस्तृत जानकारी दी।उन्होंने प्रधानमंत्री 15 सूत्री समिति के सदस्यों से कहा कि भारत सरकार की गाइडलाइंस के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य ,कौशल विकास और महिला केंद्रित परियोजनाओं के मौजूदा प्रमुख क्षेत्रों के अलावा, खेल, पेयजल स्वच्छता



आदि जैसे राष्ट्रीय महत्व के उभरते क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाएगी। पेयजल शहरी क्षेत्र, विद्यालय में क्लासरूम ऐड करना, कस्बों में नाले, अमृत सरोवर, कंप्यूटर साक्षरता केंद्र, डिजिटल शिक्षा केंद्र, स्कूल में शौचालय निर्माण एवं अन्य विभिन्न प्रकार की योजनाओं का प्रस्ताव तैयार कर समर्पित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने समिति से कहा की स्वास्थ्य विभाग से संबंधित आपके क्षेत्र में किसी प्रकार की समस्या है तो अवश्य उसकी जानकारी दे। उन्होंने माइनॉरिटी से संबंधित किसी प्रकार का समस्या है तो उसकी भी जानकारी देने की बात कहीं। बैठक में उपस्थित अल्पसंख्यक समुदायों के प्रतिनिधियों ने अपने समुदाय के विभिन्न मांगों और संकट को भी साझा किया। जिस पर उपायुक्त ने समिति के सदस्यों को अपने-अपने क्षेत्र का भ्रमण कर संपूर्ण उपयोग में होने वाली योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वित करने हेतु योजना का चयन करते हुए प्रस्ताव प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में उप विकास आयुक्त अरुण वाल्टर सांगा, माननीय विधायक प्रतिनिधि कोलेबिरा, माननीय विधायक प्रतिनिधि सिमडेगा, व अन्य उपस्थित थे।

## कोलेबिरा मुंडा नाच गान प्रतियोगिता में विधायक हुए शामिल

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड के डोमटोली मे मुंडा 22 पडहा राजाओं द्वारा सांस्कृतिक नाच गान प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी शामिल हुए। विधायक ने कहा कि आज हमारी सांस्कृति लुप्त होती जा रही है और इसे हमें बचाने की आवश्यकता है इसी तरह कार्यक्रम का आयोजन होते रहने से बची रहेगी आदिवासीयों की पहचान उनकी भाषा एवं संस्कृति से है यह हमारे पुरखों से मिली हुई विरासत है इसे हमें सहेजने और संवारने की आवश्यकता है हम इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए हमेशा से बढ़ावा देते रहेंगे और हर संभव मदद करेंगे।आदिवासी विरोधियों के द्वारा आदिवासियों को कमजोर करने के लिए सरना और ईसाई के नाम पर लडाने का काम किया जा रहा है और आरोप लगाया जाते रहा है कि ईसाई आदिवासी अपनी भाषा एवं संस्कृति को नहीं जानते हैं जबकि यह सरासर गलत है ईसाई आदिवासी भी अपनी भाषा और सांस्कृति को जानते हैं इस तरह के कार्यक्रम में अपनी सांस्कृति को दिखाकर बताना चाहते हैं कि हम अपने भाषा एवं संस्कृति को नहीं भुले है और इस तरह के कार्यक्रम करते रहते हैं कार्यक्रम में करीब 15 टीमों ने भाग लिया जिसमें सोकोरला महतो टोली डोमटोली जितिया टोली,केराटोली आदि के टीमों ने भाग लिया।

# मिशन लाइफ उन्नमुखीकरण सह कार्यशाला का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा आयुक्त अरुण वाल्टर सांगा एवम निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, सिमडेगा की अध्यक्षता में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, मिशन लाइफ उन्नमुखिकरण सह कार्यशाला का आयोजन लोगों को पर्यावरण अनुकूल जीवन पद्धति अपनाने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आत्मा कार्यालय के सभागार में आयोजित की गई।कार्यशाला का शुभारंभ उप विकास आयुक्त महोदय एवम निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, सिमडेगा के द्वारा किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि मिशन लाइफ का मतलब ‍‍‍‍‍‍‍‍‍‍‍‍‍लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट‍ से है, यानी ऐसी जीवनशैली को अपनाना और बढ़ावा देना, जो पर्यावरण को नुकसान ना पहुंचाए। इस मिशन का उद्देश्य व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर छोटे कदमों एवं उपायों को लागू करके जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करना है। मिशन लाइफ के तहत सततशील जीवनशैली से संबंधित 75 कदमों को 7 श्रेणियों के तहत सूचीबद्ध किया गया है जिनमें ऊर्जा की बचत, पानी की बचत, एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक का कम उपयोग, टिकाऊ खाद्य प्रणाली, अपशिष्ट में कमी, स्वस्थ जीवन शैली अपनाना और ई-कचरा प्रबंधन शामिल हैं। मिशन लाइफ एक अभियान के रूप में इन पर्यावरणीय कदमों के अनुरूप रोजाना स्वस्थ जीवनशैली की तरफ बदलाव को प्रेरित करती है।इस दौरान उपायुक्त ने ऊर्जा बचाने, पानी बचाने, प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने, जैविक खेती और पोषणयुक्त भोजन, कूड़ा-कचरा कम करने, स्वस्थ जीवनशैली और इलेक्ट्रॉनिक कचरा कम करने की बात कही। उन्नमुखीकरण सह कार्यशाला में मिशन लाइफ के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

## केडीएए एवं फोकस एंड फेथ आर्चरी ट्रेनिंग सेंटर द्वारा शुरू हुआ तीरंदाजी समर कैंप



**झुमरी तिलैया।** कोडरमा डिस्ट्रिक्ट आर्चरी एसोसिएशन एवं फोकस एंड फेथ आर्चरी ट्रेनिंग सेंटर द्वारा दिनांक 26 मई से 10 जून 2023 तक झुमरी तिलैया के सैक्रेड हार्ट स्कूल मैदान में तीरंदाजी समर कैंप का आयोजन किया गया, जिसका उद्धघाटन संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा फीता काट कर और बच्चों का स्वागत कर के किया गया। इस कैंप में नेता जी सुभाष नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स पटियाला से एन आई एस क्वालिफाइड कोच विशाल सिंह प्रतिभागी बच्चों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। इस आयोजन में 8 वर्ष से 15 वर्ष तक के कुल 23 बच्चों ने भाग लिया है। इस आयोजन में प्रतिभागी बच्चों को तीरंदाजी प्रशिक्षण,शारीरिक प्रशिक्षण, शारीरिक ताकत बढ़ाना, मानसिक तनाव दूर करने हेतु मानसिक नियंत्रण योग, नेतृत्व प्रशिक्षण, खेल कोटा तैयारी समेत कई अन्य महत्वपूर्ण शारीरिक एवं मानसिक वृद्धि के लिए कई अन्य गतिविधियां करवाई गई।

## गायत्री शक्ति पीठ में दो दिवसीय कार्यक्रम 29 से

**झुमरीतिलैया।** गायत्री शक्ति पीठ झुमरीतिलैया में गायत्री जयंती और गंगा दशहरा का आयोजन किया जाएगा यह जानकारी मुख्य ट्रस्टी अर्जुन राणा ने दी। उन्होंने बताया की 29 मई को सुबह से सवा 12 घंटे का गायत्री महा जाप का आयोजन किया जाएगा। 30 मई को गायत्री जयंती और गंगा दशहरा अवतरण पर विभिन्न संस्कार हवन, यज्ञ जैसे कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## मुफ्त हड्डी रोग परामर्श शिविर आयोजित आज

**झुमरीतिलैया।** मारवाड़ी युवा मंच की इकाई प्रेरणा शाखा और केयर हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को निःशुल्क हड्डी रोग परामर्श शिविर के आयोजन कि तैयारी पूर्ण कर ली गई है।प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष श्रेया केडिया सचिव सारिका लड्ढा ने बताया कि यह कार्यक्रम सामाजिक एकीकरण के तहत किया जा रहा है। कार्यक्रम की परियोजना निदेशक दीपा गुप्ता, उषा शर्मा को बनाया गया है। दिन 11 बजे से बायपास रोड स्थित केयर हॉस्पिटल में राँची चिकित्सक डॉ नितेश प्रिया मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

## केरया घाटी ट्रक दुर्घटनाग्रस्त खलासी की मौत

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर थाना क्षेत्र अंतर्गत केरया घाटी में तीव्र गति से आ रही एक ट्रक पेड़ को जोरदार टक्कर मारी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक की पूरी तरह से परखच्चे उड़ गए। इधर घटना में उप चालक मृतक जितेंद्र कुमार सिंह की मौत हो गयी।मौके पर ट्रक ड्राइवर ट्रक छोड़कर फरार हो गया। बताया गया कि मृतक का पिता ही ट्रक चालक था जो कि घटनास्थल से फरार हो गया । बताया गया कि ट्रक उड़ीसा की ओर से पलामू जा रही थी इसी बीच घाटी में अचानक अपना नियंत्रण खो बैठी और पेड़ को टक्कर मार दी जिस की वजह से घटना घटी घटना की जानकारी मिलने के बाद थाना के सब इंस्पेक्टर मैथ्यू एक्का दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे एवं मृतक जितेंद्र कुमार सिंह के शव को ठेठईटांगर थाना ले आए हैं।

# झारखंड बंद का सिमडेगा में दिखा व्यापक असर

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति झारखंड की ओर से ओबीसी आरक्षण की मांग को लेकर बुलाए गए शुक्रवार को झारखंड बंद का सिमडेगा जिले भर में व्यापक असर देखने को मिला ।सिमडेगा बस स्टैंड से रांची राउरकेला छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न जगहों के लिए चलने वाली बसों का पहिया थमा रहा इसके अलावा सिमडेगा शहरी क्षेत्र के सभी दुकानें पूरी तरह से बंद रहे बंद के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा इधर बंद को सफल बनाने के लिए पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के सदस्य एवं पदाधिकारी सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करते हुए चक्का जाम कर दिया। इधर चक्का जाम होने की वजह से सिमडेगा शहर में कई किलोमीटर तक वाहनों की लंबी



लाइन लग गई वाहनों की लंबी लाइन लगने की वजह से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा जिसके बाद अधिकारी एवं थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रवि प्रकाश पहुंचकर समिति के सदस्यों से आग्रह किया जिसके बाद रुके हुए वाहनों को सिमडेगा मुख्यालय से दूर बीरू में रोका गया इधर बंद की वजह से पूरे शहर की वातावरण बदला हुआ नजर आया पूरी सभी और सन्नाटे में तब्दील रहा। इधर बांध को लेकर बांसजोर प्रखंड मुख्यालय में भी पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के सदस्यों के द्वारा सड़क पर बैठकर झारखंड सरकार मुर्दाबाद पिछड़ा वर्ग को आरक्षण दो आदि नारे लगाते हुए वाहनों के परिचालन को पूरी तरह से रोक दिया वाहनों के परिचालन रुकने से बॉर्डर में लंबी लाइन लग गई वहीं इसके अलावा बानो प्रखंड मुख्यालय में भी सभी दुकानें पूरी तरह से बंद रही इसके अलावा वाहनों का परिचालन पूरी तरह से बंद रहा। इसके अलावा केरसई, कुरडेग, जलडेगा ठेठईटांगर कोलेबिरा सहित सभी प्रखंडों में समिति के द्वारा बन्द को पूरी तरह से सफल बनाया। बांध को ध्यान में रखते हुए सिमडेगा डीसी और एसपी के निर्देश पर सिमडेगा शहरी सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस पदाधिकारी एवं दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई थी ताकि बंद के दौरान विधि व्यवस्था में किसी प्रकार की कोई भी परेशानी उत्पन्न ना हो इधर चप्पे-चप्पे पर पुलिस जवानों के द्वारा पैनी नजर रखी जा रही थी ताकि बंद शांतिपूर्ण तरीके से हो।

## जम्मू हादसे में मृत मजदूर का शव पहुचा महाबुवांग

**बानो।** प्रखण्ड के महाबुवांग थाना क्षेत्र ग्राम महाबुवांग बुका टोली निवासी एतवा सिंह की बुधवार को बस के पलटने से मौत हो गई।बुधवा सिंह मजदूरी करने जम्मू कश्मीर गया था।जानकारी मिलने पर परिवार के लोग परेशान हैं।शुक्रवार को शव महाबुवांग पहुँचा। मृतक मजदूर बुधवा सिंह का हिन्दू रीति रिवाज के साथ अंतिम क्रिया किया गया। परिवार का एकमात्र कमाने वाला व्यक्ति की मौत हो जाने से परिवार में कई समस्याएं उत्पन्न हो गई।इस अवसर पर शोक सभा का आयोजन किया गया था।मौके पर सोय मुखिया सोमारी कैथवार, जिला परिषद बिरजो कंडुलना आदि लोव अंतिम कार्यक्रम में भाग लिया ।जिला परिषद बिरजो कंडुलना ने दुख की घड़ी में गाँव पहुंच ढाढ़स बंधाया ।

## सीता देवी के श्राद्ध कर्म में शामिल हुए कई दिग्गज



**कोडरमा/ डोमचांच।** शिक्षाविद प्रोफेसर केपी शर्मा की माता सीता देवी के श्राद्ध कर्म में शुक्रवार झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी समय स्थानीय विधायक नीरज यादव भरी के पूर्व विधायक मनोज यादव बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी यादव रामगढ़ के पूर्व विधायक शंकर चौधरी पूर्व आई जी लक्ष्मण सिंह समेत दर्जनों प्रदेश स्तर के नेता व स्थानीय समाजसेवी समेत दर्जनों मौजूद थे। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अलार्म जी से एक अनौपचारिक वार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि आज प्रदेश में अफसरशाही व्याप्त है आपसे निरंकुश हो गए हैं वहीं बिजली प्रबंधन पूरी तरह फेल हो गई है पूरे प्रदेश में ब्लैकआउट की स्थिति उत्पन्न हो गई है सचिव विदेश भ्रमण पर चले गए हैं जो दुखद है वहीं उन्होंने कहा पूरे प्रदेश में भूमि घोटाला भू माफियाओं की मनमानी चरम पर है यदि सरकार नहीं चेती तो बड़े पैमाने पर आंदोलन चलाया जाएगा वहीं उन्होंने ढिब्रा उत्खनन के लिए ढील देने की भी बात कही। उल्लेखनीय हो की सीता देवी स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान सैकडों आन्दोलन कारियों को डोमचांच महथाडीह स्थित अपने आवास में गुप्त प्रवास दिए थे। वहीं इनके पति स्वर्गीय श्रीपति शरण सिंह राजेंद्र प्रसाद,विनोवा भावे सरीखे आन्दोलन कारियो के आन्दोलन की रूप रेखा तथा उनके लिए संसाधन मुहैया कराने के लिए प्रसिद्ध थे। मौके पर रमेश सिंह, नितेश चंद्रवंशी रमेश हर्ष धर दिगंबर पांडेय , शान्ति प्रिया, देवेंद्र मेहता, शिव लाल सिंह बसंत मेहता, प्रोफेसर हिमांशु कुमार, बेदू साव, अंगलाल राम, विजय राम आदि मौजूद थे।

## छात्राओं में खुशी

## पालकोट प्रखंड के बंगरू पंचायत में साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन

# विधायक ने 150 छात्राओं के बीच बांटे साइकिल

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र के पालकोट प्रखंड के बंगरू पंचायत में विधायक भूषण बाड़ा ने शुक्रवार को 150 छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया। लोटश आउटरिच इंटरनेशनल, नया सवेरा विकास केन्द्र हजारीबाग के द्वारा आयोजित साइकल वितरण कार्यक्रम में पाकरटांड़ जिप सदस्य जोसिमा खाखा भी उपस्थित थी। मौके पर विधायक ने बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल वितरण कर उनके उज्जवल भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया।उन्होंने कहा कि साइकिल मिलने के पश्चात ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले छात्राओं को विशेष लाभ मिलेगा और उनके अध्ययन की रफ्तार भी तेज हो सकेगी। बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है। विधायक ने कहा कि सरकार के द्वारा छात्राओं को हर संभव संसाधन उपलब्ध कराया जा रहा है। जिससे वे शिक्षा के क्षेत्र में ऊंचे मुकाम हासिल कर सकें। उन्होंने कहा कि गांवो में संसाधन की कमी और आने जाने की समस्या के कारण कई बच्चे पढ़ना छोड देते हैं। इसमें बेटियों की संख्या अधिक है। लोटाश आउटरिच इंटरनेशनल, नया सवेरा विकास केन्द्र हजारीबाग संस्था ने बच्चियों की इस समस्या को समझा और साइकिल देकर इनकी पढ़ाई जारी रखने के लिए सराहनीय प्रयास किया है। मौके पर प्रमुख सोनी लकड़ा, प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता,विधायक प्रतिनिधि बसंत कुमार गुप्ता,विधायक प्रतिनिधि केशवर सिंह,20 सूत्री अध्यक्ष विनय लकड़ा,बीस सूत्री सदस्य सतनारायण केशरी,महिला अध्यक्ष प्रमिला कुमारी,युवा कांग्रेस अध्यक्ष रोहित एक्का,एनएसभीके सचिव बीरेंद्र कुमार,संजय नागरची चिराश लकड़ा, गोस्सनर गुड़िया, कमला उराईन,प्रदीप सोरेंग,चंद्रिका देवी सुखराम भगत,पालकोट थाना प्रभारी अनिल लिंडा,संजय साहू,भुनेश्वर राम,कांति देवी सहित काफी संख्या में बालिकाएं उपस्थित थे।



## ट्रेन में अब सस्ता और आरामदायक होगा एसी का सफर, अतिरिक्त सुविधा के साथ किराए में मिलेगी छूट

**झुमरी तिलैया।** यात्रिगण कृपया ध्यान दें ...एसी वातानुकूलित कोचों का सफर और सस्ता और आरामदायक होगा। यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा के साथ किराये में भी 5 से 10 प्रतिशत की छूट मिलती रहेगी। अब तो यात्रियों को बेडरोल (कंबल, चादर, तौलिया आदि) भी मिलने लगे हैं। पूर्व मध्य रेलवे को 22 और एसी इकोनामी कोच मिल गए हैं। इन कोचों को ट्रेनों में लगाया गया है। फिलहाल, कोडरमा के रास्ते होकर चलने वाली झारखण्ड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस एवं जम्मु तब्बी कोलकता एक्सप्रेस में इन कोचों का उपयोग .किया जा रहा है। पूर्व मध्य रेलवे के पास अब कुल 25 नए माडल के एसी इकोनामी कोच हो गए हैं। कोचीन सहित विभिन्न ट्रेनों में चल रहे हैं। आने वाले दिनों में सामान्य थर्ड एसी की जगह किफायती और आरामदायक एसी इकोनामी कोच ही उपयोग में लाए जाएंगे। रेलवे बोर्ड ने एसी इकोनोमी कोच का किराया भी एसी थर्ड के बराबर कर दिया था, लेकिन यात्रियों की मांग को देखते हुए 22 मार्च से एसी इकोनामी कोचों का किराया पूर्व की भांति कर दिया गया है।

**'अगर समस्या का समाधान किया जा सकता है तो चिंता मत करिए और उसका समाधान कीजिए और अगर समस्या का समाधान नहीं किया जा सकता तो व्यर्थ की चिंता मत कीजिए यह आपको कोई फायदा नहीं पहुंचाएगा' - गौतम बुद्ध**

# पटरी पर अर्थव्यवस्था

***भारतीय*** रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने इस सप्ताह सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निदेशकों को अपने संस्थानों में संचालन और जोखिम प्रबंधन एवं आंतरिक अंकेक्षण से जुड़ी प्रक्रिया और चुस्त-दुरुस्त करने के लिए कहा। दास के इस निर्देश का अभिप्राय यह है कि बैंक किसी तरह के जोखिम की पहचान समय रहते कर उनका यथाशीघ्र समाधान खोज लें। उन्होंने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को वित्तीय एवं परिचालन क्षमता भी मजबूत बनाने पर ध्यान देने के लिए कहा। ये बातें अपनी जगह ठीक हैं मगर इनसे ध्यान हटाकर देखा जाए तो मुश्किल समझे जाने वाले वर्ष में बैंकिंग क्षेत्र के प्रदर्शन से आरबीआई जरूर खुश होगा। वित्त वर्ष 2023 के लिए 37 सूचीबद्ध वाणिज्यिक बैंकों के वित्तीय नतीजों पर विचार करें तो वे संयुक्त रूप से अपने बहीखाते की गुणवत्ता बरकरार रखने में सफल रहे हैं।

**देश के 37 सूचीबद्ध वाणिज्यिक बैंकों का शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 41 प्रतिफल बढ़ना और ऋण आवंटन में मजबूत बढ़ोतरी इस बात का संकेत देती है कि अर्थव्यवस्था धीरे-धीरे अपनी दिशा पकड़ने लगी है।**

उक्त वित्त वर्ष में ब्याज दरों में बढ़ोतरी के बावजूद ये बैंक ऋण आवंटन बढ़ाने के साथ ही तगड़ा मुनाफा भी कमाने में सफल रहे हैं। ऊंची महंगाई के बावजूद आर्थिक अर्थव्यवस्था में लगातार सुधार इसका एक कारण हो सकता है। हालांकि, यह भी सच है कि ब्याज दरें बढ़ने पर शुरूआती दौर में बैंक उधारी दर बढ़ाकर और जमा दरें अपरिवर्तित रख कर मुनाफा अर्जित करते हैं। उनका शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम)- उधारी एवं जमा पर ब्याज दरों में अंतर- तब तक बढ़ता है जब तक जमा रकम पर ब्याज दरें नहीं बढ़ती हैं। हालांकि, इस तकनीकी पक्ष को छोड़ दें तो जिन 37 बैंकों के वित्तीय नतीजों का जिक्र किया गया है उनके प्रदर्शन शानदार रहे हैं। इनमें निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक शामिल हैं। इन बैंकों के ऋण आवंटन 21 प्रतिशत बढ़ कर यह सालाना आधार पर 14 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया।

वित्त वर्ष 2022 में यह आंकड़ा 11.92 लाख करोड़ रुपये था। फीस आधारित आय बहुत कम- मात्र 2 प्रतिशत- बढ़ी है जिससे स्पष्ट है कि मुनाफा निश्चित तौर पर ऋण कारोबार खंड से आया है। शुद्ध ब्याज आय 23 प्रतिशत बढ़ी है जिसका आशय है कि शुद्ध ब्याज मार्जिन अधिक रहा है। गर कुल जमा रकम में केवल 10 प्रतिशत इजाफा हुआ है इसलिए ऋण-जमा अनुपात (क्रेडिट डिपॉजिट रेश्यो) कम हुआ है। हालांकि अगर केंद्रीय बैंक मुद्रा आपूर्ति नीति में ढील देगा और ब्याज दरों में कटौती करेगा तो फिर ऐसा नहीं होगा। इन बैंकों का शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 41 प्रतिफल बढ़ गया मगर अच्छी बातें यहीं तक सीमित नहीं रहीं। बैंक संयुक्त रूप से सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (जीएनपीए) आवंटित ऋणों का लगभग 4 प्रतिशत तक रखने में सफल रहे हैं। वित्त वर्ष 2022 में इनका जीएनपीए 6.6 प्रतिशत था। वे शुद्ध एनपीए भी वित्त वर्ष 2022 के 2 प्रतिशत की तुलना में ऋणों का 1 प्रतिशत तक रखने में सफल रहे हैं। वास्तव में जीएनपीए और एनपीए में खासी गिरावट आई है और इसका नतीजा यह हुआ है कि बैंक फंसे ऋणों के लिए प्रावधान भी निचले स्तर पर रखने में सफल रहे हैं। बैंकों के इस प्रदर्शन से कई सकारात्मक संकेत मिल रहे हैं। ऋण आवंटन में मजबूत बढ़ोतरी इस बात का संकेत देती है कि अर्थव्यवस्था धीरे-धीरे अपनी दिशा पकड़ने लगी है। इसका यह मतलब भी है कि आगे आर्थिक विस्तार को समर्थन देने के लिए वित्तीय क्षेत्र पूरी तरह तैयार है। कंपनियों द्वारा किए जाने वाले निवेश की चाल आने वाले समय में घरेलू एवं वैश्विक आर्थिक परिदृश्य पर निर्भर करेगी। आर्थिक गतिविधियों में दीर्घकालिक बढ़ोतरी के लिए उद्योगों द्वारा निवेश बढ़ाना जरूरी है।

# बहुत जरूरी था नये संसद भवन का निर्माण



योगेश कुमार गोयल



**देश** की नई संसद का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इसका उद्घाटन 28 मई को हो रहा है। नई संसद के निर्माण का विषय शुरूआत से ही राजनीति का केन्द्रबिन्दु बना हुआ है और अब इसके उद्घाटन के समय भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच घमासान चल रहा है। 10 दिसम्बर, 2020 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारतीय संसद की नई इमारत का शिलान्यास किया गया था, जिसे ढ़ाई वर्ष से भी कम समय में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा कर लिया गया है। 28 मई को इसके उद्घाटन के साथ ही संसद का पुराना भवन प्राचीन धरोहर का हिस्सा बन जायेगा। शुरूआत में जहां नई संसद बनने पर होने वाले भारी-भरकम खर्च को लेकर विपक्ष सरकार पर हमलावर रहा, वहीं अब इसके उद्घाटन की टाइमिंग और इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री के हाथों होने को लेकर सवाल उठाये जा रहे हैं। दरअसल सरकार ने इसके उद्घाटन को लेकर वीर सावरकर की जयंती का दिन चुना है, जो विपक्ष को रास नहीं आ रहा है। विपक्ष का तर्क है कि इसका उद्घाटन स्वतंत्रता दिवस या ऐसे ही किसी अन्य ऐतिहासिक अवसर पर भी कराया जा सकता था। इसके अलावा विपक्ष का एक सुर में यह भी कहना है कि नए संसद भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नहीं बल्कि राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मू के हाथों होना चाहिए। बहरहाल, राजनीतिक खींचतान अपनी जगह, लेकिन सवाल यह भी है कि ब्रिटिश काल में बने पुराने भव्य और मजबूत संसद भवन के होने के बावजूद सैंकड़ों करोड़ रुपये खर्च कर नया भवन बनाने की जरूरत आखिर क्यों पड़ी? यहां यह जानना जरूरी है कि पुराने संसद भवन को बने 100 वर्ष पूरे हो गये हैं और उसकी मियाद यही तय की गई थी। दूसरे पुरानी संसद में सदस्यों के बैठने के लिए सीटों की संख्या सीमित है। संसद की नई इमारत में दोनों सदनों की सीटों की संख्या को बढ़ाया गया है ताकि भविष्य में लोकसभा और राज्यसभा में सीटें बढ़ने की स्थिति में किसी प्रकार की कोई परेशानी सामने न आए। देश में 2026 में नये सिरे से लोकसभा सीटों के परिसीमन का कार्य होने की संभावना है, जिसके बाद लोकसभा और राज्यसभा की सीटें बढ़ना तय माना जा रहा है। लोकसभा में फिलहाल 545 सांसद हैं और मौजूदा लोकसभा में करीब 550 संसद सदस्यों के बैठने की ही जगह है। परिसीमन का कार्य होने के बाद सांसदों की संख्या मौजूदा 545 से बढ़ना निश्चित है। माना जा रहा है कि यह संख्या 100 से 150 तक हो सकती है। सवाल है कि तब 150 से ज्यादा सांसद कहां बैंठेंगे। इसी प्रकार राज्यसभा की सीटें भी परिसीमन के बाद बढ़ सकती हैं। यही कारण है कि भविष्य की इन जरूरतों को पूरा करने के लिए नये भवन की जरूरत तो पड़ेगी ही ताकि सभी सांसद सहजता से अपना कामकाज कर सकें। ब्रिटिशकालीन संसद भवन में सुविधाओं की कमी और इसके बुनियादी ढ़ांचे में खामियों को देखते हुए 13 जुलाई, 2012 को कांग्रेस के शासनकाल में लोकसभाध्यक्ष मीरा कुमार ने, उसके बाद 9 दिसम्बर 2015 को सुमित्रा महाजन ने तथा 2 अगस्त 2019 को लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला ने सरकार को पत्र लिखकर नये संसद भवन का अनुरोध किया था। नये भवन का शिलान्यास करते समय प्रधानमंत्री ने इसी को रेखांकित करते हुए कहा था कि सांसद ही कई वर्षों से मांग कर रहे थे कि मौजूदा संसद भवन में उनकी जरूरतों के हिसाब से व्यवस्थाएं नहीं हैं, न ही संसद भवन में सांसदों के कार्यालय हैं। समस्या यह थी कि मौजूदा संसद भवन परिसर में जगह की कमी के कारण ये तमाम व्यवस्थाएं करना संभव भी नहीं थी। नये संसद भवन में प्रत्येक सांसद को कार्यालय के लिए 40 वर्ग मीटर स्थान उपलब्ध कराया जायेगा। संसद की नई इमारत में राज्यसभा का आकार पहले के मुकाबले बढ़ेगा तथा लोकसभा का आकार भी मौजूदा से तीन गुना ज्यादा होगा। लोकसभा सचिवालय के मुताबिक संसद की नई इमारत में प्रत्येक सांसद के लिए अलग ऑफिस होगा और हर ऑफिस सभी आधुनिक डिजिटल तकनीकों से लैस होगा। नई संसद में सांसदों के कार्यालयों को पेपरलेस ऑफिस बनाने के लिए नवीनतम डिजिटल इंटरफेस से लैस किया जा रहा है और इन दफ्तरों को अंडरग्राउंड टनल से जोड़ा जायेगा। सदन में प्रत्येक बेंच पर दो सदस्यों के बैठने की व्यवस्था है और प्रत्येक सीट डिजिटल प्रणाली तथा टचस्क्रीन से सुसज्जित की गई है। नये भवन में कॉन्स्टीट्यूशन हॉल, सांसद लॉज, लाइब्रेरी, कमेटी रूम, भोजनालय और पार्किंग की व्यवस्था भी की गई है और भवन में करीब 1400 सांसदों के बैठने की व्यवस्था है। नया भवन सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना के तहत मौजूदा संसद भवन के पास ही बनाया गया है, जिसके निर्माण के लिए टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को टेंडर मिला था। संसद की नई इमारत का कार्य करीब 22 माह की अवधि में पूरा होने का अनुमान था लेकिन कुछ तकनीकी कारणों से इसमें थोड़ा विलम्ब हुआ है। नये भवन की आंतरिक और बाहरी सजावट में लकड़ी का व्यापक उपयोग किया गया है और भवन की भव्यता व सुंदरता बढ़ाने के लिए इस पर बहुत सुंदर कारीगरी की गई है। इसके लिए नागपुर से मंगाई गई लकड़ी पर मुम्बई के शिल्पकारों तथा कारीगरों द्वारा खूबसूरत डिजाइन उकेरे गये हैं। नये संसद भवन को वास्तुकार बिमल पटेल के दिशा-निर्देशन में अहमदाबाद स्थित एचसीपी डिजाइन, प्लानिंग व मैनेजमेंट ने डिजाइन किया है। वास्तुविदों ने संसद के नये भवन को बनाने के लिए कई देशों की संसद का निरीक्षण कर उनसे प्रेरणा ली। नई संसद में रेन हार्वेस्टिंग प्रणाली तथा वाटर रिसाइकलिंग प्रणाली के भी प्रबंध किये गये हैं। नई संसद वायु एवं ध्वनि प्रदूषण से पूरी तरह मुक्त होगी और इसमें सौर प्रणाली से ऊर्जा की बचत भी होगी। 64, 500 वर्गमीटर क्षेत्र में बने नये संसद भवन में एक बेसमेंट सहित कुल चार फ्लोर हैं, जिसकी ऊंचाई संसद के मौजूदा भवन के बराबर ही है। लोकसभा कक्ष का डिजाइन राष्ट्रीय पक्षी मयूर जैसा जबकि राज्यसभा कक्ष का डिजाइन राष्ट्रीय पुष्प कमल जैसा बनाया गया है। संसद की नई इमारत में उच्चतम संरचनात्मक सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए उच्च गुणवत्ता वाली ध्वनि, आधुनिक दृश्य-श्रव्य सुविधाएं, डाटा नेटवर्क प्रणाली, बैठने की आरामदायक व्यवस्था, प्रभावी और समावेशी आपातकालीन निकासी की व्यवस्थाएं भी हैं। नया संसद भवन त्रिकोणीय है, जिसका निर्माण वैदिक रीति से वास्तु के अनुसार किया गया है और यह अत्याधुनिक, तकनीकी सुविधाओं से युक्त तथा ऊर्जा कुशल भी है। कुल मिलाकर नये भवन की सज्जा में भारतीय संस्कृति, क्षेत्रीय कला, शिल्प एवं वास्तुकला की विविधता का समृद्ध मिला-जुला स्वरूप है।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

**लोकसभा में फिलहाल 545 सांसद हैं और मौजूदा लोकसभा में करीब 550 संसद सदस्यों के बैठने की ही जगह है। परिसीमन का कार्य होने के बाद सांसदों की संख्या मौजूदा 545 से बढ़ना निश्चित है।**

**इन दिनों**

**बोधि वृक्ष**

## *आईए सुनें वामन अवतार की कथा*

***दिव्य*** बाण की प्राप्ति के बाद राजा बलि स्वर्ग लोक पर एक बार फिर आक्रमण करने के लिए चल दिये। असुर सेना को आते हुए देख इंद्रराज समझ गए कि इस बार देवतागंण असुरों का सामना नहीं कर पायेंगे।ऐसे में देवराज इंद्र सभी देवताओं के साथ स्वर्ग छोड़कर चले गये। परिणास्वरूप स्वर्ग पर राजा बलि का अधिपत्य स्थापित हो गया और दैत्य गुरु शुक्राचार्य ने राजा बलि के स्वर्ग पर अचल राज के लिए अश्वमेध यज्ञ का आयोजन करवाया। देवराज इंद्र को राजा बलि की इच्छा के बारे में पहले से ही ज्ञात था और यह भी पता था कि यदि राजा बलि का यज्ञ पूरा हो गया तो दैत्यों को स्वर्ग से कोई नहीं निकाल सकता। ऐसे में सभी देवी देवता काफी चिंतित हो गये और श्री हरि भगवान विष्णु के शरंण में जा पहुंचे। इंद्र देव ने अपनी पीड़ा बताते हुए श्री हरि से सहायता के लिए विनती की। देवताओं को परेशान देख भगवान विष्णु ने सहायता का आश्वासन दिया और कहा कि मैं वामन रूप में देवराज इंद्र की माता अदिति के गर्भ से जन्म लूंगा। जिसके बाद भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की द्वादशी को श्री हरि भगवान विष्णु ने माता अदिति के गर्भ से धरती पर पांचवा अवतार लिया। उनके ब्रह्मचारी रूप को देखकर सभी ऋषि मुनि व देवी देवता प्रसन्न हो गये। तथा सभी ऋषि मुनियों ने अपना आशीर्वाद दिया और वामन एक बौने ब्राम्हण का वेष धारण कर राजा बलि के पास जा पहुंचे। उनके तेज से यज्ञशाला प्रकाशित हो उठी। यह देख बलि ने उन्हें आसन पर बिठाकर आदर सत्कार किया और भेंट मांगने को कहा।इसे सुन वामन ने अपने रहने के लिए तीन पग भूमि देने का आग्रह किया। हालांकि दैत्यराज गुरु शुक्राचार्य को पहले ही आभास हो गया था और उन्होंने राजा बलि को वचन ना देने के लिए कहा था। लेकिन राजा बलि नहीं माने और उन्होंने ब्राह्मण को वचन दिया की तुम्हारी यह मनोकामना जरूर पूरी करेंगे।

*(क्रमशः)*

# विपक्ष के 'कदम' के सियासी मायने




कमलेश पांडेय

***राजनीति*** में कभी कोई किसी का सगा नहीं होता। पक्ष और विपक्ष तो एक-दूसरे के लिए कभी नहीं। दोनों एक-दूसरे को घेरने के मौके की ताक में रहते हैं। ऐसा ही कुछ नये संसद भवन के उद्घाटन समारोह को लेकर हो रहा है। इससे हमारे जनप्रतिनिधियों के बौद्धिक स्तर और स्वार्थ लोलुपता दोनों का पता चलता है। यह बिलकुल साफ है कि इसे आम चुनाव 2024 के दृष्टिगत मुद्दा बनाया जा रहा है। भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल सभी दल एक जुट हैं। कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) में शामिल दलों और उनके संभावित सहयोगियों में परस्पर विरोधी रुख है। भाजपा नीत गठबंधन 28 मई को नए संसद भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों करवाने पर एकजुट है और विपक्ष को संसदीय इतिहास का आईना दिखा रहा है। संप्रग के समर्थक दलों ने इसके खिलाफ मोर्चा खोलते हुए इसे राष्ट्रपति और लोकतंत्र का अपमान बताया है। संप्रग के 19 विपक्षी दलों ने साफ कहा है कि वे उद्घाटन समारोह में नहीं जायेंगे और सामूहिक बहिष्कार करेंगे। इस पूरे प्रकरण पर दोनों दलों के महत्वपूर्ण नेताओं के बयान पर गौर किया जाए तो स्पष्ट हो जाता है कि अपनी राजनीतिक हठधर्मिता के चलते ये लोग इतिहास और वर्तमान से लोगों गुमराह कर रहे हैं। इसका मकसद मीडिया की सुर्खियां बटोरना नजर आता है। कुछ लोग इसे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का संवैधानिक हक छीनने की कोशिश कह रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है यह सर्वोच्च संवैधानिक पद का अपमान है। संसद अहंकार की ईंटों से नहीं, बल्कि संवैधानिक मूल्यों से बनती है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि सभी को समान मौका देना सच्ची संसदीय परम्परा है। जहां विपक्ष का मान नहीं, वो सच्ची संसद नहीं हो सकती। उल्लेखनीय है कि ये वही लोग हैं जब सत्ता में थे तो सभी राजनीतिक मर्यादाओं को तार-तार कर दिया गया था। किसी ने अपने प्रधानमंत्री को नीचा दिखाया तो किसी ने अपने चाचा को। विपक्षियों की बौखलाहट पर केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने सधा हुआ बयान देकर यह स्पष्ट कर दिया कि लोकसभा अध्यक्ष संसद के संरक्षक हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री को उद्घाटन करने के लिए आमंत्रित किया है। इसलिए इसमें कोई गलत बात नहीं है। असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्व सरमा ने कहा कि विपक्ष ने यह कभी नहीं सोचा था कि नया संसद भवन इतनी जल्दी बन जायेगा। यह उनके लिए 'बाउंसर' जैसा है। मतलब अब उन्हें सियासी चोट लग रही है तो वो क्या करें? विपक्ष के नहले पर दहला फेंकते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि यह पहली बार नहीं है जब देश के प्रधानमंत्री इस प्रकार के किसी उद्घाटन कार्यक्रम के साक्षी बन रहे हों। बल्कि इससे पहले पार्लियामेंट एनेक्सी का उद्घाटन तत्कालीन प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी द्वारा किया जा चुका है। पार्लियामेंट लाइब्रेरी का शिलान्यास पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी द्वारा किया गया था। इसके अलावा और भी कई उदाहरण हैं। योगी ने कहा कि नया संसद भवन आज की आवश्यकताओं के अनुरूप है। यह आगामी 100 वर्ष के विजन को लेकर बना है और इसमें परंपरा और आधुनिकता का समावेश है। यह दूरदर्शी तरीके के साथ बनाई गई है। हर एक पार्लियामेंटेरियन को प्रॉपर स्पेस और हर प्रकार की सुविधा मिल सके, इस बात को ध्यान में रखा गया है। महत्वपूर्ण यह है कि इतने उदाहरण होने के बावजूद विपक्ष द्वारा जिस प्रकार इस गरिमामयी कार्यक्रम का साक्षी बनने के ऐतिहासिक क्षण को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है, उसे देश कतई स्वीकार नहीं करेगा।

**भाजपा नीत गठबंधन 28 मई को नए संसद भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों करवाने पर एकजुट है और विपक्ष को संसदीय इतिहास का आईना दिखा रहा है।**

**राजनीति**

**फोटो की दुनिया**



**फेसबुक वॉल से**




# यूपीएससी परीक्षा परिणाम- हिंदी की बढ़ती ताकत



आर.के.सिन्हा

***संघ*** लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की साल 2022 के परीक्षा के नतीजों का गहराई से विश्लेषण हो रहा है। यह हर साल होता ही है नतीजे आने के बाद। पर इस तरफ कोई चर्चा नहीं हो रही कि इस बार सफल हुए अभ्यार्थियों में हिंदी माध्यम से परीक्षा देने वालों का आंकड़ा शानदार रहा है। यह पिछले 20-25 वर्षों का सर्वश्रेष्ठ परिणाम है। इस बार हिंदी माध्यम से कुल 54 उम्मीदवारों का चयन हुआ हैं, जिनमें रैंक -66,85,89,105 और 120 प्रमुख हैं। यूपीएससी द्वारा आयोजित इस परीक्षा में हिंदी माध्यम के विद्यार्थी पिछले कुछ सालों से लगातार अपेक्षित नतीजे नहीं दे पा रहे थे। चाहे बात चयनित विद्यार्थियों की हो या टॉप रैंक की, हिंदी माध्यम हमेशा से संघर्ष करता रहा है। इसलिए कहा जाने लगा था कि हिंदी माध्यम से देश की इस सबसे खास परीक्षा को उत्तीर्ण करना लगभग असंभव है। लेकिन इस साल 2022 के परिणाम बेहतरीन रहे हैं। ये एक तरह से बेहतर भविष्य की उम्मीद पैदा कर रहे हैं। पिछले साल आए 2021 के परिणाम में हिंदी माध्यम वाले 24 उम्मीदवार सफल हुए थे। यानी हिंदी का ग्राफ धीरे-धीरे सुधर रहा है। हिंदी माध्यम की टॉपर 66वीं रैंक हासिल करने वाली कृतिका मिश्रा कानपुर की रहने वाली हैं। दिव्या तंवर ने इस बार 105वीं रैंक हासिल की है। 2021 बैच में भी दिव्या ने 438वीं रैंक हासिल की थी और सबसे कम उम्र ( सिर्फ 22 साल) की आईपीएस चुनी गई थीं। अब वह आईएएस हो गई हैं। दरअसल इस बार के नतीजों में सबसे खास बात यह है कि हिंदी के माध्यम से परीक्षा देने वाले 54 उम्मीदवारों में से 29 ने वैकल्पिक विषय के रूप में हिंदी साहित्य लेकर यह कामयाबी हासिल की है। पांच-पांच उम्मीदवार ऐसे भी सफल हुए जिन्होंने इतिहास, भूगोल व राजनीति विज्ञान विषय लिया था। दो छात्रों ने गणित विषय लेकर हिंदी माध्यम से सफलता हासिल की, जिनमें से एक ने 120वीं रैंक हासिल की है। अगर बात पिछले साल की जारी रखें तो राजस्थान के रवि कुमार सिहाग 18वीं रैंक के साथ हिंदी मीडियम से परीक्षा देने वालों में टॉपर बने थे। सात साल के बाद हिंदी माध्यम का कोई छात्र यूपीएससी पास करने वाले शीर्ष 25 उम्मीदवारों में जगह बना पाया था। इससे पहले सिविल सेवा की 2014 की परीक्षा में निशांत कुमार जैन 13वें स्थान पर रहे थे। मैं आगे बढ़ने से पहले बताना चाहता हूं कि भारत के पूर्व विदेश सचिव शशांक संभवतः देश के हिंदी माध्यम से यूपीएससी की परीक्षा को क्लीयर करने वाले पहले उम्मीदवार थे। वे भारत के बहुत सफल विदेश सचिव के रूप में याद किये जाते हैं। इसी तरह से दिल्ली पुलिस के आला अफसर अजय चौधरी ने भी हिंदी को यूपीएससी में परीक्षा देने का माध्यम बनाया था। वे दिल्ली पुलिस के धाकड़ पुलिस रहे हैं। देखिए, इस बेहतर परिणाम में सिविल सर्विसेज परीक्षा की तैयारी के लिये कोचिंग देने वाले दृष्टि आईएएस संस्थान का विशेष योगदान है। इस बार हिंदी माध्यम से चयनित 54 से अधिक विद्यार्थी परीक्षा के किसी न किसी स्तर पर दृष्टि संस्थान से जुड़े रहे हैं। यहां के प्रमुख विद्वान डॉ. विकास दिव्यकीर्ति कहते हैं कि हमने कुछ साल पहले हिंदी माध्यम के परिणाम को सुधारने के लिए कई पहलों की शुरूआत कर दी थी। जैसे कि ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले विद्यार्थियों को दिल्ली में रहने और पढ़ने की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 'अस्मिता' नाम से एक कार्यक्रम शुरू किया है। इसके अलावा परिणाम में सुधार करने के लिए हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों को विशेष तौर पर मेंटरशिप और लाइब्रेरी की सुविधा भी दी जा रही है। इन्हीं तमाम प्रयासों का परिणाम रहा है कि आज इतना बेहतर हो सका है और उम्मीद है कि परिणाम भविष्य में और बेहतर हो सकेगा।

**2021 बैच में भी दिव्या ने 438वीं रैंक हासिल की थी और सबसे कम उम्र ( सिर्फ 22 साल) की आईपीएस चुनी गई थीं। अब वह आईएएस हो गई हैं।**

**देश-दुनिया**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

# वेट लॉस के साथ कई बीमारियों में बेहद असरदार हैं इसबगोल



अगर आप भी अपने बढ़ते हुए वजन को घटाना चाहते हैं, तो इसबगोल की भूसी आपकी इसमें मदद कर सकती है। बता दें कि इससे आप तेजी से अपना वेट लॉस कर पाएंगे। इसबगोल पौधा देखने में गेहूं के पौधे की तरह होता है। वेट लॉस करने के लिए आपने कई लोगों को तरह-तरह के उपायों को आजमाते देखा होगा। कोई डाइटिंग करता है तो कोई वेट लॉस सप्लीमेंट्स और नुस्खे ट्राई करता है। जिम में घंटो पसीना बहाने के बाद भी कुछ लोगों का ही मुश्किल से वेट लॉस हो पाता है। वजन न घटता देख लोग अक्सर निराश हो जाते हैं और परेशान रहते हैं। बता दें कि वजन घटाने के लिए अपनी दैनिक कैलोरी की कुल खपत से कुछ कैलोरी का सेवन कम कर देना चाहिए।
यदि आप अगर आप दिन में कम कैलोरी वाले संतुलित आहार के साथ पूरे दिन में सिर्फ आधा घंटा एक्सरसाइज करते हैं। इसके अलावा कुछ ऐसे फूड्स भी होते हैं, जिनके सेवन से आप तेजी से अपना वेट लॉस कर सकते हैं। ऐसा ही एक बेहतरीन फूड इसबगोल की भूसी है। यह देखने में गेहूं के पौधे की तरह लगता है। इसबगोल की भूसी के पौधे की डालियों में सफेद रंग के बीज चिपके होते हैं। यह सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। बता दें कि कई समस्याओं से निजात पाने के लिए इसका सेवन किया जाता है। वहीं अगर इसबगोल की भूसी का नियमित रूप से सेवन किया जाए तो तेजी से वजन भी कम होता है। बता दें कि यह फाइबर का बेहतरीन स्त्रोत होता है। इसबगोल की भूसी डाइजेशन को मजबूत रखने के साथ ही पेट संबंधी समस्याओं से भी निजात दिलाता है। आइए जानते हैं कि कैसे इसका सेवन करना चाहिए।

### पानी या जूस के साथ करें सेवन

इसबगोल की भूसी के सेवन का तरीका काफी आसान है। बता दें कि एक गिलास पानी या किसी फल के जूस में आप ईसबगोल डालकर कुछ मिनट के लिए ऐसे ही रख दें। इसके बाद जब पानी या जूस इसबगोल की भूसी को अच्छे से अवशोषित कर लेगा और यह थोड़ा फूल जाएगा। इसके बाद खाली पेट इसको पी लें। अगर आप चाहें 1-2 चम्मच भूसी ऐसे ही खाकर ऊपर से पानी या जूस पी सकते हैं।

### दूध के साथ करें सेवन


बता दें कि रात में सोने से पहले 1 गिलास दूध के साथ ईसबगोल की भूसी का सेवन कर सकते हैं। इस दौरान आप हल्का गुनगुने दूध का सेवन करें।

### दही के साथ करें सेवन

अगर आप चाहें तो दही के साथ भी आप ईसबगोल की भूसी का सेवन कर सकते हैं। इसके लिए आप इसे दही में मिलाकर कुछ समय के लिए छोड़ दें। इसके बाद इस दही को खा लें। इस तरह से सेवन किए जाने से आंत में अच्छे बैक्टीरिया बढ़ने के साथ ही पाचन भी सही रहता है। बता दें कि दिन में किसी भी समय स्नैक्स की तरह इसको खा सकते हैं।


# खाने की इन आदतों में करें सुधार, नहीं पड़ेगी दवाईयों की जरूरत

डायबिटीज को नियंत्रित करने के लिए लोग आयुर्वेद का सहारा ले सकते हैं। आयुर्वेद डॉक्टर दीक्षा भावसार सांवलिया ने हाल ही में खाने की गलतियों के बारे में बताया है, जिन्हें सुधार कर के लोग प्री-डायबिटीज और डायबिटीज को बड़ी ही आसानी से नियंत्रित कर सकते हैं। बीते कई सालों में लोगों की लाइफस्टाइल और खानपान की आदतों में काफी बदलाव हुआ है। इसी वजह से आज लोग कई गंभीर बीमारियों के शिकार होते जा रहे हैं, जो धीरे-धीरे कर उनके जीने के दिन कम करती जा रही हैं। इन्हीं बीमारियों में डायबिटीज की बीमारी भी शामिल है। पिछले कुछ सालों में डायबिटीज एक बड़ी समस्या बनकर उभरी है। बड़ी ही तेजी से लोग इसकी चपेट में आते जा रहे हैं। पहले के जमाने में 30 की उम्र के बाद लोगों को डायबिटीज होती थी, लेकिन आजकल छोटे बच्चों से लेकर युवाओं तक इस बीमारी की चपेट में आ चुके हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, दुनिया की लगभग 11 फीसदी आबादी को डायबिटीज की बीमारी है।
डायबिटीज एक ऐसी बीमारी है, जिसका अभी तक कोई पक्का इलाज नहीं बना है। इसे नियंत्रित कर के ही मरीज स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। डायबिटीज को नियंत्रित करने के लिए लोग आयुर्वेद का सहारा ले सकते हैं। आयुर्वेद डॉक्टर दीक्षा भावसार सांवलिया ने हाल ही में खाने की गलतियों के बारे में बताया है, जिन्हें सुधार कर के लोग प्री-डायबिटीज और डायबिटीज को बड़ी ही आसानी से नियंत्रित कर सकते हैं।
रोजाना बंद करें दही का सेवन- गर्मियों के मौसम में लोग रोजाना दही का सेवन करते है, जो उनके लिए परेशानी का सबब बन सकता है। रोज दही खाने से लोगों को डायबिटीज हो सकती है। इसके अलावा वजन बढ़ना, सूजन, खराब मेटाबॉलिज्म की समस्या भी हो सकती है।
**बिना भूख के भोजन करना बंद करें :** बहुत से लोगों की हर घंटे में कुछ न कुछ खाने की आदत होती है, जिसकी वजह से उन्हें डायबिटीज हो सकती है। जब पेट पहले से ही भरा होता है और हम बिना भूख के भोजन करते हैं तो हमारे शरीर की इंसुलिन संवेदनशीलता कम हो जाती है।




**जरूरत से ज्यादा भोजन करना कर दें बंद :** कई बार लोग भूख से ज्यादा खाना खा लेते है। क्षमता से अधिक खाने से मोटापा, कोलेस्ट्रॉल और पाचन संबंधी समस्याएं होती हैं। इसके अलावा लोगों की इस आदत की वजह से उन्हें डायबिटीज हो सकती है। इसके अलावा डायबिटीज नियंत्रित करने के लिए मरीज जरूरत से खाने की अपनी आदत को ठीक करें।
**रात को हैवी डिनर करना बंद करें :** ज्यादातर लोग सुबह के समय ब्रेकफास्ट नहीं करते हैं और रात के समय बहुत ही ज्यादा हैवी डिनर करते हैं। देर रात को भारी डिनर करने से लोगों के लिवर पर अधिक भार पड़ता है। इसके अलावा हैवी डिनर मेटाबोलिज्म को भी धीरा कर देता है। इसकी वजह से शरीर में पोषण की कमी हो जाती है।

# विटामिन डी व बी12 की कमी से कई बीमारियों का खतरा





गविटामिन बी12 को कोबालामिन भी कहा जाता है। जिसकी कमी शरीर के लिए काफी नुकसानदायक होती है। विटामिन डी के बाद लोगों में अक्सर इसी न्यूट्रिशन की कमी देखी जाती है। एनसीबीआई के एक शोध के अनुसार विटामिन बी12 से गैस्ट्रिक कैंसर, हार्ट फेलियर, टाइप 1 डायबिटीज, रुमेटॉइड आर्थराइटिस, न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर का खतरा बढ़ जाता है। हार्वर्ड हेल्थ के अनुसार विटामिन बी12 से कई रोग होते हैं, जो शरीर को कमजोर कर सकते हैं। जिनमें प्रमुख हैं-

### कुछ प्रकार के एनीमिया

थकान
कमजोरी
नसें डैमेज होना
हाथ-पैर में चींटी चलना
हाथ-पैर सुन्न होना
याददाश्त चली जाना
कंफ्यूजन
डिमेंशिया
डिप्रेशन
दौरे पड़ना

### क्यों होती है विटामिन बी12 की कमी ?

मीट, मछली, चिकन, दूध-पनीर जैसे एनिमल प्रॉडक्ट का सेवन ना करना।
पेट का एसिड कम होना।
पेट का एसिड कम करने वाली दवाएं खाना।
पाचन विकार।
विटामिन बी 12 का इस्तेमाल रोकने वाली दवाएं खाना।

### विटामिन बी12 के लिए क्या खाएं?

मछली
जानवरों की कलेजी
रेड मीट
अंडे
चिकन
दूध
योगर्ट
चीज
फोर्टिफाइड फल
विटामिन बी 12 एक पानी में घुलनशील विटामिन है, जो शरीर में कई महत्वपूर्ण काम करता है। इसकी हर दिन 2.4 एमसीजी मात्रा जरूरी होती है। गर्भवती और ब्रेस्टफीड करवा रही महिलाओं के लिए यह बढ़ जाती है। लेकिन किसी को भी इसके सेवन के पहले एक बार अपनी बीमारी व स्वास्थ्य के बारे में चिकित्सक से परामर्श के बाद ही उपयोग करना चाहिए।

❖ आएनएम



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'
प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार

# इसे भी देखो न

**आजकल शहर में विकास बाबू बनकर हमारे बीच धाक जमा रहे हैं। उन्हीं का नाम ले लेकर गांव में कइयों का जीना हराम हो गया है। मैंने निर्णय किया कि विकास बाबू के यहां जाकर दो-चार दिन ठहरूँगा और अपनी योग्य कोई नौकरी तलाश करूँगा। किंतु जैसे ही मैं शहर पहुंचा वहां विकास बाबू को देखकर मेरे पैरों तले जमीन खिसक गई। गांव में खुद को सॉफ्टवेयर कंपनी का कर्मचारी बताने वाले विकास बाबू के कर्म और आचार में बड़ा अंतर दिखाई दिया। वे सॉफ्टवेयर कंपनी में नहीं किसी अपार्टमेंट के वॉचमैन की नौकरी करते थे।**

आए दिन हर कोई घर-जमीन गांव सब छोड़-छाड़ कर या बेच-बांचकर शहर की ओर कदम बढ़ाता है। पता नहीं शहर में ऐसा कौन सा चुंबक होता है जो लोहे के बदले इंसान को अपनी ओर खींचता है। शहर की चमचमाती सड़कों को देख चमचमाने का कीड़ा बड़ा उछल-कूद करता है। छोटे-छोटे गांवों में शहरी लालच की बड़ी अट्टालिका का निर्माण बिना ईट, सीमेंट, रेत और पानी के हो जाता है। वह क्या है न कि सच्चाई का डाकिया शहर में झूठ का पता कभी नहीं ढूँढ़ सकता। फिर एक दिन इसके-उसके मुँह हमें एक ही बात सुनने को मिलती है- डाकिया ही चल बसा शहर ढूँढ़ते-ढूँढ़ते। सच कहें तो शहर कुछ लोगों को शह देता है तो कुछ लोगों को हर लेता है। हमारे गांव में फलां पिछड़ा बाबू रहा करते थे। आजकल शहर में विकास बाबू बनकर हमारे बीच धाक जमा रहे हैं। उन्हीं का नाम ले लेकर गांव में कइयों का जीना हराम हो गया है। मैंने निर्णय किया कि विकास बाबू के यहां जाकर दो-चार दिन ठहरूँगा और अपनी योग्य कोई नौकरी तलाश करूँगा। किंतु जैसे ही मैं शहर पहुंचा वहां विकास बाबू को देखकर मेरे पैरों तले जमीन खिसक गई। गांव में खुद को सॉफ्टवेयर कंपनी का कर्मचारी बताने वाले विकास बाबू के कर्म और आचार में बड़ा अंतर दिखाई दिया। वे सॉफ्टवेयर कंपनी में नहीं किसी अपार्टमेंट के वॉचमैन की नौकरी करते थे। पूछने पर बताया कि गांव में खुद की जमीन जायदाद होने के बावजूद वह सम्मान नहीं मिल पा रहा था जो सम्मान शहर में आकर झूठ बोलकर मिल रहा है। आज मेरी झूठमूठ की सॉफ्टवेयर की नौकरी से सचमुच की खूबसूरत अप्सरा जैसी पत्नी, लाखों का दहेज, चार चक्का गाड़ी और ऊपर से इज्जत अलग मिल रही है।
मैंने पूछा कि क्या तुम्हें झूठ के पदार्फाश होने का डर नहीं है? इस पर उन्होंने किसी दार्शनिक की तरह जवाब दिया - कैसा झूठ? कहां का झूठ? यहाँ हर कोई झूठ में जी रहा है। गांव की सच्चाई छोड़ लोग शहर के झूठ की ओर दौड़ रहे हैं। शहर में रहने वाले अपनी सच्चाई छोड़कर महानगरों की झूठी चकाचौंध के पीछे-पीछे दौड़े जा रहे हैं। महानगर में रहने वाले अमेरिका, इंग्लैंड की झूठी दुनिया में जाना चाहते हैं। और वहां रहने वाले चंद्रमा की झूठी दुनिया में घूमना चाहते हैं। यह दुनिया बड़ी अजीब है। सच को लतियाती और झूठ को पुचकारती है। सच्ची दुनिया में झूठे लोग रह सकते हैं लेकिन झूठी दुनिया में सच्चे लोग कतई नहीं रह सकते। यह दुनिया झूठ बोलने वालों को सिर पर और सच बोलने वालों को पैरों तले रखती है। वॉचमैन की नौकरी करने वाले विकास बाबू सच में सॉफ्टवेयर कर्मचारी थे। उन्होंने दुनिया की सच्चाई को बड़े ही सॉफ्ट ढंग से मेरे बदन के हार्डवेयर में उतार दिया था।

## सूडोकु नवताल- 6712

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6711 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

## दैनिक पंचांग

**27 मई 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 06.35 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | कर्क | 08.48 बजे से |
| मंगल | कर्क में | सिंह | 11.04 बजे से |
| बुध | मेष में | कन्या | 13.16 बजे से |
| गुरु | मेष में | तुला | 15.27 बजे से |
| शुक्र | मिथुन में | वृश्चिक | 17.42 ब.से |
| शनि | कुंभ में | धनु | 19.58 बजे से |
| राहु | मेष में | मकर | 22.03 बजे से |
| केतु | तुला में | कुंभ | 23.49 बजे से |
| राहुकाल | | मीन | 01.22 बजे से |
| 9.00 से 10.30 | | मेष | 02.53 बजे से |
| बजे तक | | वृष | 04.33 बजे से |

**शनिवार** 2023 वर्ष का 147 वां दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म।
**वक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** सप्तमी 07.43 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** मघा 23.43 बजे को समाप्त।
**योग** व्याघात 19.57 बजे को समाप्त।
**करण** वणिज 07.43 बजे तदनन्तर विष्टि 20.52 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 07.3 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 21° 13'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871626
**जूलियन दिन** 2460091.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2549
**हिजरी सन्** 1444
**महीना** जिल्काद **तारीख** 07
**विशेष** पंडित जवाहरलाल नेहरू पुण्यतिथि।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7774



**बाएँ से दाएँ**

1. कलाकार, अदाकार-4
4. फूलों की छोटी माला, वेणी-3
6. पैर, पांव-2
7. अधिकार-2
9. खानाबदोश, बंजारा-4
11. राशन, खाद्य सामग्री-3
12. टेसू के फूल-3
13. कपोल, रुखसार-2
14. विजय-2
15. डोली उठाने वाले-3
17. जल प्रपात-3
18. गठबंधन-4
21. पानी, जल-2
23. नौका-2
24. देह, काया, शरीर-3
25. अगुवा, राह दिखाने वाला-4

**ऊपर से नीचे**

1. उपवास का खाना-4
2. झुका हुआ-2
3. व्यवहार-3
4. समयघोष-3
5. मार्ग, पथ-2
8. गागर, घड़ा, घट-3
9. स्मारक-4
10. हत्या, कत्ल-2
12. पत्तों के गिरने का मौसम-4
15. कथा, गाथा-3
16. अष्टम-2
18. नामचीन-4
19. रवाना होना-3
20. विदूषक, मसखरा-3
22. ईश्वर, भगवान-2
23. बटन, स्विच-2

### शब्द पहेली -7773 का हल



## आज का राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यापार को विकसित करने की ओर अधिक ध्यान देंगे। नई योजनाएं और विचारधारा की नवीनता से व्यापार प्रगति की दिशा में अग्रसर होने लगेगा।

**वृष राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। खान-पान पर विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। नकारात्मक विचारों को मन से निकाल देने पर हताशा से उबर पाएंगे।

**मिथुन राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। किसी के साथ भावनात्मक संबंध से बंध सकते हैं और उस संबंध में आज कुछ अधिक भावनाशील रहेंगे।

**कर्क राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा और आर्थिक लाभ होगा। व्यापार के विस्तार की नई योजनाएं शुरू कर सकते हैं।

**सिंह राशि :** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगी। कारोबार में समय अनुकूल रहेगा और आर्थिक लाभ की स्थिति बनेगी। व्यापार में विकास होने से मन में आनंद छाया रहेगा।

**कन्या राशि :** आज का दिन आपके लिए मध्यम फलदायी रहेगा। कारोबार में छोटी-छोटी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

**तुला राशि :** आज का दिन व्यवसायियों के लिए अनुकूल है। कारोबार अच्छा चलेगा और आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। हालांकि, कार्यभार की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। वाणी पर संयम रखने से अन्य लोगों के साथ मनमुटाव के प्रसंगों को टाल सकेंगे। आध्यात्मिक विचार और प्रवृत्तियों में दिनभर मन लगा रहेगा।

**धनु राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में अनुकूल वातावरण मिलने के योग बन रहे हैं। आज का प्रत्येक कार्य बिना विघ्न के संपन्न होगा। गृहस्थ जीवन में उग्र वातावरण बना रहेगा।

**मकर राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार मध्यम रहेगा और कार्यभार की अधिकता रहेगी, कठिन परिश्रम से कार्य फसल होंगे। धार्मिक कार्यों में भाग लेंगे तथा धार्मिक यात्रा पर भी जा सकते हैं।

**कुंभ राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में भी लाभ होगा। शेयर और प्रॉपर्टी में निवेश लाभदायक रहेगा। पारिवारिक जीवन में सुख-शांति छाई रहेगी।

**मीन राशि :** आज का दिन लाभदायी है। कायक्षेत्र में अच्छा माहौल रहेगा और व्यापार-व्यवसाय में अपेक्षित सफलता मिलने की संभावना रहेगी। आकस्मिक धनलाभ से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

## पीवी सिंधू सेमीफाइनल में पहुंची, श्रीकांत हारे



**एजेंसी। कुआलालंपुर**
दो बार की ओलंपिक चैम्पियन पीवी सिंधू मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गई जिसने महिला एकल में चीन की यि मान झांग को हराया। छठी वरीयता प्राप्त सिंधू ने निचली रैंकिंग वाली झांग को 21 . 16, 13 . 21, 22 . 20 से मात दी। विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज सिंधू ने 18वीं रैंकिंग वाली झांग से आल इंग्लैंड ओपन के अंतिम 32 दौर में मिली हार का बदला भी चुकता कर लिया। सिंधू का सामना दुनिया की नौवें नंबर की खिलाड़ी इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मारिस्का टी से होगा जिसने चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त यि झि वांग को 21 . 18, 22 . 20 से मात दी। पुरूष एकल में किदाम्बी श्रीकांत को इंडोनेशिया के क्वालीफायर क्रिस्टियन एडिनाटा ने 16 . 21, 21 . 16, 21 . 11 से हरा दिया।

## मोटो जीपी टीम ने बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट का सफल एडवांस सर्वेक्षण किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**
ग्लोबल मोटो जीपी के कर्मशियल राइट्स होल्डर- डोर्ना स्पोर्ट्स की 12-सदस्यीय टीम ने हाल ही में बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में रेस की तैयारियों का जायजा लेने लिए भारत का एक एडवांस टोही रेकी पूरा किया। रेकी करने वाली टीम में डोर्ना के इवेंट्स डायरेक्टर- नोर्मा लूना के नेतृत्व में मोटो जीपी मार्केटिंग और स्पॉन्सरशिप टीमों के अधिकारी भी शामिल थे। इस दौरे का उद्देश्य 22-24 सितंबर को होने वाली रेस से पहले बहुप्रतीक्षित मोटो जीपी भारत की तैयारियों का जायजा लेना था। लूना के साथ डेनियल ट्रुजिलो (तकनीकी निदेशक), एनरिक एगुइलर (लाइव कवरेज निदेशक) सहित अन्य अधिकारी भी थे। इस टीम ने विभिन्न तकनीकी पहलुओं का मूल्यांकन करने के साथ-साथ प्रसारण सेटअप सुविधाओं का निरीक्षण करने और विश्व स्तरीय कार्यक्रम



का निर्धारण करने के लिए विभिन्न अन्य आवश्यक पहलुओं की जानकारी हासिल करने के लिए सर्किट का सर्वेक्षण किया। भारत में इस इवेंट के प्रमोटर फेयरस्ट्रीट स्पोर्ट्स के सीओओ पुष्कर नाथ श्रीवास्तव देश के इस सबसे बड़े वार्षिक खेल आयोजन के लिए बीआईसी क्षमता को लेकर आश्वस्त दिखे। पुष्कर नाथ श्रीवास्तव ने कहा, इस मेगा इवेंट के लिए 124 दिनों से भी कम समय बचा है। इस कारण हमने आपरेशंस से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। डिटेल्ड मार्केटिंग, ब्रांडिंग, स्पांसरशिप और रेस के प्रसारण से संबंधित बातचीत भी की गई। यह देखकर प्रसन्नता हो रही है कि मोटो जीपी भारत वैश्विक धष्टिकोण से और साथ ही हमारे लिए, सरकार के साथ-साथ भारतीय स्टेक होल्डर्स के लिए कितना महत्वपूर्ण है।

मोटो जीपी की मेजबानी का एक बड़ा हिस्सा इससे जुड़ी पर्यटन संबंधी क्षमता का भी प्रदर्शन करना है और इस यात्रा के दौरान डोर्ना टीम को दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित पर्यटन स्थलों में से एक और उत्तर प्रदेश के गौरव-ताजमहल को एक्सप्लोर करने का अवसर भी मिला। टीम रेसट्रैक से सिर्फ दो घंटे की ड्राइव पर स्थित ताज की भव्यता से मुग्ध हो गई और विस्मित रह गई।

## शतरंजः मैग्नस कार्लसन ने 2023 सुपरबेट रैपिड एंड ब्लिट्ज पोलैंड जीता

**वारसॉ (पोलैंड)।** पांच बार के विश्व शतरंज चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने ग्रैंड चेस टूर (जीसीटी) के दूसरे चरण 2023 सुपरबेट रैपिड एंड ब्लिट्ज पोलैंड का खिताब जीत लिया है। नॉर्वे के ग्रैंडमास्टर और विश्व नंबर एक कार्लसन ने गुरुवार रात 24/36 के स्कोर के साथ 40,000 डॉलर का प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर स्थानीय पसंदीदा और डिफेंडिंग चैंपियन जान-क्रिस्टोफ डूडा थे, जिन्होंने अंतिम दिन से पहले तक बढ़त




का नेतृत्व किया और 23/36 के साथ सिर्फ एक अंक पीछे रहे। वह कार्लसन के खिलाफ अंतिम बाजी जीतने की स्थिति में पहुंच गए थे जिससे फैसला प्लेऑफ में चला जाता। लेकिन वह कार्लसन से मात्र एक अंक पीछे रह गए। संयुक्त राज्य अमेरिका के वेस्ले सो और फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव 21.5 अंकों के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर रहे, जबकि लेवोन अरोनियन 20.5 के साथ पांचवें स्थान पर रहे।

**NEWS इन ब्रीफ**

### वारबर्टन को भारतीय सब-जूनियर मुक्केबाजी टीमों का मुख्य कोच नियुक्त

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के अनुभवी मुक्केबाजी कोच जॉन वारबर्टन भारतीय राष्ट्रीय सब-जूनियर मुक्केबाजी टीमों के नए मुख्य कोच होंगे। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने शुक्रवार को यहां यह घोषणा की। वारबर्टन की नियुक्ति देश में जमीनी स्तर पर मुक्केबाजी के विकास के उद्देश्य से बीएफआई और जेएसडब्ल्यू के बीच रणनीतिक साझेदारी का हिस्सा है। बीएफआई ने एक विज्ञप्ति में कहा, वारबर्टन, एक बेहद अनुभवी और कुशल कोच, भारतीय मुक्केबाजी में विशेषज्ञता का खजाना लाएंगे।

### ब्रिगिट हेनरिक्स ने दिया इस्तीफा

**पेरिस।** फ्रांस ओलंपिक समिति की अध्यक्ष ब्रिगिट हेनरिक्स ने गुरुवार को अप्रत्याशित रूप से अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। फ्रांसीसी राष्ट्रीय महिला फुटबॉल टीम की पूर्व खिलाड़ी रह चुकी हेनरिक्स फ्रांस की पहली महिला ओलंपिक अध्यक्ष थीं। फ्रांसीसी ओलंपिक समिति ने एक बयान में कहा कि हेनरिक्स ने गुरुवार को एक आम सभा की बैठक की शुरूआत में घोषणा की कि वह पद छोड़ रही हैं।

# गुजरात ने मुंबई को 234 रनों का दिया टारगेट

**एजेंसी। अहमदाबाद**
ओपनर शुभमन गिल (129) की विस्फोटक पारी के दम पर डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग 2023 के क्वालिफायर-2 में मुंबई इंडियंस को जीत के लिए 234 रन का टारगेट दिया। टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 234 रन बनाए। यह प्लेऑफ का सबसे बड़ा स्कोर है। गिल ने 49 बॉल पर सेंचुरी पूरी की। वे प्लेऑफ में शतक जमाने वाले सबसे युवा बैटर बने हैं। गिल के अलावा, साई सुदर्शन ने 31 बॉल पर 43 रन की पारी खेली। आखिरी में कप्तान हार्दिक पंड्या ने 13 बॉल में दो चौके और दो छक्के समेत 28 रन बनाए। पहलाः पीयूष चावला ने 7वें ओवर की तीसरी बॉल पर ऋद्धिमान साहा को विकेटकीपर ईशान किशन के हाथों कैच कराया। तीसरा : 17वें ओवर की 5वीं बॉल पर आकाश मधवाल ने शुभमन गिल को टिम डेविड के हाथों कैच कराया। सुदर्शन रिटायर्ड आउट, लीग के तीसरे बैटर साई सुदर्शन 31 बॉल पर 43




रन बनाकर रिटायर्ड आउट हो गए। वे अपनी पारी में 5 चौके और एक छक्का ही जमा सके। साई रिटायर्ड आउट होने वाले सीजन के तीसरे खिलाड़ी बने। इससे पहले, अथर्व तायड़े और रविचंद्रन अश्विन रिटायर्ड आउट हुए थे। गुजरात के ओपनर शुभमन गिल ने करियर की तीसरा शतक जमाया। उन्होंने 49 बॉल पर सेंचुरी पूरी की। गिल ने मौजूदा सीजन का तीसरा शतक जमाया है। इतना ही नहीं, यह गिल के करियर का तीसरा क्ढछ शतक भी है। गिल ने 60 बॉल की पारी में 215.00 के स्ट्राइक रेट से 129 रन बनाए। उन्होंने 7 चौके और 10 छक्के शामिल रहे। 54 रन पर ऋद्धिमान साहा का विकेट गंवाने के बाद गिल ने साई सुदर्शन के साथ शतकीय साझेदारी की। दोनों ने 64 बॉल पर 138 रन जोड़े। इस साझेदारी को आकाश मधवाल ने तोड़ा। उन्होंने गिल का विकेट लिया। गुजरात के ओपनर शुभमन गिल और ऋद्धिमान साहा के बीच अर्धशतकीय ओपनिंग साझेदारी हुई। शुभमन गिल और ऋद्धिमान साहा के ओपनिंग पेयर ने 38 बॉल पर 54 रन जोड़े।

## नीरज चोपड़ा के फिनलैंड में अभ्यास को मंजूरी मिली



**नयी दिल्ली।** ओलंपिक चैम्पियन भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को जून में होने वाले गोल्ड स्तर के दो टूर्नामेंटों के लिये फिनलैंड में अभ्यास को गुरुवार को मंजूरी मिल गई। युवा कार्य और खेल मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार तोक्यो ओलंपिक चैम्पियन चोपड़ा फिनलैंड के कुओतार्ने ओलंपिक ट्रेनिंग सेंटर पर अभ्यास करना चाहते हैं। हाल ही में विश्व रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंचे चोपड़ा ने 2022 में भी वहां अभ्यास किया था। अन्य प्रस्तावों में मिशन ओलंपिक सेल ने टेबल टेनिस खिलाड़ी पायस जैन के ताईवान में अभ्यास को भी मंजूरी दे दी। सीनियर टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा और साथियान ज्ञानशेखरन के निजी कोचों को विभिन्न टूर्नामेंटों में साथ ले जाने को भी मंजूरी दे दी। वित्तीय सहायता में हवाई यात्रा का खर्च, शिविर का खर्च, रहने और चिकित्सा बीमा का खर्च और आउट आफ पॉकेट भत्ता शामिल होगा। एमओसी सदस्यों ने नौकायन खिलाड़ी सलमान खान को टॉप्स विकास समूह में शामिल किया ।


## आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप विजेता को मिलेंगे 16 लाख डॉलर



**एजेंसी। दुबई**
भारत और ऑस्ट्रेलिया अगले महीने होने वाली आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2023 में आमने-सामने होंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने शुक्रवार को घोषणा की कि प्रतियोगिता की विजेता टीम को इनामी राशि के रूप में 16 लाख डॉलर (लगभग 13.21 करोड़ रुपये) मिलेंगे। आईसीसी ने शुक्रवार को सूचित किया कि खेल के सबसे लंबे प्रारूप में शानदार जीत के अलावा बड़ी पुरस्कार राशि दोनों टीमों के लिए प्रमुख प्रोत्साहन होगी। हारने वाले फाइनलिस्ट को 800,000 डॉलर (6.50 करोड़ रुपये) मिलेंगे। चैंपियनशिप का निर्णायक मैच द ओवल, लंदन में 7 से 11 जून तक खेला जाएगा और 12 जून रिजर्व डे होगा। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की पुरस्कार राशि चैंपियनशिप के उद्घाटन संस्करण के समान है। आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2019-21 में कुल 3.8 मिलियन डॉलर का पर्स था। केन विलियमसन के नेतृत्व वाली न्यूजीलैंड की टीम को दो साल पहले साउथम्प्टन में शानदार गदा के अलावा 1.6 मिलियन डॉलर का इनाम मिला था, जो छह दिवसीय फाइनल में भारत पर आठ विकेट की जीत के सौजन्य से था। आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2021-23 के सभी नौ प्रतिभागियों को 3.8 मिलियन डॉलर के पर्स में हिस्सा मिलेगा। दक्षिण अफ्रीका ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2021-23 स्टैंडिंग में तीसरा स्थान हासिल करके 450,000 डॉलर कमाए हैं। आक्रामक खेल शैली के साथ दो साल के चक्र में देर से पुनरुत्थान करने वाला इंग्लैंड तालिका में चौथे स्थान पर रहा और उसे 350,000 डॉलर का इनाम मिलेगा। श्रीलंका, जो न्यूजीलैंड में अपनी श्रृंखला हार से पहले फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में थे, पांचवें स्थान पर खिसक गए।

## किसी और का कचरा लेकर उसे सोना बना देता है धोनी, वो एक जादूगर है : मैथ्यू हेडन

**एजेंसी। नई दिल्ली**
आस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर मैथ्यू हेडन का मानना है कि महेंद्र सिंह धोनी एक जादूगर है जो किसी और के कचरे को सोने में बदल देता है और चेन्नई सुपर किंग्स की कामयाबी में उसका इतना योगदान है कि बतौर खिलाड़ी फ्रेंचाइजी के साथ उसके भविष्य की बातें लगभग अप्रासंगिक है। धोनी की कप्तानी में सीएसके दसवीं बार आईपीएल फाइनल में पहुंची है। टूर्नामेंट की शुरूआत में टीम की गेंदबाजी कमजोर थी लेकिन धोनी ने उसी से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करा लिया। बल्लेबाजी में भी अजिंक्य रहाणे और शिवम दुबे का जिस तरह से इस्तेमाल किया गया, उसकी हर जगह तारीफ हो रही है। टूर्नामेंट में धोनी घुटने की चोट के



साथ खेले हैं। उन्होंने बतौर खिलाड़ी अपने भविष्य पर फैसला लेने के लिये खुद को आठ नौ महीने का समय दिया है। हेडन का हालांकि मानना है कि वह अगले आईपीएल में नहीं खेलेगा। धोनी एक जादूगर है। हेडन ने पीटीआई से कहा, एमएस धोनी एक जादूगर है। वह किसी और का कचरा लेकर उसे सोने में बदल देता है। वह काफी कुशल और सकारात्मक कप्तान है। उसने बहुत रोचक बात कही है जो उसकी विनम्रता दशार्ती है। तमिलनाडु क्रिकेट संघ और उसकी टीम के बीच तालमेल कितना मजबूत है और टीम को मजबूत बनाने की प्रक्रिया की कड़ी भी है। हर लक्ष्य को पाने के लिये एक प्रक्रिया होती है और उसने पहले भारतीय टीम के साथ और अब सीएसके के साथ यह करके दिखाया।'' उन्होंने यूनिवर्सिटी आफ टेक्नॉलॉमी सिडनी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, वह अगले साल खेलेगा या नहीं, यह अब अप्रासंगिक है। मुझे लगता है कि वह नहीं खेलेगा लेकिन वह एम एस धोनी है।'' हेडन ने यह भी कहा कि दुनिया भर में टी20 क्रिकेट के बढ़ते चलन से खिलाड़ियों के लिये तीनों प्रारूपों में खेलना कठिन हो गया है।

**अंडर 20 विश्व कप 2023**

## इंग्लैंड जीता, फ्रांस को जाम्बिया ने हराया



**एजेंसी। ब्यूनस आयर्स**
उरूग्वे को 3 . 2 से हराकर खिताब का प्रबल दावेदार इंग्लैंड अंडर 20 फुटबॉल विश्व कप के नॉकआउट चरण में पहुंच गया है। वहीं फ्रांस को जाम्बिया ने 2.1 से हराकर उसकी राह मुश्किल कर दी है। दक्षिण अफ्रीका और होंडुरास के बीच मैच 2 .2 से ड्रॉ रहा। ग्रुप एफ में जाम्बिया के छह अंक है और वह अंतिम 16 में पहुंच जायेगा। वहीं लगातार दो हार के बाद फ्रांस को होंडुरास के खिलाफ अगला मैच हर हालत में जीतना होगा ताकि तीसरे स्थान की सर्वश्रेष्ठ चार टीमों में जगह बना सके। दक्षिण कोरिया ने होंडुरास से ड्रॉ खेला था और अब उसका सामना जाम्बिया से होगा। ग्रुप ई में ट्यूनीशिया ने ईराक को 3.0 से हराया और नॉकआउट की दौड़ में बनी हुई है।

## भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम पाक की चुनौती के लिए तैयार

**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने ओमान में चल रहे जूनियर एशिया कप 2023 में लगातार दो मैच जीतकर अपने अभियान की रोमांचक शुरूआत की। अपने पहले पूल ए मैच में भारतीय टीम ने चीनी ताइपे पर 18-0 की शानदार जीत दर्ज की और उसके बाद गुरुवार को जापान पर 3-1 से जीत दर्ज की। अब शनिवार को भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ग्रुप चरण में अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी। मुकाबले से पहले भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के कप्तान उत्तम सिंह ने कहा, ₹हमने टूर्नामेंट की शुरूआत मजबूत नोट के साथ की है और हम पाकिस्तान के खिलाफ उसी



मानसिकता के साथ आगे बढ़ना चाहेंगे। हमारी पहली दो जीत ने हमें वह आत्मविश्वास दिया है जिसकी हमें टूर्नामेंट से गुजरने के लिए जरूरत थी। पाकिस्तान के पास भी एक मजबूत टीम है और यह एक करीबी मुकाबला होगा। इस बीच, पाकिस्तान ने भी टूर्नामेंट में चीनी ताइपे के खिलाफ अपना पहला मुकाबला 15-1 से और फिर अपने दूसरे गेम में थाईलैंड को 9-0 से हराकर शानदार शुरूआत की है। उत्तम सिंह ने कहा, हमारी रक्षात्मक इकाई अच्छी है लेकिन पाकिस्तान के पास भी अच्छे हमलावर हैं। लेकिन हमने अतीत में इसी तरह की चुनौतियों का सामना किया है और हमें विश्वास है कि हम उन्हें गोल करने से रोकने में सक्षम होंगे। दोनों टीमें आखिरी बार 2015 मेन्स जूनियर एशिया कप फाइनल में भिड़ी थीं, जिसे भारत ने 6-2 से जीता था।

2011 के बाद से, भारत जूनियर पुरुष हॉकी टीम और पाकिस्तान जूनियर पुरुष हॉकी टीम सात बार मिल चुकी हैं, जिसमें भारत ने पांच बार और पाकिस्तान ने एक बार जीत दर्ज की है व एक मैच टाई समाप्त हुआ है।

**टेबल टेनिस** | **चेन जिंगटोंग की जबरदस्त वापसी**

## चीनी पैडलर डरबन वर्ल्ड क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**एजेंसी। डरबन (दक्षिण अफ्रीका)**
चेन जिंगटोंग ने रोमांचक जीत हासिल करते हुए तीन मैच प्वाइंट बचाकर चीनी ताइपे के चेंग आई-चिंग को फुल गेम में बाहर कर दिया। इस बीच, पांच अन्य चीनी खिलाड़ियों ने गुरुवार को आईटीटीएफ वर्ल्ड टेबल टेनिस चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीटीसी) के पुरुष और महिला एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। चेन चार गेम के बाद 1-3 से पिछड़ रहे थे और पांचवें और छठे गेम में 9-10 और 8-10 से बाहर होने के कगार पर थे। फिर भी, वह गुरुवार की शाम निर्णायक मुकाबले में 11-7 से जीत हासिल कर बाधाओं को पार करने में सफल रही। चेन का अगला मैच उनकी टीम के साथी और डिफेंडिंग चैंपियन वांग मनु के



खिलाफ है, जिन्होंने एक गेम से पिछड़ने के बाद जर्मनी की नीना मित्तेलहम को 4-1 से बाहर कर दिया। शुरूआती चार गेम में जापान की मियु किहारा के साथ 2-2 से टाई के बाद ओलंपिक चैंपियन चेन मेंग ने पांचवें गेम में 11-7 से जीत दर्ज की। इसके बाद उन्होंने 11-7 से जीत हासिल करने और अगले दौर में आगे बढ़ने के लिए किहारा की रैली को छठे गेम में रोक दिया। क्वार्टर फाइनल में चेन का सामना एक अन्य जापानी पैडलर मीमा इटो से होगा। दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी ने इससे पहले प्यूटरे रिको की एड्रियाना डियाज को सीधे गेम में बाहर कर दिया था। शीर्ष वरीय सन यिंगशा और वांग यिदी ने दक्षिण कोरिया की शिन यू-बिन और जापान की मिउ हिरानो को सीधे गेम में हराकर महिलाओं के अंतिम आठ में प्रवेश किया।

सन का सामना अब जर्मन दिग्गज हान यिंग से होगा, जबकि वांग की अगली प्रतिद्वंद्वी जापान की हिना हयाता हैं। मौजूदा चैंपियन फैन जेंडॉन्ग ने जर्मन किउ डांग को 4-0 से हराकर मिस्र के उमर असार के साथ क्वार्टर फाइनल मैच में जगह बनायी, जो विश्व चैंपियनशिप क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे अफ्रीकी खिलाड़ी बने। दो साल पहले ह्यूस्टन में नाइजीरियाई कादरी अरुणा ऐसा करने वाले पहले व्यक्ति थे।


असार ने समाचार एजेंसी शिन्हुआ से कहा, मैं एक अफ्रीकी खिलाड़ी के रूप में क्वार्टर फाइनल में पहुंचने को लेकर उत्साहित हूं। मैं अगले दौर का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं और मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद कर रहा हूं।

ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता मा लोंग ने दक्षिण कोरिया के लिम जोंग-हून पर 4-0 की जीत के साथ अपने कौशल का प्रदर्शन किया। उनके साथी लिन गयुआन ने चीनी ताइपे के लिन युन-जू पर 4-1 से जीत हासिल की। मा और लिन सेमीफाइनल स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। वर्ल्ड नंबर-4 जापान के तोमोकाजु हरिमोटो ने डरबन में इटली के मिहाई बोबोसिका के स्वप्निल अभियान को 4-0 के स्कोर से समाप्त किया। क्वार्टर फाइनल में उनका सामना चीन के लियांग जिंगकुन से होगा जिन्होंने स्लोवेनिया के डार्को जोर्जिक को 4-2 से मात दी।



# एलन मस्क की न्यूरालिंक को ब्रेन चिप ट्रायल की मंजूरी

## कम्प्यूटर और मोबाइल दिमाग से कंट्रोल करने का प्रयोग, नेत्रहीन देख सकेंगे



**एजेंसी। वॉशिंगटन**

एलन मस्क की ब्रेन-चिप कंपनी न्यूरालिंक को ह्यूमन ट्रायल के लिए यूएस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन से मंजूरी मिल गई है। अगर यह ट्रायल कामयाब रहा तो चिप के जरिए ब्लाइंड इंसान भी देख सकेंगे। पैरालिसिस से पीड़ित मरीज सोचकर मोबाइल और कंप्यूटर ऑपरेट कर सकेंगे। मस्क ने न्यूरालिंक की टीम को इसके लिए बधाई दी। न्यूरालिंक ने ट्वीटर पर लिखा, 'हम यह शेयर करने के लिए उत्साहित हैं कि हमें अपनी पहली ह्यूमन क्लिनिकल स्टडी शुरू करने के लिए एफडीए का अप्रूवल मिल गया है। यह एफडीए के साथ क्लोज कोलेबोरेशन में न्यूरालिंक टीम के इंक्रेडिबल वर्क का रिजल्ट है। एक दिन हमारी तकनीक कई लोगों की मदद करेगी। हमारे क्लिनिकल ट्रायल के लिए रिक्रूटमेंट अभी ओपन नहीं हुआ है। हम जल्द ही इसकी जानकारी देंगे।' इसके साथ ही न्यूरालिंक ऐप भी डिजाइन किया गया है। ब्रेन एक्टिविटी से सीधे अपने कीबोर्ड और माउस को बस इसके बारे में सोच कर कंट्रोल कर सकते हैं। डिवाइस को चार्ज करने की भी जरूरत होगी। इसके लिए कॉम्पैक्ट इंडक्टिव चार्जर डिजाइन किया गया है जो बैटरी को बाहर से चार्ज करने के लिए वायरलेस तरीके से इम्प्लांट से जुड़ता है। न्यूरालिंक ने कहा, हमारी तकनीक का प्रारंभिक लक्ष्य पैरालिसिस वाले लोगों को कंप्यूटर और मोबाइल डिवाइसेस का नियंत्रण देना है। हम उन्हें इंडिपेंडेंट बनाना चाहते हैं। हम चाहते हैं कि एक दिन हमारे डिवाइस के जरिए ऐसे लोग फोटोग्राफी जैसी अपनी क्रिएटिविटी भी दिखा सकें। हमारा मानना है कि इस तकनीक में कई सारे न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर का इलाज करने की क्षमता है। चिप इम्प्लांट करने में हमेशा जनरल एनेस्थेसिया से जुड़ा रिस्क होता है। ऐसे में प्रोसेस टाइम को कम करके रिस्क कम किया जा सकता है। कंपनी ने इसके लिए न्यूरोसर्जिकल रोबोट डिजाइन किया है, ताकि यह बेहतर तरीके से इलेक्ट्रोड को इम्प्लांट कर सकें। इसके अलावा, रोबोट को स्कल (खोपड़ी) में 25 मिमी डायामीटर के एक छेद के जरिए थ्रेड डालने के लिए डिजाइन किया गया है।

## यूक्रेन के मेडिकल क्लीनिक पर रॉकेट हमले में एक की मौत, 15 घायल

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति ब्लादिमिर जेलेंस्की ने शुक्रवार को कहा कि निप्रो शहर में एक चिकित्सा क्लिनिक पर रूसी रॉकेट हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। इंस्टाग्राम पर हले की पुष्टि करते हुए, राष्ट्रपति ने क्षतिग्रस्त इमारत का एक वीडियो भी पोस्ट किया, इसमें घटनास्थल पर दमकलकर्मी और ढांचे से धुआं निकलते दिख रहे हैं। उन्होंने कहा, गोलाबारी के बाद की स्थिति को खत्म किया जा रहा है और पीड़ितों को बचाया जा रहा है। जेलेंस्की की पुष्टि से पहले, निप्रो के सैन्य प्रशासन के प्रमुख सेर्ही लिसाक ने कहा कि शहर पर गुरुवार रात ड्रोन और रॉकेट से हमला किया गया था। इस साल जनवरी में नीप्रो में रूसी मिसाइल के एक अपॉर्टमेंट की इमारत से टकराने से 44 लोगों की मौत हो गई थी। हमले में 72 अपॉर्टमेंट नष्ट हो गए और 230 से अधिक अन्य क्षतिग्रस्त हो गए।

## इमरान ने पीटीआई के सभी दलबदलुओं की पार्टी सदस्यता रद्द की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कुछ दिनों में अपनी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी छोड़ने वाले सभी नेताओं और पदाधिकारियों की बुनियादी सदस्यता रद्द कर दी है। 9 मई को खान की गिरफ्तारी के बाद, पीटीआई कार्यकताओं और समर्थकों ने हिंसक प्रदर्शन, लूटपाट और बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ की थी। इसके बाद पार्टी के महासचिव असद उमर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष फवाद चौधरी, पूर्व संघीय मंत्री शिरीन मजारी, आमेर महमूद कियानी सहित पीटीआई के कुछ शीर्ष सदस्यों ने पार्टी से नाता तोड़ लिया है। डॉन न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक खान ने उन दलबदलुओं को हटाने का भी आदेश दिया है, जो पार्टी की कोर कमेटी का हिस्सा थे। वे अब पीटीआई के व्हाट्सएप समूहों का हिस्सा नहीं रहेंगे। इस्लामाबाद की ओर लंबे मार्च के दौरान पुलिस के साथ पीटीआई कार्यकताओं की झड़प के एक साल पूरे होने पर एक अलग बयान में खान ने गुरुवार को कहा कि पीटीआई नेता और कार्यकर्ता वर्तमान में राजकीय आतंक का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा, आधी रात में घरों को तोड़ दिया गया और पीटीआई के पदाधिकारियों और कार्यकताओं का अपहरण कर लिया गया, और जो भी इस्लामाबाद गया उसे आंसू गैस, रबर की गोलियों और पुलिस की बर्बरता का सामना करना पड़ा। हम में से कुछ ने सोचा कि यह एक बार हुआ है, लेकिन यह सिर्फ शुरूआत थी। आज सबसे बड़ी और एकमात्र संघीय पार्टी बिना किसी जवाबदेही के राज्य सत्ता के पूर्ण रोष का सामना कर रही है। पीटीआई अध्यक्ष ने कहा, वरिष्ठ नेतृत्व सहित 10,000 से अधिक पीटीआई कार्यकर्ता और समर्थक जेल में हैं और कुछ हिरासत में प्रताड़ना का सामना कर रहे हैं।

# शेयर बाजार में आई तेजी



**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार में हफ्ते के पांचवें और आखिरी कारोबारी दिन, यानी शुक्रवार (26 मई) को तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स 629 अंकों की तेजी के साथ 62,501 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 178 अंकों की तेजी रही, ये 18,499 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 में तेजी और 10 में गिरावट रही। रिलायंस, सन फार्मा, हिंडाल्को, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचसीएल टेक, डिविस लैब, विप्रो, यूपीएल और टेक महिंद्रा समेत निफ्टी-50 के 43 शेयरों में तेजी देखने को मिली। वहीं ओएनजीसी, ग्रासिम, बजाज-ऑटो, भारती एयरटेल, और पावर ग्रिड समेत निफ्टी के 7 शेयरों में गिरावट रही। ठरए के सभी 11 सेक्टोरल इंडेक्स में तेजी देखने को मिली। मीडिया सेक्टर में सबसे ज्यादा 2.24% की तेजी रही। एफएमसीजी आइटी, मेटल, फार्मा, पीएसयू बैंक और रियल्टी सेक्टर में 1% से ज्यादा की तेजी देखने को मिली। बैंक, ऑटो, फाइनेंशियल सर्विसेज और प्राइवेट बैंक सेक्टर में भी तेजी रही।

## वॉट्सऐप में जल्द सेट कर सकेंगे यूनिक यूजर नेम

**नई दिल्ली।** पॉपुलर मैसेजिंग ऐप वॉट्सऐप में जल्द यूजर नेम सेट करने का ऑप्शन मिलेगा, जिसके जरिए यूजर्स अपने अकाउंट के लिए यूनीक यूजर नेम सेट कर सकेंगे। यूजर एक्पीरियंस और लोगों की प्राइवेसी को और बेहतर बनाने के लिए वॉट्सऐप नया फीचर लाने के लिए काम कर रहा है, जो बीटा वर्जन 2.23.11.15 के डेवलपमेंट फेज में है। यूजर्स को वॉट्सऐप का ये नया फीचर ऐप के सेटिंग के प्रोफाइल सेक्शन में मिलेगा। इसके बाद वॉट्सऐप अकाउंट की पहचान के लिए मोबाइल नंबर पर निर्भर रहने के बजाय एक यूनीक यूजर नेम ऑप्शन भी चूज कर सकेंगे। रिपोर्ट के अनुसार, ये फीचर रोल आउट होने के बाद सभी वॉट्सऐप यूजर्स एक दूसरे को नंबर शेयर किए बिना चैट कर सकेंगे। हालांकि, ये फीचर कैसे काम करेगा और एक बार यूजर नेम सेट करने के बाद यूजर्स कितनी बार उसे बदल सकेंगे? इसके बारे में अभी तक कोई भी जानकारी सामने नहीं आई है। माना जा रहा है कि जल्द ही ये फीचर बीटा टेस्टर्स को अपडेट के जरिए मिलेगा, जिसके बाद इस फीचर के बारे में कई जानकारी सामने आ सकती है।

# संघर्ष विराम के बावजूद भी सूडान में हिंसा जारी

**एजेंसी। खारतूम**



सुडानी सेना और रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आएएसएफ) के बीच खारतूम में सात दिनों के युद्धविराम के बावजूद छिटपुट हिंसा जारी है। सिन्हुआ न्यूज एजेंसी की चश्मदीदों के बयानों पर आधारित रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुवार को ओमदुरमैन शहर और राजधानी खारतूम के दक्षिणी हिस्से में हिंसक झड़प की खबर आई। रिपोर्ट में बताया गया कि सुडानी सेना के युद्धक विमानों ने खारतूम और बहरी शहर के कुछ हिस्सों के ऊपर से उड़ान भरी, इस दौरान आरएसएफ ने एंटी-एयरक्रॉफ्ट मिसाइल का प्रयोग किया। इस हमले को सुडानी सेना ने युद्धविराम का खुला उल्लंघन बताया। सेना ने जवाबी कार्रवाई करते हुए दुश्मनों की छह गाड़ियों को नष्ट कर दिया और कई को जब्त भी किया गया। सुडानीज डॉक्टर्स यूनियन ने कहा है कि 15 अप्रैल से जारी हिंसक संघर्ष में 865 लोगों की मौत हुई है और 3,634 लोग घायल हुए हैं।

## भारत में पॉपुलर कॉर्न चिप्स स्नैक्स एलन्स ब्यूगल्स लॉन्च करेगी

**एजेंसी। मुंबई**

रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड की एफएमसीजी आर्म रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने शुक्रवार (26 मई) को अनाउंसमेंट की है कि वो जल्द ही भारत में पॉपुलर कॉर्न चिप्स स्नैक्स एलन्स ब्यूगल्स लॉन्च करेगी। एलन्स बुगल्स यूके, यूएस और मिडिल ईस्ट जैसे ग्लोबल मार्केट्स में एक बेहद पॉपुलर स्नैक्स ब्रांड है। 10 रुपए में मिलेगा एलन्स ब्यूगल्स आरसीपीएल अब एलन्स ब्यूगल्स के साथ वेस्टर्न स्नैक्स कैटेगरी में कदम रखेगी। एलन्स ब्यूगल्स को पॉकेट फ्रेंडली प्राइस 10 रुपए की शुरूआती कीमत पर बेचा जाएगा। मार्केट में यह ओरिजनल (साल्टेड), टोमेटो और चीज तीन फ्लेवर में मिलेगा। एलन्स ब्यूगल्स जनरल मिल्स के स्वामित्व वाला एक इंटरनेशनल कॉर्न चिप्स स्नैक्स ब्रांड है। एलन्स ब्यूगल्स स्नैक्स ब्रांड 50 साल से ज्यादा समय से चल रहा है। जनरल मिल्स इसके मालिक हैं। मिनियापोलिस के रहने वाले जनरल मिल्स के पोर्टफोलियो में पिल्सबरी, बेट्टी क्रोकर, नेचर वैली, हेगन-डैज, चीयरियोस, ओल्ड एल पासो, एनीज, वंचाई फेरी और अन्य कई पॉपुलर ब्रांड्स शामिल हैं।

## विदेश

# इमरान खान और उनकी पत्नी के विदेश जाने पर लगी रोक





**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान की संघीय सरकार ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी सहित 80 लोगों के नाम नो-फ्लाई सूची में जोड़ने का फैसला किया है। मीडिया ने यह जानकारी दी। समा टीवी ने बताया कि जिन्हें नो-फ्लाई सूची में शामिल किया गया है और विदेश यात्रा पर रोक लगाई गई है उनमें इमरान खान, बुशरा बीबी, पीटीआई नेता मुराद सईद, मलीका बुखारी, फवाद चौधरी और हम्माद अजहर शामिल हैं। समा टीवी ने बताया कि पीटीआई के कासिम सूरी, असद कैसर, डॉ. यास्मीन राशिद और मियां असलम भी नो-फ्लाई लिस्ट में शामिल हैं। संबंधित संस्थानों की अनुशंसा पर पीटीआई के इन सभी नेताओं के नाम सूची में डाले गए। समा टीवी ने बताया कि पुलिस विभाग, राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो और भ्रष्टाचार निरोधक विभाग ने आंतरिक मंत्रालय से इन नामों को नो-फ्लाई सूची में डालने का अनुरोध किया था। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, लाहौर पुलिस ने पीटीआई के 700 से ज्यादा नेताओं के नाम एक महीने के लिए उनकी विदेश यात्रा पर प्रतिबंध लगाने के लिए संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) को भेजे थे। पाकिस्तान की पंजाब सरकार ने भी दंगों और आगजनी में शामिल लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई तेज करने का फैसला किया है। पीटीआई के अध्यक्ष इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद 9 मई को हुई हिंसा में कथित रूप से शामिल होने के कारण 746 पीटीआई नेता और कार्यकर्ता सरकार के रडार पर हैं।

# आईओएस के लिए 11 देशों में लॉन्च हुआ चैटजीपीटी ऐप





**नई दिल्ली।** ओपनएआई ने अपने आईओएस ऐप की उपलब्धता का विस्तार और देशों में किया है। इसे पहले केवल अमेरिकी बाजार के लिए लॉन्च किया गया था। 11 देशों के यूजर्स, जिसमें यूएस, अल्बानिया, क्रोएशिया, फ्रांस, जर्मनी, आयरलैंड, जमैका, कोरिया, न्यूजीलैंड, निकारागुआ, नाइजीरिया और यूके शामिल हैं, सहित ऐप्पल ऐप स्टोर में चैटजीपीटी ऐप डाउनलोड कर सकते हैं। आईओएस पर चैटजीपीटी अभी भारत में नहीं आया है। कंपनी ने कहा, हम आने वाले हफ्तों में और देशों और क्षेत्रों में रोल आउट करना जारी रखेंगे। कंपनी ने शेयर लिंक नामक एक नया फीचर पेश किया। यह फीचर यूजर्स को दूसरों के साथ चैटजीपीटी कन्वर्सेशन और शेयर करने की अनुमति देता है। ओपन एआई ने कहा, आपके शेयर किए गए लिंक के प्राप्तकर्ता या तो कन्वर्सेशन देख सकते हैं या थ्रेड को जारी रखने के लिए इसे अपनी चैट में कॉपी कर सकते हैं। यह फीचर वर्तमान में अल्फा में टेस्टर के एक छोटे ग्रुप के लिए शुरू की जा रही है, आने वाले सप्ताहों में सभी यूजर्स तक इसका विस्तार करने की योजना है। माइक्रोसॉफ्ट समर्थित कंपनी ने बिंग के साथ भुगतान किए गए यूजर्स के लिए वर्तमान में बीटा में ब्राउजिंग फीचर को भी एकीकृत किया।

## मामला

### लैंडिंग से दो मिनट पहले हुई घटना, कूदने की कोशिश कर रहा था आरोपी

# 700 फीट ऊंचाई पर यात्री ने फ्लाइट का गेट खोला

**एजेंसी। सियोल**




साउथ कोरिया में शुक्रवार को एशियाना एयरलाइंस की फ्लाइट में मौजूद एक यात्री ने विमान का दरवाजा खोल दिया। फ्लाइट को लैंड होने में 2 मिनट ही बाकी थे, तभी यात्री ने इमरजेंसी डोर खोल दिया। उस समय विमान 700 फीट की ऊंचाई पर था। गेट खोलने वाले यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, विमान में 6 क्रू मेंबर्स और 194 यात्री सवार थे। इस दौरान 12 यात्री घायल हो गए। एक चश्मदीद ने कहा- अचानक से ऐसा लगा की विमान में धमाका होने वाला है। दरवाजे का पास बैठे यात्री बेहोश होने लगे। कुछ समझ नहीं आ रहा था। फ्लाइट में बच्चे भी थे। वो रो रहे थे। कुछ तो डर से कांप रहे थे। एक अन्य यात्री ने कहा- एक शख्स ने फ्लाइट का दरवाजा खोल दिया। वो फ्लाइट से बाहर कूदने की कोशिश कर रहा था। वहीं, पुलिस ने कहा- हमने इस मामले में एक यात्री को गिरफ्तार किया है। उससे पूछताछ जारी है। उसने शराब नहीं पी थी। हालांकि, उसने ऐसा क्यों किया इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है। एअरबस ए 321-200 की डे8124 फ्लाइट ने जेजू द्वीप से डेगू शहर जाने के लिए भारतीय समय के मुताबिक, सुबह 9:15 बजे उड़ान भरी थी। एक घंटे बाद यात्री ने दरवाजा खोल दिया।

## पेज एक के शेष

### चार ट्रैक्टर व एक पोकलेन...

साथ मारपीट की और भाकपा माओवादी के नाम से संवेदक को लेवी देने हेतु हस्तलिखित पर्चा सौंपते है और आदेश नहीं मानने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी देते हुए दस्ता चला गया। घटना को अंजाम देने के बाद जाते-जाते कोयल शंख जोनल कमिटी भाकपा माओवादी के नाम से पर्चा देते हुए बिना संगठन से बात किए दुबारा कार्य शुरू करने पर जान माल. की नुकसान होने की बात कही।आगजनी की इस घटना में सभी ट्रैक्टर का इंजन और पोकलेन वाहन पूरी तरह जल गया।घटना की सूचना मुंशी अशोक प्रसाद के द्वारा महुआडांड थाना पुलिस को दी गई।घटना की जानकारी मिलते ही शुक्रवार सुबह थाना प्रभारी आशुतोष यादव के नेतृत्व में महुआडांड थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर घटित घटना एवं स्थल का जायजा लिया एवं उग्रवादियों की धड़ पकड़ को लेकर छापेमारी अभियान तेज कर दिया है। एसडीपीओ राजेश कुजूर ने बताया कि लेवी की मांग को लेकर इस घटना को अंजाम दिया गया है।घटना की जानकारी मिलते ही नक्सलियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी शुरू कर दिया गया है।

### नक्सलियों के विरोध में...

ग्रामीणों की मौत का आंकड़ा रुकने के बजाय हर दिन बढ़ता ही जा रहा है। जंगल में जाना ग्रामीणों के लिए मजबूरी है तो नक्सलियों के खात्मे के लिए सुरक्षाबलों के लिए भी जंगलों में उतरना बेहद जरूरी।बेबस हैं ग्रामीणः ऐसे में ग्रामीणों और सुरक्षा बलों, दोनों का ही बारूदी सुरंगों से सामना हो रहा है। इसके आंकड़े बेहद चौंकाने वाले हैं, पिछले साल नवंबर महीने से लेकर अब तक झारखंड पुलिस के 18 जवान नक्सलियों के द्वारा लगाए गए आईडी विस्फोट की वजह से घायल हुए हैं। लेकिन उससे बुरी स्थिति ग्रामीणों की है। नक्सलियों द्वारा लगाए गए बारूदी सुरंग में विस्फोट से अब तक 10 ग्रामीण अपनी जान गवां चुके हैं जबकि कई अपंग हो चुके हैं। सुरक्षाबलों को लगातार बनाया जा रहा निशानाः कोल्हान के रेंगरा, टोंटो और टुम्बाहाता तीन ऐसे इलाके हैं, जहां के जंगलों में कदम कदम पर जमीन के नीचे नक्सलियों ने मौत का सामान बिछा कर रखा है। इन जंगली इलाकों में विस्फोट होने की वजह से 11 ग्रामीण अपनी जान गंवा चुके हैं। स्थिति यह है कि बाइक से भी जंगल में अभियान पर निकले जवान लैंड माइंस का शिकार हो रहे हैं।कोबरा के जवान सबसे ज्यादा हुए हैं घायलः पिछले साल नवंबर महीने से कोल्हान इलाके में नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच घमासान मचा हुआ है। इस जंग में सबसे ज्यादा नुकसान कोबरा के जवानों को उठाना पड़ा है। 209 कोबरा बटालियन के जवान हर हाल में कोल्हान से नक्सलियों को खदेड़ने या फिर मार गिराने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे में नुकसान सबसे ज्यादा कोबरा के जवानों को ही हुआ है। लगातार घायल हो रहे जवानः नवंबर 2022 से लेकर अब तक 16 सुरक्षा बल कोल्हान में आईईडी विस्फोट की वजह से घायल हुए हैं। 209 कोबरा बटालियन के इंस्पेक्टर प्रभाकर साहनी, हवलदार अलख दास, मुकेश कुमार सिंह, अजय लिंडा, भरत सिंह राय, फारुकी शाहरुख खान, वीरपाल सिंह, प्रिंस सिंह, अमरेश सिंह, सौरभ कुमार, संतोष और चिरंजीव पात्रे विस्फोट में घायल हुए हैं। इनमें से अधिकांश जवान चोट से उबर चुके हैं लेकिन कई अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। वहीं सीआरपीएफ के कई जवान कोल्हान में घायल हुए हैं, उनमें इंशार अली, राकेश कुमार पाठक, पंकज कुमार यादव और संजीव कुमार शामिल हैं।

### मौसम ने बदला...

मृतकों में 2 पलामू तथा एक-एक रांची के राहे, खूंटी, चतरा, बेरमो और हजारीबाग के हैं। मानसून से पहले ही मौसम ने यह संकेत दे दिए है कि इस बार मानसून जब दस्तक दे तो ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। मौसम विभाग के अनुसार अभी 27 तक मौसम का मिजाज ऐसा ही रहने की संभावना है। 27 मई के बाद मौसम फिर बदलेगा एक बार फिर पारा चढ़ सकता है जिससे गर्मी फिर सतायेगी। झारखंड के कई जिलों में हुई इस बारिश ने गर्मी से थोड़ी राहत दी है। हवा इतनी तेज थी कई जगहों पर आंधी से कई पेड़ उखड़ गए तो कई जगह घरों के छप्पर उड़ गए। गिरिडीह में अचानक बदले मौसम के मिजाज ने मौसम बदल दिया।दोपहर 2.45 बजे से लेकर शाम 4.45 बजे तक बारिश हुई। झारखंड के कई जिलों में गुरुवार शाम को अचानक मौसम का मिजाज बदला और जोरदार गरज के साथ क्षेत्र में झमाझम बारिश हुई। रांची के ग्रामीण इलाकों में बारिश की वजह से काफी नकुसान हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में दक्षिणी पश्चिमी मानसून की प्रक्रिया शुरू है। 28 मई के बाद रांची समेत कई हिस्सों में बारिश में कमी आ सकती है। इसके बाद एक बार फिर गर्मी परेशान कर सकती है।

### नए संसद भवन ...

उनमें से कुछ को री-ट्वीट करूंगा #MyParliamentMyPride का इस्तेमाल करना न भूलें। उल्लेखनीय है कि नए संसद भवन का उद्घाटन समारोह 28 मई को सुबह हवन और सर्व-धर्म प्रार्थना के साथ शुरू होगा।

### नए संसद भवन के उद्घाटन....

कार्यक्रम के इस चरण की शुरूआत राष्ट्रगान के साथ होगी और इसके बाद दो शार्ट डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई जायेगी। राज्य सभा उपसभापति हरिवंश, राष्ट्रपति मुर्मू और उपराष्ट्रपति धनखड़ का बधाई संदेश पढ़ेंगे। राज्य सभा में विपक्ष का नेता होने के तौर पर मल्लिकार्जुन खरगे के भी बोलने का कार्यक्रम तय है। हालांकि कांग्रेस ने इस उद्घाटन कार्यक्रम का बहिष्कार करने का ऐलान कर रखा है। संसद भवन परिसर के कस्टोडियन होने के नाते लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला भी कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। संसद के इस नए भवन के उद्घाटन कार्यक्रम को यादगार और स्मरणीय बनाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी इस अवसर पर 75 रुपये का नया सिक्का भी जारी करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन के साथ ही इस उद्घाटन कार्यक्रम का समापन होगा।

### आयकर विभाग के फैसले...

अलग-अलग याचिकाएं भी खारिज कर दीं, जिनमें समान कानूनी मुद्दे उठाए गए थे। गांधी परिवार ने आयकर प्रधान आयुक्त द्वारा आकलन वर्ष 2018-19 के लिए अपने मामलों को सेंट्रल सर्किल में स्थानांतरित करने के संबंध में जारी आदेश को चुनौती दी थी। सेंट्रल सर्किल को कर चोरी की जांच तथा इसकी रोकथाम का काम सौंपा गया है। वह तलाशी के दौरान जांच शाखा द्वारा एकत्र किए गए सबूतों को अपने कब्जे में ले लेता है। न्यायमूर्ति मनमोहन और न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा की पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा, याचिकाकताओं के मूल्यांकन को कानून के अनुसार सेंट्रल सर्किल में स्थानांतरित कर दिया गया है। वर्तमान रिट याचिकाएं खारिज की जाती हैं। गांधी परिवार ने अपने मामले सेंट्रल सर्किल को स्थानांतरित किए जाने का विरोध करते हुए दलील दी थी कि उनका संजय भंडारी समूह के मामलों से कोई लेना-देना नहीं है। धन शोधन के आरोपों में भारत में वांछित भंडारी के प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाद्रा के साथ, लंदन स्थित फ्लैट को लेकर कथित संबंध बताए जाते हैं। वाद्रा ने भंडारी के साथ कोई भी कारोबारी संपर्क होने से इंकार किया है।

### यह नोटबंदी ...

कि बैंकनोटों को वापस लेने का निर्णय केंद्र सरकार द्वारा किया गया है। याचिका में कहा गया है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने आम जनता पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों पर पर्याप्त रूप से विचार किए बिना बैंक नोटों को संचलन से वापस लेने का इतना महत्वपूर्ण और मनमाना कदम उठाने के लिए स्वच्छ नोट नीति के अलावा कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है। आरबीआई की स्वच्छ नोट नीति के प्रावधानों का उल्लेख करते हुए, जनहित याचिका बताती है कि किसी भी मूल्यवर्ग के क्षतिग्रस्त, नकली या गंदे नोटों को आम तौर पर संचलन से वापस ले लिया जाता है और नए मुद्रित नोटों के साथ बदल दिया जाता है। याचिका में 2,000 रुपये के बैंक नोट को वापस लेने के प्रभाव पर चिंता जताते हुए दावा किया गया है कि छोटे विक्रेताओं और दुकानदारों ने पहले ही इसे स्वीकार करना बंद कर दिया है।




पवित्र सेंगोल को वॉकिंग स्टिक के रूप में संग्रहालय में रखा गया

# कांग्रेस भारतीय संस्कृति से नफरत क्यों करती है : शाह

**एजेंसी। नई दिल्ली**



कांग्रेस के 'सेंगोल' को लेकर भाजपा पर झूठी कहानी फैलाने का आरोप लगाने के तुरंत बाद, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सवाल किया कि प्रमुख विपक्षी पार्टी भारतीय परंपरा और संस्कृति से नफरत क्यों करती है और इलाहाबाद संग्रहालय में रखे पवित्र 'सेंगोल' को 'वॉकिंग स्टिक' क्यों कहती है। शाह ने कांग्रेस पर पलटवार करने के लिए ट्विटर का सहारा लिया और कहा, कांग्रेस पार्टी भारतीय परंपराओं और संस्कृति से इतनी नफरत क्यों करती है? भारत की स्वतंत्रता के प्रतीक के तौर पर तमिलनाडु के एक पवित्र शैव मठ ने पंडित नेहरू को एक पवित्र सेंगोल दिया था लेकिन इसे एक 'वॉकिंग स्टिक' के रूप में एक संग्रहालय में रख दिया गया था। शाह की यह टिप्पणी कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश के शुक्रवार के उस बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि भाजपा 'सेंगोल' पर 'झूठी कहानी' फैला रही है।

कांग्रेस के संचार प्रभारी रमेश ने एक ट्वीट में कहा, क्या यह कोई आश्चर्य की बात है कि नई संसद को व्हाट्सएप विश्वविद्यालय से आम तौर पर झूठे आख्यानों के साथ पवित्र किया जा रहा है? अधिकतम दावे, न्यूनतम साक्ष्य। रमेश ने कहा कि तत्कालीन मद्रास प्रांत में एक धार्मिक प्रतिष्ठान द्वारा परिकल्पित और मद्रास शहर में तैयार किया गया एक राजसी दंड वास्तव में अगस्त 1947 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू को दिया गया था। उन्होंने कहा, माउंटबेटन, राजाजी और नेहरू द्वारा इस दंड को भारत में ब्रिटिश सत्ता के हस्तांतरण के प्रतीक के रूप में वर्णित करने का कोई भी दस्तावेजी साक्ष्य नहीं है। इस आशय के सभी दावे शुद्ध रूप से फर्जी हैं। पूरी तरह से कुछ लोगों के दिमाग की उपज हैं जिसे व्हाट्सऐप पर फैलाया गया, और अब मीडिया में ढोल पीटने वालों के सौंप दिया गया है। राजाजी के बारे में जानकार दो बेहतरीन और त्रुटिहीन साख वाले विद्वानों ने आश्चर्य व्यक्त किया है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद ने कहा कि बाद में इस दंड को इलाहाबाद संग्रहालय में प्रदर्शन के लिए रखा गया था। उन्होंने कहा, लेबल पर चाहे कुछ भी लिखा हो नेहरू ने 14 दिसंबर 1947 को जो कुछ भी कहा वह सार्वजनिक रिकॉर्ड का विषय है। उन्होंने कहा, तमिलनाडु में अपने राजनीतिक फायदे के लिए अब प्रधानमंत्री और उनके ढोल बजाने वालों द्वारा दंड का इस्तेमाल किया जा रहा है। यह इस ब्रिगेड की खासियत है जो अपने विकृत उद्देश्यों के अनुरूप तथ्यों को उलझाती है। असली सवाल यह है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को नए संसद भवन का उद्घाटन क्यों नहीं करने दिया जा रहा है। अपने ट्वीट के साथ रमेश ने इलाहाबाद संग्रहालय से एक समाचार रिपोर्ट और पंडित नेहरू की टिप्पणी भी संलग्न की है। पीएम मोदी 28 मई को नए चार मंजिला नए संसद भवन का उद्घाटन करने वाले हैं। यह मुद्दा एक बड़े विवाद में फंस गया है। विपक्षी दलों का तर्क है कि उद्घाटन राष्ट्रपति मुर्मू (देश की प्रमुख) को करना चाहिए न कि प्रधानमंत्री मोदी (सरकार के प्रमुख) को।

यहां तक कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने भी विपक्षी दलों की आलोचना करते हुए ट्वीट की एक श्रृंखला में कहा, नए संसद भवन के उद्घाटन का बहिष्कार करने वाली अधिकांश पार्टियों में क्या समानता है? उत्तर सरल है - वे वंशवादी राजनीतिक दल हैं, जिनके हमारे संविधान में गणतंत्रवाद और लोकतंत्र के सिद्धांतों के साथ विरोध के राजशाही तरीके हैं।

# राजस्थान में तूफानी बारिश, टोंक जिले में 12 की मौत

**एजेंची। राजस्थान**



राजस्थान में गुरुवार देर रात तेज अंधड़ के साथ आई बारिश ने जबरदस्त कहर बरपाया। राजधानी जयपुर और आसपास के जिलों में 96 किलोमीटर की प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवा चली। तेज आंधी के कारण कई इलाके में बिजली के खंभे गिरने और पेड़ उखड़ने से कई इलाके अंधेरे में डूब गए। तूफान बारिश के कारण टोंक जिले में 12 लोगों की मौत हो गई है। पुलिस के अनुसार टोंक शहर में दादा, पोता और पोती समेत तीन की और जिले के निवाई में दो बच्चों समेत तीन की मौत हुई। इसके अलावा देवली के टोकरावास और आवां में एक-एक, मालपुरा में दो और टोडारायसिंह और उनियारा में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है। जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने बताया कि प्रशासन रात से ही एक्टिव है। रात को ही हमारे उपखंड अधिकारी और तहसीलदार प्रभावित क्षेत्रों में चले गए थे। उन्होंने कहा कि अभी तक 12 मौतों की सूचना हमारे पास आई है। कुछ घायल भी हैं। मैंने अस्पताल जाकर घायलों से उनका कुशलक्षेम जाना है। जिन लोगों को चोटें आई हैं, मकान गिरे हैं, उनसे हमने बात की है। फील्ड स्टॉफ सर्वे कर रहा है, नियमानुसार पीड़ितों को सहायता दी जाएगी। बिजली, पानी और मोबाइल नेटवर्क से संबंधित परेशानियों को भी संबंधित अधिकारियों के साथ मीटिंग करके दुरुस्त करवाया जा रहा है। जिले भर में पेड़, टीन शेड, बिजली के पोल गिरने के बाद बिजली गुल होने से परेशानी ज्यादा बढ़ गई है। ग्रामीण इलाकों में पिछले 15 घंटों से बिजली आपूर्ति ठप है। नेट कनेक्टिविटी के साथ मोबाइल नेटवर्क भी कई स्थानों पर बाधित है।

सैकड़ों की तादाद में परिंदों और दो दर्जन से ज्यादा मवेशियों के मरने की भी सूचना है। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को भी राज्य के उत्तरी भागों गंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, चूरू, झुंझुनू, सीकर, अलवर, नागौर, जयपुर, दौसा, भरतपुर, धौलपुर और करौली जिलों में दोपहर बाद अंधड़-बारिश के साथ-साथ कहीं-कहीं ओलावृष्टि होने की प्रबल संभावना है। बीकानेर, जयपुर, भरतपुर, अजमेर, कोटा संभाग के जिलों में आज भी आंधी-बारिश का दौर जारी रह सकता है।

# बंगाल भर्ती घोटाला में सुप्रीम कोर्ट का अभिषेक बनर्जी के खिलाफ ईडी

## सीबीआई जांच पर रोक से इनकार

**एजेंसी। नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के उस निर्देश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया जिसमें पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के स्कूल भर्ती घोटाले में तृणमूल कांग्रेस नेता अभिषेक बनर्जी के खिलाफ सीबीआई और ईडी को जांच की अनुमति दी गई थी। न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी और पी.एस. नरसिम्हा की खंडपीठ ने कहा कि जहां तक जांच का सवाल है, अदालत दखल देने की इच्छुक नहीं है। हालांकि पीठ ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पर 25 लाख रुपये का जुर्माना लगाने के उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का प्रतिनिधित्व कर रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश में केवल यह कहा गया है कि यदि आप चाहें तो जांच करें और उस आदेश से जांच एजेंसी के पास स्वतंत्र रूप से जांच की शक्ति है। राजू ने कहा, वह शक्ति अबाध है और इसे छीना नहीं जा सकता है।

## सुप्रीम कोर्ट ने सत्येंद्र जैन को दी 6 हफ्तों की सशर्त जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आप के नेता और दिल्ली सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री सत्येंद्र जैन को मेडिकल ग्राउंड पर छह सप्ताह के लिए अंतरिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी और पी.एस. नरसिम्हा ने जैन को अपनी पसंद के एक निजी अस्पताल में इलाज कराने के लिए छह सप्ताह के लिए अंतरिम जमानत दी और कहा कि जमानत ट्रायल कोर्ट द्वारा लगाई गई शर्तों के अधीन होगी। पीठ ने कहा कि जैन इस दौरान मीडिया को कोई बयान नहीं देंगे और गवाहों को प्रभावित करने का प्रयास भी नहीं करेंगे।

## कंबोडिया के राजा नोरोडोम सिहामोनी 29 मई को आएंगे भारत

**नई दिल्ली।** कंबोडिया के राजा नोरोडोम सिहामोनी 29 मई से 31 मई के बीच भारत की राजकीय यात्रा पर भारत आएंगे। छह दशक बाद कंबोडिया के राजा भारत आ रहे हैं। इससे पहले 1963 में वर्तमान राजा के पिता भारत आए थे। विदेश मंत्रालय के सचिव (पूर्व) सौरभ कुमार ने शुक्रवार को एक विशेष पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राजा सिहामोनी राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगे। इस दौरान द्विपक्षीय और बहुपक्षीय मुद्दों पर चर्चा होगी। सचिव सौरभ ने कहा कि यह यात्रा दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने का अवसर प्रदान करेगी। भारत सरकार द्वारा कंबोडिया में हिंदू मंदिरों का जीर्णोद्धार और संरक्षण द्विपक्षीय सहयोग के सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक है।

## बिहार में मुखिया की गोली मारकर हत्या

**मधेपुरा।** बिहार के मधेपुरा जिला के मुरलीगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार को अपराधियों ने दिनदहाड़े एक पंचायत के मुखिया की गोली मारकर हत्या कर दी और फरार हो गए। हत्या के कारणों का अबतक पता नहीं चला है। पुलिस के मुताबिक, सखुआ पंचायत के मुखिया दिलीप कुमार किसी निजी काम से बाजार जा रहे थे। इसी दौरान दीनापट्टी नहर के समीप अज्ञात अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी। इस घटना में मुखिया की मौत हो गई। अपराधियों की संख्या पांच से छह बताई जा रही है, जो बाइक पर सवार होकर आए थे। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग आक्रोशित हो गए। इधर, पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जांच में जुटी है। पुलिस का कहना है कि हत्या के कारणों का अब तक पता नहीं चला है।

# सिद्दारमैया ने सोनिया-राहुल से की मुलाकात



**एजेंसी। नई दिल्ली**

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने शुक्रवार को कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। सिद्दारमैया सोनिया गांधी के आवास 10 जनपथ पहुंचकर कांग्रेस के दोनों शीर्ष नेताओं से मिले। मुख्यमंत्री अपने मंत्रिमंडल के विस्तार के संदर्भ में पार्टी के नेतृत्व के साथ चर्चा के लिए इन दिनों दिल्ली दौरे पर हैं।

# तीन साल में यूपी में क्रियाशील होंगे 22 एयरपोर्ट : ज्योतिरादित्य

**एजेंसी। कानपुर**

कानपुर एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन के उद्घाटन के अवसर पर भारत सरकार के नगर विमानन मंत्री (सिविल एविएशन मिनिस्टर) ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि कानपुर के लोगों को विश्वास दिलाता हूं कि जल्द ही कानपुर को राजधानी दिल्ली से जोड़ने के लिए कदम उठाया जाएगा। यही नहीं, अभी हमने 59 नए रूट घोषित किए हैं और भविष्य में 122 नए रूट घोषित किए जाएंगे। कानपुर को पंतनगर के साथ, अलीगढ़ के साथ, मुरादाबाद के साथ और श्रावस्ती के साथ जोड़ने की हमारी कल्पना है। प्रदेश में जहां आज 11 हवाई अड्डे प्रचलित हैं, आने वाले तीन साल में 11 अतिरिक्त हवाई अड्डों की हम शुरूआत करेंगे। कुल 22 हवाई अड्डे उत्तर प्रदेश में स्थापित किए जाएंगे। चाहे चित्रकूट हो, मुरादाबाद हो, झांसी हो, गाजीपुर हो, अलीगढ़ हो, आजमगढ़ हो, सहारनपुर हो या श्रावस्ती, इन सभी जगहों पर एयरपोर्ट की सुविधा प्रदान की जाएगी। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि आज कानपुर के लोगों की आंखों में एक नई चमक दिख रही है। इस चमक के पीछे दो कारण है। पहला, अभी जो नगर निकाय चुनाव हुए उसमें उत्तर प्रदेश की डबल इंजन सरकार अब ट्रिपल इंजन सरकार में परिवर्तित हो चुकी है। दूसरा कारण, कानपुर में बहुप्रतीक्षित एयरपोर्ट के विस्तृतीकरण और आधुनिकीकरण की जो मांग थी, उसे आज पूरा करते हुए नया एयरपोर्ट टर्मिनल जनता को समर्पित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में 5 अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट संचालित हो रहे हैं और आने वाले समय में जेवर और अयोध्या भी इससे जुड़ेंगे।




## 'रुसलान' टाइटल को लेकर सलमान खान के जीजा को कोर्ट का नोटिस




**दिल्ली** की एक अदालत ने शुक्रवार को बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के जीजा और अभिनेता आयुष शर्मा, निमार्ता के.के. राधामोहन और दक्षिण भारतीय अभिनेता जगपति बाबू को उनकी आने वाली फिल्म 'रुसलान' के खिलाफ याचिका पर सुनवाई के बाद नोटिस जारी किया। पटियाला हाउस कोर्ट के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश सत्यव्रत पांडा ने याचिका पर सुनवाई करते हुए सभी प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया और एक सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा। मामले को 9 जून को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

## खेलो इंडिया समारोह में कैलाश खेर खो बैठे आपा



**गुरुवार** रात खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के उद्घाटन समारोह में प्रस्तुति देने पहुंचे मशहूर गायक कैलाश खेर समारोह के दौरान आपा खो बैठे। वायरल हुए वीडियो में खेर गुस्से में यह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि उन्हें एक घंटे तक इंतजार कराया गया। उन्होंने दर्शकों से शिष्टाचार सीखने को कहा। वह कहते हैं, यह कैसा खेलो इंडिया है? क्या ऐसा होता है? यह इस तरह काम नहीं करता है और आगे कहते हैं कि कल्पना कीजिए कि एक स्टार को इतना नुकसान उठाना पड़ा। खिलाड़ियों को कितना नुकसान उठाना पड़ा होगा। खबरों में कहा गया है कि कैलाश खेर करीब एक घंटे तक ट्रैफिक जाम में फंसे रहे, इससे वह नाराज हो गए।

योगदान | 8वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह, बोले मांडविया

# फार्मास्युटिकल उद्योग बहुत मजबूत-भरोसेमंद

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि भारत का फार्मास्युटिकल उद्योग मजबूत और भरोसेमंद है। इसकी वजह से देश न केवल महामारी के दौरान दवाओं की अपनी मांग की आपूर्ति कर सका, बल्कि 150 देशों को दवाएं भेजी भी। डॉ. मनसुख मांडविया शुक्रवार को फार्मा और चिकित्सा उपकरण क्षेत्र पर 8वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

फार्मास्युटिकल्स विभाग द्वारा फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) के सहयोग से भारत को फार्मास्युटिकल और मेडिकल डिवाइस सेक्टर में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा उत्पादों के विनिर्माण केंद्र के रूप में बढ़ावा देने के लिए इस दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर डॉ. मांडविया ने राष्ट्रीय चिकित्सा उपकरण नीति, 2023 का अनावरण किया और चिकित्सा उपकरणों के लिए निर्यात संवर्धन परिषद का शुभारंभ किया। इसके अतिरिक्त, केंद्रीय मंत्री ने 'सामान्य सुविधाओं के लिए चिकित्सा उपकरण समूहों के लिए सहायता (एएमडी-सीएफ)' नामक एक योजना भी शुरू की। इस योजना का उद्देश्य चिकित्सा उपकरण समूहों में सामान्य बुनियादी सुविधाओं की स्थापना और उन्हें मजबूत करना और चिकित्सा उपकरणों के लिए परीक्षण सुविधाओं को मजबूत करना है। डॉ. मांडविया ने कहा कि भारत को विश्व का फामेर्सी कहा जाता है, आने वाले वर्षों में देश न केवल घरेलू जरूरतों को पूरा करेगा बल्कि वैश्विक मांग को भी पूरा करने में अधिक योगदान देगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि अगर हमें 'दुनिया की फामेर्सी' बने रहना है, तो हम फार्मास्युटिकल उत्पादों की गुणवत्ता में कोई ढिलाई नहीं बरत सकते, हमारे उत्पादों को वैश्विक बाजार में सस्ता और प्रतिस्पर्धी भी होना चाहिए।

## आशीष विद्यार्थी ने बताई दोबारा शादी करने की वजह



**बॉलीवुड** के जाने माने अभिनेता आशीष विद्यार्थी की दूसरी शादी की इस समय हर तरफ चर्चा हो रही है। इनकी शादी की कई तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर वायरल होती नजर आ रही हैं। बॉलीवुड के विलेन कहे जाने वाले आशीष विद्यार्थी ने दूसरी बार शादी की है। आशीष विद्यार्थी ने रुपाली बरुआ के साथ शादी के बंधन में बंधने के साथ एक नई जिंदगी की शुरूआत की। अब उन्होंने विस्तार से बताया है कि उन्होंने दोबारा शादी क्यों की और उनकी पहली मुलाकात कैसे हुई। आशीष विद्यार्थी ने हाल ही में फेसबुक पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में उन्होंने अपने तलाक, शादी, शादी की उम्र और पहली पत्नी से प्रेम कहानी के बारे में बताया है। इस बार उन्होंने अपने फैंस को ये भी बताया है कि उनकी उम्र 60 साल नहीं बल्कि 57 साल है। उन्होंने इस वीडियो में कहा, मैंने अपनी पत्नी राजोशी बरुआ उर्फ पीलू विद्यार्थी को तलाक दे दिया है। उसके बाद कहीं न कहीं मुझे लगा कि मुझे दूसरी शादी कर लेनी चाहिए। क्योंकि मेरा मन मुझसे कह रहा था कि मुझे अपनी बाकी की जिंदगी अपने पार्टनर के साथ बितानी चाहिए। मैं इसके बारे में सोचने लगा। इस सोच के समय, मैं 55 साल का था और मैंने दृढ़ निश्चय कर लिया था कि मुझे फिर से शादी करनी है। फिर रुपाली बरुआ मेरी जिंदगी में आईं। हम आपस में बातें कर रहे थे। चैटिंग के कुछ दिन बाद हम एक दूसरे से मिले। इसके बाद हमें अहसास हुआ कि हमारे रिश्ते में दोस्ती से बढ़कर भी कुछ है।